दैनिक
राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत उत्तर भारत विशेष कर मालवा जोन ( हरियाणा ) का एकमात्र दैनिक समाचारपत्र
DAILY BHARAT DESH HAMARA KARNAL

# भारत देश हमारा

Postal Regd. No. PKL-235/2024-26
www.bharatdeshhamara.com,E-mail-bdhkarnal@gmail.com
करनाल
मुख्य सम्पादक - जगजीत सिंह दर्दी  संपादक - डा.के.के.संधू  प्रबन्ध संपादक: सुरेन्द्र सिंह छत्तवाल

PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227  वर्ष 9 अंक 170 रविवार 21 जून, 2026  Sunday 21 June, 2026  मूल्य 2/- रूपए , कुल पृष्ठ 12  मोब :9416406615,7404278000,9215537704




## प्रेम प्रसंग में पति की हत्या, पत्नी और भतीजा अरेस्ट

पानीपत, 20 जून (निस) हरियाणा के पानीपत जिले के गढ़सरनाई गांव में हुए मदन हत्याकांड की ब्लाइंड मर्डर मिस्ट्री को पुलिस ने सुलझा दिया है। जांच में सामने आया कि मृतक की पत्नी पिंकी ने प्रेम प्रसंग के चलते अपने भतीजे विशाल के साथ मिलकर पति मदन की हत्या की साजिश रची थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अरेस्ट किया है,( **शेष पृष्ठ दो पर** )

# हरियाणा में होगा एआई सैंडबॉक्स लांच - मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

## अर्जुन एसपीबी होगी गठित, समीक्षा के लिए हर तीसरे माह बैठक

## प्रदेश का होगा अपना एआई स्टेट डाटा सेंटर

**चंडीगढ़, 20 जून ( डॉ. के.के संधू ):** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में हरियाणा क्लीन एयर प्रोजेक्ट फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट तथा हरियाणा ए आई डेवलपमेंट प्रोजेक्ट तैयार किए गए हैं। इनके माध्यम से लोगों को बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी।मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी शनिवार को राज्य में शुरू क्लीन एयर और ए आई प्रोजेक्ट की विस्तार से समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, प्रधान सचिव अरूण गुप्ता, आयुक्त एवं सचिव क्रीड जे गणेशन, संयुक्त सचिव दीपक कुमार, क्रीड के सीपीओ नितिन बसंल, निनाद राजपुत, पुलीन सिंह, सांगर जैन सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद




रहे।मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा क्लीन एयर प्रोजैक्ट के तहत 3647 करोड़ रुपए खर्च किए जाएगें। इसमें हरियाणा प्रदुषण नियत्रण बोर्ड, गुरूग्राम मेट्रोपोलिटन सिटी बस सेवा, हरियाणा सिटी बस सेवा, विकास एवं पंचायतविभाग, कृषि एवं किसान कल्याण, परिवहन, उद्योगिक एवं वाणिज्य तथा शहरी स्थानीय निकाय विभाग सहित 9 विभाग मिलकर कार्य करेंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि अर्जुन एसपीबी गठित कर प्रोजैक्ट की हर तीसरे माह बैठक आयोजित कर समीक्षा की जाएगी ताकि इन्हें जल्द से जल्द पूरा कर जनता को लाभ दिया जा सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा एआई डिवलेपमेंट प्रोग्राम के तहत पंचकूला में स्टेट एआई डाटा सेंटर व गुरूग्राम में जीएआईसी ( **शेष पृष्ठ दो पर** )

# पीएम मोदी ने ओडिशा में 47,000 करोड़ की परियोजनाएं समर्पित कीं,राष्ट्रपति मुर्मू के ससुराल को सोलर गाँव बनाने की घोषणा

**मयूरभंज,20 जून ( निस ) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ओडिशा के मयूरभंज जिले में 47,600 करोड़ से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के ससुराल पहाड़पुर गाँव को सोलर गाँव के रूप में विकसित करने की घोषणा की। यह कार्यक्रम राज्य में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) सरकार के दो साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ था, जिसमें मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी मौजूद रहे।राष्ट्रपति मुर्मू के 68वें जन्मदिन पर प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें शुभकामनाएँ देकर कहा कि उन्होंने केवल मयूरभंज ही नहीं, बल्कि पूरे ओडिशा की पहचान को मजबूत किया है। पीएम मोदी राष्ट्रपति के साथ उनके ससुराल पहाड़पुर भी गए, जहाँ उन्होंने कौशल प्रशिक्षण हब में छात्राओं से बातचीत की। उन्होंने




संथाल समुदाय के पवित्र स्थल संथाली जाहेरा और हो जाहेरा में भी पूजा-अर्चना की। पहाड़पुर को सोलर गाँव बनाने की घोषणा कर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हर घर तक सौर ऊर्जा पहुँचाई जाएगी और इस कोणार्क सूर्य मंदिर की तरह एक नए आदर्श गाँव के रूप में पहचान मिलेगी।प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में ओडिशा को उत्सव और विकास दोनों का केंद्र बताया। उन्होंने कहा कि 2036 में ओडिशा के गठन के 100 साल और 2047 में देश की आज़ादी के 100 साल पूरे होने वाले और ओडिशा का विकास ही विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करेगा। कांग्रेस पर निशाना साधकर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनके शासनकाल में पूर्वी भारत पिछड़ेपन का प्रतीक रहा, लेकिन अब यह क्षेत्र विकास का नया प्रवेश द्वार बन रहा है। उन्होंने बताया कि ओडिशा में लगभग 20 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव आए हैं। इस दौर के दौरान जिन प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया, उनमें 600 मेगावॉट का अपर इंद्रावती पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट, आईबी थर्मल पावर स्टेशन का स्टेज-II विस्तार, और झारसुगुड़ा में भारत कोल गैसीफिकेशन एंड केमिकल्स लिमिटेड (बीसीजीसीएल) प्रोजेक्ट शामिल हैं।इसके अतिरिक्त, भुवनेश्वर में 300 टन क्षमता वाले कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट ( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## उद्धव ठाकरे की मुश्किलें बढ़ेंगी, अब कुछ एमएलसी एवं पार्षद भी बगावत पर अड़े

मुंबई, 20 जून (निस) उद्धव ठाकरे की शिवसेना में एक और बड़ी फूट सामने आई है। 14 जून को मातोश्री में उद्धव द्वारा बुलाई गई सांसदों की बैठक में नौ में से केवल चार सांसद पहुंचे, जिससे पार्टी में बड़ी दरार का संकेत दे दिया था। इसके बाद 16 जून को 6 सांसद दिल्ली पहुंचे और 17 जून को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मिले। उसी शाम, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सारे समीकरण बदल दिए। शिंदे ने सभी छह सांसदों से बात की और उन्हें शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल होने के लिए राजी किया। सूत्रों के अनुसार, डिप्टी सीएम शिंदे की यही कॉल टर्निंग पॉइंट साबित हुई। उन्होंने सांसदों को अगले लोकसभा चुनाव में टिकट और उनके भविष्य को सुरक्षित करने का भरोसा दिया। ये सभी सांसद 20( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## भाजपाध्यक्ष नितिन नबीन का पंजाब पहुंचने पर भव्य स्वागत,श्री दरबार साहिब में माथा टेका,कहा - सत्ता परिवर्तन होकर रहेगा


**अमृतसर 20 जून( निस ):-** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने शनिवार को श्री हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) का दौरा किया और देश भर में शांति, सांप्रदायिक सद्भाव और समृद्धि के लिए प्रार्थना की, जिसमें पंजाब की भलाई पर विशेष ध्यान दिया गया।अपनी यात्रा के दौरान, नबीन ने लंगर हॉल में सेवा कार्य में भी भाग लिया, जहाँ



उन्होंने बर्तन धोए। यह कार्य विनम्रता, सेवा और निस्वार्थ भक्ति की सिख परंपरा को दर्शाता है। दर्शन करने के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि इस पवित्र स्थल पर आकर उन्हें गर्व महसूस हुआ और उन्होंने सरबत दा भला (पूरी मानवता का कल्याण), देश की शांति व प्रगति और पंजाब की समृद्धि के लिए अरदास की। सोशल मीडिया पर अपना अनुभव साझा करते हुए, नबीन ने इस यात्रा को अत्यंत विनम्रतापूर्ण अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि लंगर हॉल में सेवा करने से सेवा और समानता के उन मूल्यों को और बल मिला जो सिख शिक्षाओं के केंद्र में हैं।इस यात्रा के दौरान BJP के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ भी उनके साथ थे। बाद में नेताओं ने( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त जारी की

**नई दिल्ली 20 जून ( निस ) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बंगाल की धरती से पीएम मोदी ने किसानों को बड़ी सौगात दी है। किसानों को जिस चीज का 13 मार्च 2026 के बाद का इंतजार था, आखिरकार उनका यह इंतजार खत्म हो चुका है। पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के तारकेश्वर से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त जारी की। इस अवसर पर देशभर के



करोड़ों किसानों के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए 2,000-2,000 की राशि भेजी गई।किसानों के खाते में 23वीं किस्त के 2-2 हजार आना शुरू हो चुके हैं। अगर आप एक( **शेष पृष्ठ दो पर** )

# भारत बनेगा कुशल सेमीकंडक्टर पेशेवरों का केंद्र -अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली,20 जून( निस ) :** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की है कि भारत वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में कुशल मानव संसाधन का एक प्रमुख केंद्र बनने के लिए तैयार है। उन्होंने पटना में कहा कि इस क्षेत्र में 10 लाख पेशेवरों की वैश्विक कमी को देखते हुए, यह देश के लिए एक बड़ा अवसर है। मंत्री वैष्णव ने बताया कि लगभग 800 अरब डॉलर का वर्तमान सेमीकंडक्टर उद्योग एक वर्ष के भीतर 1 ट्रिलियन डॉलर को पार




कर जाएगा, जिससे 2032 तक लगभग 10 लाख नई नौकरियां पैदा होंगी। उन्होंने कहा कि इस अवसर का लाभ उठाने के लिए भारत को सेमीकंडक्टर डिजाइन और विनिर्माण पर विशेष ध्यान देना होगा। वैष्णव ने पुष्टि की कि सरकार देश में विश्वस्तरीय सेमीकंडक्टर डिजाइन क्षमता विकसित करने पर काम कर रही है, ताकि भारतीय छात्र वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं में गिने जाएं। उन्होंने बताया कि सेमीकंडक्टर डिजाइन से जुड़े( **शेष पृष्ठ दो पर** )

## परभणी: हनुमान मंदिर के सभा मंडप की छत गिरी, पाँच श्रद्धालुओं की मौत

**मुंबई 20 जून( निस ):** महाराष्ट्र के परभणी ज़िले के यशवाड़ी गाँव में मौजूद एक हनुमान मंदिर में शनिवार दोपहर भीषण हादसा हुआ। मंदिर परिसर में बने सभा मंडप की छत और उसके कुछ स्तंभ अचानक भरभराकर ढह गए। इस दर्दनाक दुर्घटना में अब तक पाँच श्रद्धालुओं के शव मिल चुके हैं, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। वहीं, आठ से दस लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जबकि तीस से चालीस अन्य श्रद्धालुओं के मलबे के नीचे दबे होने की आशंका जाहिर की गई है। इस हिसाब से आने वाले समय में मरने और घायल होने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ सकती है। शनिवार का दिन होने के कारण मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर के समय जब बड़ी संख्या में लोग सभा मंडप के नीचे कतारों में खड़े थे, तभी अचानक ज़ोरदार आवाज के साथ मंडप के मुख्य स्तंभ मुड़े और कांक्रीट की भारी-भरकम छत सीधे श्रद्धालुओं पर आ गिरी। अचानक हुई इस घटना के कारण लोगों को संभालने या ( **शेष पृष्ठ दो पर** )

# बिना बलप्रयोग घुसपैठिए खुद ही देश छोड़ दें वरना सख्त कार्रवाई होगी -अमित शाह

**नई दिल्ली 20 जून( निस ) :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र में कोल्हापुर की जनसभा के माध्यम से पूरे दमखम के साथ बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों से साफ साफ कह दिया है कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है। उन्होंने दो टूक कहा है कि देश में अवैध रूप से घुसकर रहने वाले हर घुसपैठिये की पहचान होगी और उसे बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। अमित शाह ने साफ चेतावनी दी है कि जो लोग स्वेच्छा से अपने देश लौट जाएंगे, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं होगी, लेकिन जो कानून को चुनौती



देंगे, उनके खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे। यह बयान ऐसे समय आया है जब भारत-बांग्लादेश सीमा पर तनाव लगातार गहराता जा रहा है और घुसपैठ का मुद्दा राष्ट्रीय सुरक्षा के केंद्र में पहुंच चुका है। केंद्रीय गृहमंत्री ने विपक्षी दलों पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्षों तक वोट बैंक की राजनीति के लिए अवैध घुसपैठियों को संरक्षण दिया गया, जिसके कारण सीमावर्ती इलाकों की जनसंख्या संरचना तेजी से बदली। अमित शाह ने कहा कि यह केवल अवैध प्रवास का मामला नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा,( **शेष पृष्ठ दो पर** )

# मुख्यमंत्री ने डबल इंजन सरकार के तहत पंजाब को और अधिक मजबूत बनाने का किया आह्वान

## पंजाब के कल्याण, रोजगार सृजन और एमएसपी के समर्थन पर दिया विशेष जोर

## मुख्यमंत्री ने पंजाब के गुरदासपुर जिले के श्री हरगोबिंदपुर के नामदेव समाज के प्रतिनिधिमंडल से की मुलाकात

चंडीगढ़, 20 जून (अमृतपाल सिंह) हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी पंजाब को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और डबल इंजन सरकार के तहत राज्य में तीव्र गति से विकास संभव है। उन्होंने कहा कि पंजाब के अनेक युवा अवैध डंकी रूट के माध्यम से विदेशों में रोजगार तलाशने के लिए मजबूर हो रहे हैं, जबकि हरियाणा ने विदेशों में रोजगार के लिए एक समर्पित विदेश सहयोग विभाग के माध्यम से युवाओं के लिए व्यवस्थित अवसर उपलब्ध कराए हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि विदेशों में रोजगार प्राप्त करने के इच्छुक युवाओं के 5,500 से अधिक आवेदनों की वर्तमान में



विभाग द्वारा जांच की जा रही है। इस पहल के तहत आवेदकों को केवल अपने हवाई टिकट का खर्च वहन करना पड़ता है। श्री नायब सिंह सैनी शनिवार को चंडीगढ़ स्थित अपने आवास संत कबीर कुटीर में पंजाब के गुरदासपुर जिले के श्री हरगोबिंदपुर से आए नामदेव समाज के एक प्रतिनिधिमंडल को संबोधित कर रहे थे।सिखों के छठे गुरु, श्री गुरु हरगोबिंद सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी शिक्षाएं लोगों को अन्याय के विरुद्ध खड़े होने और समाज के कमजोर वर्गों की रक्षा करने की प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा कि ये मूल्य आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और इनका पालन किया जाना चाहिए।पंजाब के विकास की दिशा को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए श्री सैनी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सिख गुरुओं की पावन धरती आज भी विकास के मामले में पिछड़ी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी सहित विभिन्न सरकारें जनता की अपेक्षाओं पर खरी उतरने में विफल रही हैं और लोगों को गुमराह करती रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि पंजाब की जनता आगामी विधानसभा चुनावों में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का समर्थन करने का मन बना चुकी है।भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की आलोचना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को प्रति माह 1,000 रुपये देने का वादा अब तक पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि इस योजना के लिए पंजीकरण प्रक्रिया भी अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। इसके विपरीत, हरियाणा सरकार ने दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना (डीडीएलएलवाई) के तहत वर्ष 2025-26 के बजट में 5,000 करोड़ रुपये तथा( **शेष पृष्ठ दो पर** )

# 12 साल एनडीए को कोसा, अब उसी के साथ खड़े हो गए - थरूर

**नई दिल्ली,20 जून ( निस ) :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में हुई हालिया टूट और



उसके बागी सांसदों द्वारा भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को समर्थन देने के फैसले पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। एक बातचीत में थरूर ने इस कदम को लालच, फायदे या धमकियों का परिणाम बताया और भारतीय राजनीति में बढ़ती सिद्धांतहीनता पर गहरा खेद व्यक्त किया।थरूर ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस बात पर कोई संदेह नहीं है कि इन दलबदलुओं के पीछे सत्ताधारी पार्टी की शक्ति और प्रलोभन ही काम कर रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से तृणमूल कांग्रेस से अलग हुए 20 लोकसभा सांसदों के गुट का जिक्र किया, जिन्होंने खुलकर एनडीए के साथ जुड़ने की घोषणा की है। थरूर ने अपनी निराशा व्यक्त करते हुए कहा, ये

### सिद्धांतहीन राजनीति पर बरसे कांग्रेस नेता

वही सांसद हैं जो पिछले 12 सालों से एनडीए पर लगातार हमले करते रहे हैं। ऐसे में अचानक उनमें यह गुण दिखना, यह दर्शाता है कि हमारे देश की राजनीति बिना सिद्धांतों वाली हो गई है, और यह बेहद दुखद है। यह राजनीतिक उठापटक पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के बाद सामने आई, जब पार्टी को आंतरिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा। सबसे पहले 58 विधायकों ने बगावत का झंडा उठाया और विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में सोवनदेब( **शेष पृष्ठ दो पर** )

# पृष्ठ एक का शेष...

## हरियाणा में होगा एआई सैंडबॉक्स लांच- ....

बनाया जा रहा हैं। इन पर 474 करोड़ रुपए की लागत आएगी। प्रदेश का अपना एआई का स्टेट डाटा सेंटर होगा जिसमें पूर्ण रूप से पारदर्शी और सही डाटा एकत्र होगा और उस पर पीपीपी से मिलान किया जा सकेगा। इसके अलावा 40 करोड़ रुपए की लागत से उद्योगों के लिए स्किल कोर्स, कोलाबोरेशन वर्कशॉप हेतू दो सेंटर आफ एक्सीलेंस बनाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में एआई सेंण्डबॉक्स लांच किया जाएगा। हरियाणा डाटा एक्सचेंज और हरियाणा स्टेट डाटा लेक प्लेटफार्म बेहतर सेवाओं के लिए तैयार हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एयर क्वालिट कंट्रोल प्रोजैक्ट के माध्यम से गुरूग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत व झज्जर में 90 करोड़ रुपए की लागत से 500 इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी। इनके लिए 200 चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएगें। चार्जिंग स्टेशन के लिए प्रोत्साहन भी दिया जाएगा। नए इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर तथा पुराने थ्री व्हीलर के बदलने के लिए प्रोत्साहन, उद्योगों के लिए क्लीनर डीजी सेट का उपयोग प्रोमोट करने तथा उद्योगों में सीईएमएस डिवाईस के इंस्टालेशन पर प्रोत्साहन देने तथा शहरी स्थानीय निकायों में डस्ट एवं वेस्ट मैनेजमेंट की क्षमता को बढाने के लिए कार्य किया जाएगा। इसके अलावा पराली जलाने की घटनाओं में कमी लाने, एयर क्वालिटी के लिए बायो डिकम्पोज के उपयोग पर रिसर्च, लेब इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने तथा सीएएक्यूएम स्टेशन विकसित करने के कार्य किए जाएगें। मुख्यमंत्री ने बताया कि एयर क्वालिटी चैक करने के लिए राज्य में दो मोबाइल वैन भी तैयार की जाएंगी जिससे प्रदेश के किसी भी क्षेत्र में जाकर एआईक्यू की जांच की जा सकेगी। इसके अलावा एसपीवी सेटअप एवं प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट का विस्तार करने जैसे कार्य किए जाएगे। उन्होंने कहा कि राज्य में जल्द ही हरियाणा डाटा एक्सचेंज पॉलिसी लाई जाएगी जिसमें बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाया जाएगा। इसके अलावा ए आई गुरुकुल लांच किया जाएगा जिसके माध्यम से बच्चों को एआई की शिक्षा मुहैया करवाई जाएगी। ऐसे बच्चों की एक साल में आसानी से प्लेसमेंट हो सकेगी।

**पीएम मोदी ने ओडिशा में 47,000 करोड़ की परियोजनाएं ...** और काठाजोड़ी नदी पुल का भी उद्घाटन हुआ। सड़क और रेलवे क्षेत्र में भी कई महत्त्वपूर्ण प्रोजेक्ट समर्पित किए गए, जिसमें एनएच-353 का नुआपाड़ा-घाटीपाड़ा फोरलेन और 732 करोड़ से अधिक लागत वाले दो मल्टी-ट्रैकिंग रेलवे प्रोजेक्ट प्रमुख हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और शहरी विकास से संबंधित अन्य परियोजनाओं में इग्नू का क्षेत्रीय केंद्र, 300 बिस्तरों वाला अस्पताल भवन और 24 अटल बस स्टैंड शामिल थे। बता दें कि शुक्रवार को खराब मौसम के कारण राष्ट्रपति मुर्मू को हेलिकॉप्टर के बजाय सड़क मार्ग से ओडिशा पहुँचना पड़ा था।

## भाजपाध्यक्ष नितिन नबीन का पंजाब पहुंचने

**...** पारंपरिक अमृतसर लस्सी का स्वाद लिया। चुघ ने कहा कि यह अनुभव पंजाब की समृद्ध संस्कृति, आत्मीयता और मेहमाननवाज़ी को दर्शाता है।उन्होंने आगे कहा कि वहां मौजूद लोगों ने नशा-मुक्त पंजाब बनाने की दिशा में सामूहिक प्रयासों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। नबीन की यह यात्रा पंजाब में BJP के चल रहे जन-संपर्क अभियानों का हिस्सा है, जो राज्य में सामाजिक जुड़ाव और नशा-विरोधी अभियानों पर पार्टी के व्यापक फोकस के अनुरूप है।

## घुसपैठियों को जल्द से जल्द छोड़ना होगा देश,

**...** सामाजिक संतुलन और राष्ट्रीय पहचान पर सीधा हमला है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार सीमा सुरक्षा को मजबूत करने और हर घुसपैठिये को चिन्हित करने के लिए व्यापक अभियान चला रही है।हम आपको यह भी बता दें कि भारत-बांग्लादेश सीमा पर नया विवाद खड़ा हो गया है। बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश ने दावा किया है कि भारत की सीमा सुरक्षा बल ने मेहरपुर क्षेत्र में चार लोगों को बांग्लादेश में धकेलने की कोशिश की। बांग्लादेशी अधिकारियों के अनुसार, उनकी चौकसी के कारण यह प्रयास विफल हो गया और एक पुरुष तथा तीन महिलाएं अब दोनों देशों के बीच नो मैन्स लैंड में फंसी हुई हैं।


### सूचना

सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि किसी कारणवश यदि भारत देश हमारा व चड़दीकला समाचारपत्र आपको नियमित रूप से नहीं मिल रहा है तो कृपया नीचे दिए फोन नंबर पर संपर्क करें।

**मोब: 9416406615**

### पाठकों हेतु आवश्यक सूचना

समाचार-पत्र दैनिक भारत देश हमारा करनाल में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों की जिम्मेवारी नहीं लेता। हमारा समाचार पत्र इनको प्रमाणित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्रवाई करने से पूर्व तथ्यों की पुष्टि अवश्य कर लें।

### सूचना

हरियाणा में चढ़दीकला टाईम टीवी न्यूज चैनल,भारत देश हमारा व रोजाना चढ़दीकला पंजाबी समाचार पत्र में पत्रकार बनने तथा विज्ञापन एवं समाचार देने के लिए संपर्क करे।

**कार्यालय: 15-ए, माल रोड़**
**नजदीक अम्बेडकर चौंक, करनाल**
**मोब: 9416406615**

### सदा आपके साथ

जन्मदिन,विवाह वर्षगांठ,संयुक्त परिवार और ग्रुप सैल्फी (2 से अधिक)की फोटो हमें भेजें।
**नोट:**मेल में नाम पता व मोबाईल नंबर जरूर लिखें।
सभी सेवाएं निशुल्क है।
**E-mail chardikla.hr@gmail.com**
**Whatsapp: 9896359037,8307425115**

### आवश्यक सूचना

दैनिक पंजाबी चढ़दीकला एवं हिन्दी दैनिक भारत देश हमारा समाचार-पत्र में खबरें एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
कार्यालय 26 ग्रीनपार्क तहसील टाऊन पानीपत।
**मोब: 9215537704,7206600325,7206300081**



कृष्ण कुमार सन्धु, सम्पादक, पब्लिशर व श्रीमती सुमन लता प्रिंटर ने दैनिक भारत देश हमारा जेएसडी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मोर्चा प्रिंटर्स, एससीओ 3-4, चौंक दुखनिवारण साहिब ,सरहिंद रोड पटियाला के कीपर जगजीत सिंह दर्दी से छपवा कर कार्यालय दैनिक भारत देश हमारा, 15-ए,माल रोड, करनाल से प्रकाशित किया ( सम्पादक - कृष्ण कुमार सन्धु )

PRGI (RNI) Regd. No.HARHIN/2017/74227


## 12 साल एनडीए को कोसा, अब उसी के साथ

**...** चट्टोपाध्याय को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। इसके कुछ ही समय बाद संसद में भी मुश्किलें बढ़ीं, जहाँ तीन राज्यसभा सांसदों ने इस्तीफा दे दिया और फिर 20 लोकसभा सांसदों ने नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी में शामिल होकर एनडीए का समर्थन करने का फैसला किया। थरूर ने जोर दिया कि राजनीतिक नेताओं को अपने विचारों और सिद्धांतों पर अडिग रहना चाहिए, लेकिन उनका मुख्य मकसद हमेशा देश के हित में काम करना होना चाहिए। उन्होंने कहा, अपनी सोच पर अडिग रहें और मिलकर रचनात्मक ढंग से काम करें। मैंने हमेशा कहा है कि दूसरी तरफ वाले आपके दुश्मन नहीं हैं। वे आपके विरोधी हैं और आपका काम देश के सामूहिक हित के लिए काम करना है। कांग्रेस नेता ने आगे स्पष्ट किया कि राजनीति का अर्थ यह होना चाहिए कि आप मानते हैं कि आपका तरीका दूसरों के तरीके से बेहतर है, और यह देश के लिए एक बेहतर दृष्टि प्रदान करता है। उन्होंने जोर दिया कि राजनीति में बने रहने का मूल तर्क ही यही है कि आपके पास एक ऐसा विजन हो जिससे एक बेहतर भारत और एक बेहतर समाज का निर्माण हो सके। आज के दौर में जब सिद्धांतों पर आधारित राजनीति का ह्रास हो रहा है, थरूर के ये शब्द भारतीय राजनीतिक परिदृश्य पर एक महत्वपूर्ण टिप्पणी प्रस्तुत करते हैं।

**मुख्यमंत्री ने डबल इंजन सरकार के तहत पंजाब को और अधिक ...** वर्ष 2026-27 के बजट में 6,500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इस योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 2,100 रुपये सीधे उनके बैंक खातों में दिए जा रहे हैं। अब तक हरियाणा में महिला लाभार्थियों को 1,600 करोड़ रुपये की राशि वितरित की जा चुकी है।उन्होंने यह भी बताया कि हरियाणा में वरिष्ठ नागरिकों को वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना के तहत प्रतिमाह 3,200 रुपये दिए जाते हैं, जबकि पंजाब में यह राशि 1,500 रुपये प्रतिमाह है।हरियाणा की जनकल्याणकारी और विकास योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यदि पंजाब की जनता आगामी विधानसभा चुनावों में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विजन और नीतियों पर विश्वास जताती है, तो इसी प्रकार के लाभ पंजाब में भी उपलब्ध कराए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब में भाजपा सरकार बनने पर किसानों की फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद सुनिश्चित की जाएगी, फसल नुकसान पर उचित मुआवजा दिया जाएगा, उद्योगों के अनुकूल वातावरण तैयार किया जाएगा तथा पंजाब को देश का अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा।प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें आमंत्रित करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और पंजाब के लोगों के प्रति उनके संवाद एवं पहुंच की सराहना की। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि पंजाब की जनता उनके सहयोग और समर्थन पर ध्यान दे रही है तथा उन्हें विश्वास है कि आगामी विधानसभा चुनावों में राज्य में भारतीय जनता पार्टी और अधिक मजबूत होकर उभरेगी।

**परभणी: हनुमान मंदिर के सभा मंडप की छत ...** सुरक्षित स्थान पर भागने का मौका नहीं मिला।हादसे के बाद हनुमान मंदिर परिसर में चारों ओर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय युवकों और ग्रामीणों ने तुरंत अपनी जान की परवाह किए बिना राहत कार्य शुरू किया। सूचना मिलने पर परभणी ज़िला प्रशासन, स्थानीय पुलिस बल और आपदा प्रबंधन की टीमें तुरंत मौके पर पहुँचीं। भारी उपकरणों जैसे क्रेन, कांक्रीट कटर और मिट्टी हटाने वाली मशीनों की मदद से मलबे को हटाने और फंसे हुए लोगों को बाहर निकालने का युद्ध स्तर पर बचाव अभियान जारी है।मलबे से अब तक निकाले गए आठ से दस गंभीर रूप से घायल श्रद्धालुओं को परभणी के ज़िला अस्पताल और नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार, कई घायलों के सिर, छाती और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं, और कुछ की हालत अत्यंत नाज़ुक है। जिला प्रशासन आशंका जता रहा है कि मलबे की पूरी सफाई होने तक मृतकों की संख्या में अभी और वृद्धि हो सकती है।करीब तीस से चालीस श्रद्धालुओं के अभी भी मलबे के नीचे दबे होने की आशंका के चलते बचाव दल बेहद सतर्कता से काम कर रहे हैं। कटर की मदद से मलबा धीरे-धीरे काटा जा रहा है ताकि नीचे फँसी जिंदगियों को और कोई नुकसान न पहुँचे। हादसे की ख़बर फैलते ही यशवाड़ी और आसपास के गाँवों के सैकड़ों लोग अपने परिजनों की तलाश में मंदिर परिसर की ओर दौड़ पड़े हैं। अपनों को खोने की आशंका के कारण मंदिर परिसर में हर तरफ़ चीख-पुकार, रोते-बिलखते परिजन और गहरा सन्नाटा पसरा हुआ है। ज़िलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी स्वयं मौके पर मौजूद रहकर स्थिति और बचाव अभियान की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं।

## भारत बनेगा कुशल सेमीकंडक्टर पेशेवरों

**....** विभिन्न कार्यक्रमों से अब तक लगभग 75,000 छात्रों को आकर्षक अवसर मिले हैं, और लक्ष्य इस संख्या को 5 लाख तक पहुंचाना है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में सेमीकंडक्टर निर्माण गतिविधियां पहले ही शुरू हो चुकी हैं, और उत्पादन बढ़ने के साथ कौशल विकास कार्यक्रम भी तैयार किए जाएंगे। मंत्री ने अपने एसटीपीआई केंद्र के दौरे के दौरान टियर-2 और टियर-3 शहरों में स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने के सरकार के प्रयासों पर भी प्रकाश डाला, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने युवा उद्यमियों के साथ बातचीत की और सरकारी सहायता को बेहतर बनाने के उपायों पर चर्चा की।

## प्रेम प्रसंग में पति की हत्या, पत्नी और ...

जिन्होंने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल किया है।मदन की मां केला देवी ने 7 जून की रात अपने बेटे की मौत की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके बेटे का शव घर के बरामदे में पंलग पर मिला था, जिसके शरीर और सिर पर चोट के निशान थे। डॉक्टर्स ने मदन को मृत घोषित किया था। पुलिस ने मर्डर का केस दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस जांच में सामने आया कि पिंकी का अपने जेठ के बेटे विशाल से प्रेम संबंध था। पिंकी ने बताया कि पति मदन शराब पीकर पिंकी और बेटे के साथ हमेशा मारपीट करता था। जब मदन को उनके संबंध पर शक हुआ, तब मदन ने विशाल की पिटाई कर दी। इसके बाद दोनों ने मदन को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। पुलिस के मुताबिक, 7 जून की रात पिंकी ने मदन को खीर में नींद की गोलियां मिलाकर दीं। फिर विशाल को घर बुलाया, जो छत के रास्ते आया। रात करीब साढ़े बारह बजे दोनों ने मदन को चारपाई पर लेटकर उसके हाथ-पैर बांध दिए। विशाल ने उसका मुंह पकड़ा और पिंकी ने उसके मुंह में कीटनाशक डाला। मदन के विरोध करने पर विशाल ने लोहे की पाइप से उसके सिर पर वार किया और फिर गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी।

# नरवाना बनेगा विकास की नई पहचान, सैकड़ों करोड़ की परियोजनाओं से बदलेगी तस्वीर : कृष्ण कुमार बेदी



**नरवाना, 20 जून ( नरेन्द्र कुमार ):** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि विकास के मामले में नरवाना अब किसी से पीछे नहीं रहेगा। क्षेत्र में करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है और आने वाले समय में नरवाना का स्वरूप पूरी तरह बदलता नजर आएगा। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य नरवाना को प्रदेश के सबसे शिक्षित, सुरक्षित और विकसित क्षेत्रों में शामिल करना है।शनिवार को स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जनसमस्याएं सुनने पहुंचे कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि क्षेत्र में विकास की प्रक्रिया लगातार गति पकड़ रही है। उन्होंने बताया कि पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस की अतिरिक्त बिल्डिंग, धमतान फाटक पर रेलवे ओवरब्रिज तथा बाबा गैबी साहिब मंदिर के नवीनीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों पर काम शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि दबलैन फाटक पर रेलवे पुल, शहर के सीवरेज सिस्टम का विस्तार, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बूस्टिंग स्टेशन तथा कई प्रमुख सड़कों का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। इसके अलावा बस स्टैंड की नई बिल्डिंग, नागरिक अस्पताल का नया भवन, केएम कॉलेज में आधुनिक लाइब्रेरी, पशुपालन विभाग के चार बड़े प्रोजेक्ट और हिसार फाटक पर रेलवे ओवरब्रिज जैसी महत्वाकांक्षी परियोजनाएं भी जल्द धरातल पर उतरेंगी।शहर में होंगे 46 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यकैबिनेट मंत्री ने बताया कि चालू वित्त वर्ष के दौरान नगर परिषद क्षेत्र में 46 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से अनेक विकास कार्य करवाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त पीडब्ल्यूडी, जनस्वास्थ्य, बिजली, पंचायत, शिक्षा और स्वास्थ्य विभागों के माध्यम से भी लगातार विकास कार्य जारी हैं। इस अवसर पर मार्केट कमेटी चेयरमैन अमित ढाकल, उप चेयरमैन सत्य प्रकाश सैनी,मण्डल उपाध्यक्ष ज्ञान राम, मण्डल महामंत्री पुरुषोत्तम आर्य, सत्यवान शर्मा, सुरेंद्र सरपंच हथो, सुरेंद्र प्रजापति, रिछपाल शर्मा, हंसराज समैन, विनय मित्तल, एडवोकेट राजेश शर्मा, रणधीर कश्यप, निजी सहायक फकीरचंद, मीडिया प्रभारी संजय बल्हारा, जसवीर नैन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पीएचसी बरवाला में भव्य योग सत्र आयोजित, करीब 100 प्रतिभागियों ने किया योगाभ्यास




**बरवाला, 20 जून ( प्रवीन कुमार ):** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) बरवाला में एक भव्य योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, आशा कार्यकर्ताओं तथा आम नागरिकों सहित लगभग 100 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।योग प्रशिक्षक साहिल एवं अंकिता के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम तथा ध्यान की विधियों का अभ्यास करवाया गया। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास न केवल शारीरिक क्षमता को बढ़ाता है, बल्कि मानसिक तनाव को कम करने, रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने तथा अनेक बीमारियों से बचाव में भी सहायक सिद्ध होता है। उन्होंने कहा कि योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर व्यक्ति स्वस्थ और सकारात्मक जीवन व्यतीत कर सकता है।इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि संदीप राणा ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो स्वस्थ और संतुलित जीवन का आधार है। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे नियमित रूप से योग अपनाकर अपने परिवार और समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें।चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. हर्ष कुमार ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग तनावमुक्त और स्वस्थ जीवन का सबसे प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक और भावनात्मक संतुलन भी प्रदान करता है। उन्होंने कर्मचारियों और आमजन से प्रतिदिन योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील की।हेल्थ इंस्पेक्टर गुरमीत सिंह ने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए योग के साथ-साथ व्यक्तिगत स्वच्छता और आसपास के वातावरण की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और योग का समन्वय समाज को निरोग और स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।कार्यक्रम में डॉ. नेहा (डेंटल सर्जन), डॉ. शिवानी, हेल्थ इंस्पेक्टर गुरमीत सिंह, मामराज पंच, एलएचवी सरोज बाला, अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी, आशा कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास किया तथा नियमित रूप से योग को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का समापन स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने तथा योग के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने के संकल्प के साथ किया गया। उपस्थित लोगों ने योग को निरोग जीवन का आधार बताते हुए इसके प्रचार-प्रसार में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

# कार्यकर्ता बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर संगठन को मजबूत करें : कैलाशो सैनी



**बाबैन, 20 जून ( राजेश कुमार ):** कांग्रेस पार्टी के निर्देशानुसार रादौर विधानसभा क्षेत्र में बी.एल.ए.-2 कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक एवं सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद कैलाशो सैनी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में यमुनानगर ग्रामीण कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नरपाल सिंह गुर्जर उपस्थित रहे। इसके अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने नवनियुक्त ब्लॉक प्रधान गुलजार सिंह और परमजीत धीमान का बुक्का भेंट करके जोरदार स्वागत किया। बैठक का उद्देश्य बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाना तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों एवं जनसंपर्क अभियानों को प्रभावी ढंग से संचालित करने की रणनीति तैयार करना रहा। इस दौरान पार्टी नेतृत्व द्वारा जारी दिशा-निर्देशों पर विस्तार से चर्चा की गई और कार्यकर्ताओं को उनकी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया गया। पूर्व सांसद कैलाशो सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा देश और समाज के हर वर्ग के हितों की रक्षा करने वाली है। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों और जनहितकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने में बी.एल.ए.-2 कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर जनता के बीच कांग्रेस की आवाज को मजबूत करें तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। यमुनानगर ग्रामीण कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नरपाल सिंह गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लगातार जनता से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठा रही है। उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, किसानों और मजदूरों से जुड़े विषयों पर कांग्रेस लगातार संघर्ष कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को पहुंचाएं तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने, बूथ प्रबंधन को प्रभावी बनाने तथा आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। नेताओं ने कार्यकर्ताओं को पार्टी के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने और जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने तथा आगामी चुनावों में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी निष्ठा, एकजुटता और समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में बी.एल.ए.-2 कार्यकर्ता, कांग्रेस पदाधिकारी एवं क्षेत्र के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं...** पात्र किसान हैं तो आपके भी खाते में पैसा आ गया होगा या थोड़े समय में क्रेडिट हो सकता है।सरकार के अनुसार, 23वीं किस्त के तहत 9.44 करोड़ से अधिक किसानों को लाभ मिला है। इसके लिए लगभग 18,880 करोड़ की राशि सीधे किसानों के खातों में ट्रांसफर की गई। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 23वीं किस्त जारी होने के साथ ही योजना के तहत किसानों को वितरित की गई कुल राशि 4.46 लाख करोड़ से अधिक हो गई है।

**उद्धव ठाकरे की मुश्किलें बढ़ेंगी, अब कुछ एमएलसी ....** जून को शिंदे से मिलकर उद्धव की शिवसेना छोड़ने का कारण बताने वाले है। सूत्रों के मुताबिक, शिंदे का अगला लक्ष्य उद्धव गुट के तीन एमएलसी और बीएमसी के 65 पार्षद हैं।बागी सांसदों ने उद्धव का साथ छोड़ने की दो प्रमुख वजहें जाहिर की हैं। पहली, पार्टी में संजय राउत और उद्धव की पत्नी रश्मि ठाकरे की अत्यधिक दखलंदाजी को बताया है। सांसदों के मुताबिक, संजय का नेताओं के साथ बर्ताव ठीक नहीं है, लेकिन उद्धव उनके खिलाफ कुछ नहीं सुनते। दूसरे सांसद ने कहा कि पार्टी बस तीन लोगों की है, जिसमें उनकी कोई भागीदारी नहीं। दूसरी मुख्य वजह संसदीय क्षेत्रों में काम के लिए फंड का न मिलना है। एक सांसद ने बताया कि फंड भी भीख की तरह मिलता है और उसका हिसाब चोरों की तरह लिया जाता है। जबकि दूसरे ने कहा कि फंड का ऑडिट ठीक है, लेकिन पहले फंड जारी, तब किया जाए।सांसदों ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि संजय पार्टी के सबसे ताकतवर नेता हैं और उनके अपमानजनक बोलचाल से नेता परेशान हैं। उन्होंने मीडिया के सामने जिस भाषा का उपयोग किया, वह अस्वीकार्य थी। रश्मि ठाकरे की दखलंदाजी पर भी सांसदों ने पुष्टि की। उन्होंने बताया कि हर फैसले में रश्मि शामिल होती हैं और उद्धव से मिलने के लिए भी पहले उन्हीं से इजाजत लेनी होती है। भले ही उनका पार्टी में कोई आधिकारिक पद न हो, लेकिन उनका दबदबा बराबर है। सांसदों का कहना है कि ऐसी पार्टी में कोई क्यों रहेगा, जहां अपमान हो और काम करने की आजादी न दी जाए।

# गुरु अर्जन देव जी की शहादत मानवता के लिए सदैव प्रेरणास्रोत : टी. पी. सिंह

## बोले : सेवा, सिमरन और मानवता का संदेश देती है गुरु अर्जन देव जी की शहादत



**अंबाला, 20 जून ( कवलजीत सिंह ):** सिखों के पंचम गुरु, शहीदों के सरताज धन धन श्री गुरु अर्जन देव जी के पावन शहीदी पर्व के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा सत्संगत साहिब, अंबाला में विशेष धार्मिक समागम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संगत ने उपस्थित होकर गुरु चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर श्री गुरु हरगोबिंद साहिब सेवा सोसाइटी के प्रधान एवं (एचएसजीपीसी) के पूर्व कार्यकारी सदस्य सरदार टी. पी. सिंह ने बताया कि धन धन श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी पर्व को समर्पित पिछले 40 दिनों से अंबाला के गुरुद्वारा मंजी साहिब,गु्सत्संगत साहिब,गु्बादशाही बाग साहिब व विभिन्न गुरुद्वारों में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे थे। उन्होंने बताया कि इस धार्मिक श्रृंखला के समापन अवसर पर गुरुद्वारा सत्संगत साहिब में श्री सुखमनी साहिब जी के पाठ के भोग श्रद्धापूर्वक डाले गए, जिसमें बड़ी संख्या में संगत ने भाग लिया। समागम के दौरान इस्त्री सत्संग द्वारा श्री सुखमनी साहिब जी के पाठ, गुरबाणी कीर्तन तथा आनंद साहिब का पाठ किया गया। टी. पी. सिंह ने कहा कि गुरु अर्जन देव जी ने मानवता, धर्म और सत्य की रक्षा के लिए जो सर्वोच्च बलिदान दिया, वह पूरी दुनिया के लिए प्रेरणास्रोत है। भीषण गर्म तवे पर बैठकर और उबलती रेत का कष्ट सहते हुए भी गुरु साहिब ने प्रभु की रज़ा को स्वीकार किया तथा समस्त मानवता को धैर्य, सहनशीलता और प्रभु भक्ति का संदेश दिया। उनकी शहादत हमें कठिन परिस्थितियों में भी सत्य और धर्म के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि धन धन श्री गुरु अर्जन देव जी ने सर्वधर्म समभाव और मानवता की मिसाल कायम करते हुए श्री हरमंदिर साहिब की नींव सूफी संत हज़रत मियां मीर जी से रखवाई थी। गुरु साहिब ने समस्त मानवता को एकता, प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने यह भी बताया कि गुरु अर्जन देव जी ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का संकलन कर उसका प्रथम प्रकाश श्री हरमंदिर साहिब में करवाया, श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी में सबसे अधिक बाणी धन धन श्री गुरु अर्जन देव जी की दर्ज है। उन्होंने कहा कि आज के समय में गुरु साहिब की शिक्षाओं को अपनाने की अत्यंत आवश्यकता है। सेवा, सिमरन, परोपकार और मानव कल्याण का जो संदेश गुरु साहिब ने दिया, वही समाज में प्रेम, भाईचारे और एकता को मजबूत कर सकता है। इस मौके पर टी. पी. सिंह द्वारा पिछले 40 दिनों से निरंतर श्री सुखमनी साहिब जी के पाठों और धार्मिक कार्यक्रमों में सेवा निभाने वाली इस्त्री सत्संग की बीबियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उन्होंने बीबियों को सारोपा एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर उनके समर्पण, श्रद्धा और सेवाभाव की सराहना की। समागम के अंत में समस्त संगत की चढ़दी कला, विश्व शांति एवं मानव कल्याण के लिए भाई गुरदयाल सिंह ग्रंथी अरदास की गई। इसके उपरांत गुरु का अटूट लंगर श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। इस अवसर पर मनजीत सिंह बब्बू,कवलजीत सिंह चढ़दीकला,बीबी परमप्रीत कौर,जसविंदर कौर,,भवनीत कौर,हरमेश कौर ,हरलीन कौर,दलीप कौर,गुंजीत कौर तथा बड़ी संख्या में संगत उपस्थित रही।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पंचकूला में भव्य योग शिविर, 700 से अधिक साधकों ने की सहभागिता

## योग को जीवनशैली बनाएं, स्वस्थ भारत का निर्माण करें : डॉ. जयदीप आर्य






**पंचकूला, 20 जून ( सोनू ):** पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार के तत्वावधान में पतंजलि योग समिति, पंचकूला द्वारा सेक्टर-21, पंचकूला में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन योगाचार्य डॉ. जयदीप आर्य रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया तथा उपस्थित अन्य गणमान्य अतिथियों को भी दीप प्रज्वलन के लिए आमंत्रित किया। उनके इस विनम्र एवं प्रेरणादायी व्यवहार का उपस्थित साधकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर विनोद बजाज की एनर्जेटिक योगा संस्था का विशेष सहयोग रहा। योग दिवस समारोह में रामगढ़ और पिंजौर से जिला प्रभारी बंसीलाल, संजीव दिलावरी तथा रामपाल जांगड़ा अपनी टीमों सहित विशेष रूप से उपस्थित रहे। मंच संचालन सत्यपाल सिंह ने किया, जबकि पूनम सिन्हा एवं मुकेश अग्रवाल ने सहयोग प्रदान किया। मुख्य अतिथि डॉ. जयदीप आर्य ने स्वयं योग सत्र का संचालन करते हुए विभिन्न योगाभ्यास, प्राणायाम एवं स्वास्थ्यवर्धक व्यायामों का अभ्यास कराया। अपने प्रेरक संबोधन में डॉ. जयदीप आर्य ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवनशैली है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ बनाती है। उन्होंने विशेष रूप से अनुलोम-विलोम प्राणायाम के वैज्ञानिक एवं विधिपूर्वक अभ्यास की बारीकियों को समझाते हुए कहा कि नियमित और सही विधि से किया गया प्राणायाम व्यक्ति को दीर्घायु, निरोग एवं ऊर्जावान जीवन प्रदान कर सकता है। उन्होंने दैनिक जीवन में योग को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि योग आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में तनावमुक्त एवं स्वस्थ रहने का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम में लगभग 700 योग साधकों एवं नागरिकों ने भाग लिया। शिविर का वातावरण अनुशासन, उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। सामूहिक योगाभ्यास ने उपस्थित जनसमूह में स्वास्थ्य जागरूकता तथा राष्ट्र निर्माण के प्रति नई चेतना का संचार किया। मीडिया प्रभारी मुकेश अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम प्रेमचंद आहूजा, मंडल प्रभारी, की अध्यक्षता में अत्यंत सफल एवं आकर्षक रहा। उन्होंने आयोजन की सफलता का श्रेय सभी कार्यकर्ताओं, योग शिक्षकों एवं साधकों को दिया। इस अवसर पर वार्ड-14 के पार्षद राकेश गोयल, सत्यवीर सिंह, हुकमचंद बंसल, कमल शर्मा, सुमन लेखी, अंतिम कुमारी, बनारसी धीमान, कुलदीप ठाकुर सहित विभिन्न योग कक्षाओं के संचालक एवं कार्यकर्ता अपनी-अपनी टीमों के साथ उपस्थित रहे।

# कश्यप समाज का शिष्टमंडल मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिला,सामाजिक-आर्थिक मांगों पर हुई विस्तृत चर्चा



**सफीदों, 20 जून (एस.के.मित्तल):** कश्यप निषाद संगठन के तत्वाधान में कश्यप समाज का एक प्रतिनिधिमंडल हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उनके चंडीगढ़ स्थित निवास पर मिला। इस शिष्टमंडल का नेतृत्व उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री एवं कश्यप निषाद संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष की अगुवाई में किया गया, जबकि हरियाणा से प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संगठन के व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रणबीर कश्यप ने किया। इस दौरान शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री के समक्ष कश्यप समाज की आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक आवश्यकताओं को विस्तारपूर्वक रखा। प्रतिनिधियों ने समाज के समग्र विकास के लिए विभिन्न मांगों और सुझावों पर चर्चा करते हुए सरकार से सहयोग की अपेक्षा जताई। प्रदेश अध्यक्ष रणबीर कश्यप ने बताया कि यदि सरकार कश्यप समाज की मांगों को उचित प्रतिनिधित्व और मान-सम्मान प्रदान करती है, तो हरियाणा में यह समाज और अधिक सशक्त एवं विकसित हो सकता है। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों में प्रतिभा और क्षमता की कोई कमी नहीं है, लेकिन उन्हें आगे बढ़ने के लिए अवसर और मंच की आवश्यकता है। इस मौके पर रणबीर कश्यप ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि सरकार प्रदेश के सभी समाजों के धार्मिक गुरुओं की जयंती को सरकारी स्तर पर मनाने का कार्य कर रही है। इसी क्रम में महर्षि कश्यप जयंती को भी हर वर्ष राज्य स्तर पर सरकारी खर्च पर मनाया जा रहा है, जिससे कश्यप समाज में उत्साह और गर्व की भावना बढ़ी है। शिष्टमंडल ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री को एक मांगपत्र भी सौंपा, जिसमें समाज से संबंधित प्रमुख मुद्दों और मांगों को शामिल किया गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इन मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया और समाज के प्रति सरकार की सकारात्मक सोच को दोहराया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रतिनिधिमंडल को विश्वास दिलाया कि कश्यप समाज के मान-सम्मान में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और सरकार समाज के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सभी वर्गों और समुदायों के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर पूर्व विधायक रमेश कश्यप, जगदीश कश्यप सफीदों, सरदार तरसेम कश्यप अंबाला, एडवोकेट जयपाल कश्यप करनाल, डॉ. रफल सिंह कश्यप पानीपत, सीताराम कश्यप लाडवा, चतर सिंह कश्यप और बलजिंद्र कश्यप यमुनानगर, महावीर कश्यप और वेद कश्यप सफीदों, सुनील कश्यप करनाल सहित समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# मिशन मैदान 2.0 के तहत नारकोटिक सेल की टीम ने 720 नशीले कैप्सूलों सहित एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**थाना सदर जगाधरी की पुलिस टीम ने 814 ग्राम चूरा पोस्त ( भुक्की )सहित एक आरोपी को किया गिरफ्तार**




**यमुनानगर, 20 जून ( दिनेश कुमार ):** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय पुलिस महानिरीक्षक पंकज नैन के आदेशों अनुसार नशे के कारोबार में लिप्त अपराधियों को पकडने के लिये चलाये जा रहे आप्रेशन मैदान -2.0 को सफल बनाने के लिये पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने हृष्ठक्क जैसे जघन्य अपराध में सलिंप्त अपराधियों को पकडने के लिये सभी अपराध यूनिटों/थाना/चौकियों को सख्त दिशा निर्देश दिये हुये हैं। जिसके तहत कार्यवाही करते हुए नारकोटिक सेल की टीम ने प्रतिबंधित 720 नशीले कैप्सूल सहित एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है पुलिस मामले की जांच कर रही है। इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक युवक विश्वकर्मा चौक पर प्रतिबंधित दवाइयां के साथ घूम रहा है। इस सूचना के आधार पर उप निरीक्षक जयपाल एएसआई जसवीर सिंह,अमित, ललित सुल्तान की टीम का गठन किया गया। टीम मौके पर जाकर युवक को गिरफ्तार कर तलाशी ली ड्यूटी मजिस्ट्रेट के सामने सारी कार्रवाई की गई जिसके पास से प्रतिबंधित दवाइयां मिली जिसकी जांच ड्रग कंट्रोलर डॉक्टर बिंदु धीमान से करवाई गई। जिसमें सामने आया कि युवक से जो दवाइयां मिली है 720 कैप्सूल ट्रामाडोल के हैं जिनके लाने ले जाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध है। आरोपी कोई कागजात भी नहीं दिखा पाया। आरोपी की पहचान वीणा नगर कैंप निवासी चंद्रपाल उर्फ सोनू के नाम से हुई । आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया और उसे कोर्ट में पेश का रिमांड पर लिया गया। इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है लेकिन प्राथमिक जांच में सामने आया कि वह उत्तर प्रदेश से प्रतिबंधित दवाइयां लेकर आया था। इसके अतिरिक्त थाना सदर जगाधरी की पुलिस टीम ने गांव तारनवाला निवासी निर्मल सिंह पुत्र हंसराज को 814 ग्राम चूरा पोस्त ( भुक्की )सहित गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।

## दादा खेड़ा मंदिर में भव्य भंडारा आज

*हवन और संध्या आरती भी होगा आयोजन*



**सफीदों, 20 जून ( एस.के.मित्तल ):** दादा खेड़ा सेवा व सुधार समिति के तत्वावधान में सफीदों क्षेत्र में धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक माने जाने वाले दादा खेड़ा मंदिर परिसर में आज, 21 जून (रविवार) को भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समिति के प्रधान राजेंद्र सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस धार्मिक आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे हवन के साथ होगी, जिसमें क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और जनकल्याण की कामना की जाएगी। इसके बाद सुबह 11 बजे से भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। राजेंद्र सैनी ने कहा कि दादा खेड़ा मंदिर परिसर में आयोजित होने वाला यह भंडारा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज में भाईचारे और एकजुटता को भी बढ़ावा देता है। हर वर्ष इस आयोजन में आसपास के गांवों और शहरों से बड़ी संख्या में लोग भाग लेते हैं और सेवा भाव से भंडारे में सहयोग करते हैं। उन्होंने आगे बताया कि शाम 7 बजे मंदिर परिसर में संध्या आरती का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भक्तजन बड़ी श्रद्धा के साथ भाग लेंगे। समिति के अन्य सदस्यों ने भी इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अपनी जिम्मेदारियां संभाल रखी हैं तथा मंदिर को दुल्हन की तरह से सजाया गया है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस धार्मिक आयोजन का हिस्सा बनें और प्रसाद ग्रहण करें। इस मौके पर मुकेश गर्ग, संदीप शर्मा, सोनू बेनीवाल, सोनी जोगी, अमन सैनी, तुषार गर्ग व सेठी सहित समिति के कई सदस्य उपस्थित रहे।

## 18 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, पुलिस जांच में जुटी

*17 जून से गायब युवती का कोई सुराग नहीं, चाची की शिकायत पर मामला दर्ज*

**रायपुररानी, 20 जून ( देवेन्द्र सिंह ):** रायपुररानी थाना क्षेत्र में 18 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है। जानकारी के अनुसार, युवती पिछले करीब एक माह से अपनी चाची के घर रह रही थी। 17 जून को वह बिना किसी को बताए घर से निकल गई और वापिस नहीं लौटी। इसके बाद परिजनों ने आसपास के इलाकों में और संभावित स्थानों पर उसकी काफी तलाश की, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। इसी बीच लापता युवती की चाची ने थाना रायपुररानी में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## रायपुररानी में एसआईआर अभियान के तहत मतदाता सूची का व्यापक पुनरीक्षण जारी

**बीएलओ घर-घर पहुंचकर कर रहे सत्यापन, नागरिकों से दस्तावेज तैयार रखने की अपील**

**रायपुररानी, 20 जून ( देवेन्द्र सिंह ):** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत रायपुररानी क्षेत्र में मतदाता सूची के सुधार एवं अद्यतन का कार्य लगातार जारी है। इस अभियान में बीएलओ मोहित शर्मा, सीमा रानी, पवन पराशर और विजेंद्र कौशिक सक्रिय रूप से घर-घर जाकर नागरिकों को जानकारी दे रहे हैं और सत्यापन प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहे हैं। बीएलओ द्वारा क्षेत्रवासियों से अपील की जा रही है कि वे अपने दो पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो और निर्धारित प्रपत्र पहले से भरकर तैयार रखें, ताकि प्रक्रिया को समय पर और सुचारु रूप से पूरा किया जा सके। जानकारी देते हुए बीएलओ मोहित शर्मा ने बताया कि एसआईआर अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक, पारदर्शी और अद्यतन बनाना है। उन्होंने सभी नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि वे आवश्यक दस्तावेज समय पर उपलब्ध कराकर इस कार्य में प्रशासन की मदद करें।

## विश्व संगीत दिवस पर सांगीतिक कार्यक्रम आज ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में

*पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा होंगे मुख्य अतिथि*

**कुरुक्षेत्र, 20 जून ( करणदीप सिंह ):** सांस्कृतिक अधिकारी डा. दीपिका ने कहा कि कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा की तरफ से विश्व संगीत दिवस पर सांगीतिक कार्यक्रम का आयोजन 21 जून को सायं 6 बजे ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा होंगे। उन्होंने आज यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग के आदेशानुसार विश्व संगीत दिवस पर कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में सांगीतिक कार्यक्रम का आयोजन सायं 6 बजे किया जाएगा। इस कार्यक्रम का शुभारंभ हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा करेंगे। इस कार्यक्रम में उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा भी मौजूद रहेंगे। इस सांगीतिक कार्यक्रम में प्रसिद्ध कलाकार सुभाष घोष अपनी बांसुरी की धुन से ब्रह्मसरोवर की फिजा बदलने का काम करेंगे। इसके अलावा कई जाने माने कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

**बेदखली सूचना**

मैं सुरेश कुमार पुत्र श्री जगतू राम निवासी गांव प्योंत जिला करनाल सूचित करता हूं कि मेरा लड़का साहिल व इसकी पत्नी अंजलि जोकि ये दोनों मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिए मैं इन दोनों को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इन दोनों से लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। इसमें मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। **-शपथकर्ता**

**बेदखली सूचना**

मैं शीला देवी पत्नी श्री जगदीश चंदर निवासी मकान नं. 892, गली नं. 05. वार्ड नं. 30, देव नगर रेवाडी तहसील व जिला रेवाडी सूचित करता हूं कि मेरा लड़का प्रवीन कुमार व इसकी पत्नी मनीषा जो कि ये दोनों मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं इसे अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में इसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा इसमें मेरे वह मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की जिम्मेदारी नहीं होगी।

**-शपथकर्ता**

# सम्पादकीय

## फास्ट फूड संस्कृति बनाम युवाओं के स्वास्थ्य पर बढ़ता संकट

एक ज़माना था जब हमारे घरों में माताएं लकड़ी और कोयले से जलते चूल्हे पर रोटी और चावल पकाते और हम सामने बोरा बिछाकर बैठ देखते थे और पलभर में थाली में भोजन परोसा जाता था और हम ग्रहण कर बाहर प्रकृति की गोद में खटिया पर बैठकर या झाड़ों के बीच चक्कर लगाते या अपने कार्य पर चले जाते थे! मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र आज भी यह देखता हूं कि यही प्रक्रिया हमारे बड़े बुजुर्गों, पिछली पीढ़ियों और कई गांव शहरों में आज भी शुरू है!और खासियत है कि ऐसे लोगों में किसी भी प्रकार की बीमारी का कोई लक्षण नहीं था, पाश्चात्य संस्कृति का कोई लक्षण नहीं था, सीमित जिंदगी और सुखी जिंदगी की वह स्थिति!! आज उस ज़माने की बात करें कर कहते हैं न जाने कहां गए वो दिन!! इस प्रकार की पुरानी यादों की बात वरिष्ठ नागरिक करते हैं तो सुनकर बहुत आश्चर्य और अच्छा लगता है, उत्साह होता है कि ऐसी सुखी जिंदगी जीने की, यह थी टिकाऊ जीवन शैली। साथियों बात अगर हम वर्तमान जीवन शैली की करें तो इसके लिए उपरोक्त पुरानी टिकाऊ जीवन शैली की चर्चा करना बेहद ज़रूरी था जिसकी प्रित्यक्ष रिपोर्टिंग मैंने बुजुर्गों से की इसी जीवन शैली का नतीज़ा हमारे सामने माननीय पीएम द्वारा उल्लेखित 126 वर्षीय पदम पुरस्कार से सम्मानित बाबा शिवानंद का है जो पूरे विश्व के सामने एक मिसाल कायम है। साथियों बात अगर हम वर्तमान निष्क्रिय जीवन शैली और अस्वास्थकर आहार की करें तो वर्तमान में हम देख रहे हैं कि अनेक चाइनीस फूड, पिज़्ज़ा जैसे सैकड़ों ऐसे फास्ट फूड हैं जिसपर आहार के रूप में हमारी निर्भरता बढ़ गई है हमनें हर दिन या हर दूसरे तीसरे दिन इनको ग्रहण करने के का प्रचलन कायम कर दिए हैं। हालांकि यह फास्ट फूड ग्रहण करने का हमारा विरोध या टीकाटिप्पणी नहीं है परंतु हमारा उद्देश्य अस्वास्थ्यकर आहरों की आदत से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना है क्योंकि अगर हम दशकों पुराने ज़माने और आज के जमाने की निरंतर बढ़ती खाई, अस्वास्थ्यता, बीमारियों का प्रकोप, स्वास्थ्य स्थिरता, शारीरिक कष्ट इत्यादि सैकड़ों स्वास्थ्य खतरों की करें तो यह समस्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। अगर हम खासकर वर्तमान पीढ़ी, देश का भविष्य बच्चों और युवाओं को इस बढ़ते फास्ट फूड के प्रचलन से उत्पन्न स्वास्थ्य खतरों को रेखांकित नहीं करा पाए तो यह गैप बहुत बढ़ जाएगी और हमारी ओरिजिनल भारतीय आहार संस्कृति, टिकाऊ जीवन शैली, विलुप्तता की ओर बढ़ने लगेगी इसलिए समय आ गया है कि हम युवाओं में इसके प्रति जागरूकता अभियान चलाकर उन्हें सचेत करें। साथियों बात अगर हम पुरानी टिकाऊ जीवन शैली और वर्तमान जीवन शैली के अंतर की करें तो हमने कई बार सुना होगा,, दादा जी तुम तो पुरानी मज़बूत हड्डियों से बने हो! तुम्हारे पास पुराने ही घी मक्खन की ताकत है तुम पुराने ज़माने के सोने के अंडे खाए, लाभ पाए हो! इत्यादि इत्यादि बातें हम करते हैं जो बिल्कुल सच है परंतु यह असर कोई शक्तिशाली विटामिन का नहीं बल्कि टिकाऊ जीवन शैली, स्वास्थ्यकर आहार, नियमित कसरत, अपार मेहनत, प्रकृति की गोद में बिताए लम्हों की ताकत है जो स्वास्थ्य और शरीर को मजबूत और टिकाऊ बनाए हुए हैं इसीलिए हर बड़े बुजुर्ग का कर्तव्य है कि वह अपने मार्गदर्शन से एक सामाजिक टीम खड़ी कर युवाओं को हेल्दी फूड स्वस्थ्य आहार की आदत, पाश्चात्य जीवन शैली का त्याग, तेजी से बदलती जलवायु परिवर्तन के घातक परिणामों से सबक जैसे अनेक मुद्दों को रेखांकित कर युवाओं को मार्गदर्शन, जन जागरण अभियान चलाकर प्रेरित करें। साथियों बात अगर हम अस्वास्थ्यकर आहार के खतरों पर देश में बने कानूनों, नियमों, विनियमों, राज्य स्तरीय कानूनों, शासन, प्रशासन की करें तो हालांकि उपभोक्ता कानून सहित अनेक नियमों कानूनों में इस संबंध में सख्त धाराएं हैं परंतु ज़रूरत उस सख्ती के साथकानून लागू करनें की, जनता को जागृत करने की, अधिकारियों में जांबाजी और जज्बे की, जिसके बल पर कुछ कानून का सहारा, कुछ जनजागरण का सहारा, प्रोत्साहन, सतर्कता इत्यादि के बल पर हम इन से बचकर एक टिकाऊ जीवन शैली,स्वास्थ्यकर आहार, आदतों को अपनाकर अपने शरीर, स्वास्थ्य, जीवन को सुरक्षित और सकारात्मक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं। साथियों बात अगर हम दिनांक 10 अप्रैल 2022 को माननीय उपराष्ट्रपति द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो इस विषय पर उन्होंने भी कहा, भारत में गैर-संचारी रोगों में वृद्धि की चिंताजनक रूझान को रेखांकित करते हुए उन्होंने निजी क्षेत्र में चिकित्सा संस्थाओं से लोगों, विशेष रूप से युवाओं के बीच एक निष्क्रिय जीवन शैली और अस्वास्थ्यकर आहार की आदतों से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता पैदा करने का आग्रह किया। उन्होंने लोगों से निष्क्रिय जीवन शैली का त्याग करने और स्वस्थ जीवन जीने का तरीका अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी और तेजी से बदलती जलवायु हमें हमारी आदतों और जीवन के तरीके के बारे में कई सबक सिखाती है। उन्होंने प्रकृति की गोद में अधिक समय व्यतीत करने और अधिक टिकाऊ जीवन शैली अपनाने की अपील की। अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि टिकाऊ जीवन शैली अपनाएं। निष्क्रिय जीवन शैली और अस्वास्थ्यकर आहार की आदतों से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता पैदा करना ज़रूरी है। युवाओं के बढ़ते फास्ट फूड के प्रचलन से उत्पन्न स्वास्थ्य ख़तरों को रेखांकित करना समय की मांग है।

# राहुल गांधी: लगातार परिपक्व नेता जैसे ले रहे फैसले, लेकिन दिल्ली दूर है

**- सौरभ वार्ष्णेय**

इंडिया गठबंधन की बैठकों का उद्देश्य केवल चुनावी तालमेल नहीं, बल्कि विपक्षी दलों के बीच एक साझा राजनीतिक दृष्टि विकसित करना भी है। ऐसे मंचों पर राहुल गांधी बार-बार अब मजे हुए नेता की तरह कुछ प्रमुख बिंदुओं पर जोर देते दिखाई देते हैं। यानी क्या अब राहुल गांधी अब राजनीति का फलसफा समझ चुके हैं। अगर इसी राजनीति को दृष्टि से देखें तो गठबंधन के सहयोगियों को मुख्यत- तीन संदेश देना चाहते हैं—एकता बनाए रखें, संविधान और सामाजिक न्याय को साझा एजेंडा बनाएं, तथा आर्थिक और जनहित के मुद्दों पर संयुक्त संघर्ष करें। पुराने पैतरों को बदलें? यानी अब मोदी सरकार से लडने् के लिए जनता के बीच जाना होगा। अपने एयर कंडीशनर से निकल कर मुद्दों को जनता के बीच आंदोलन करना होगा? उनकी राजनीति का केंद्रीय विचार यह है कि विविधताओं से भरे विपक्ष को एक साझा लोकतांत्रिक मंच पर संगठित किया जाए। फिर भी, इस संदेश की वास्तविक सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि गठबंधन के विभिन्न दल अपने क्षेत्रीय हितों और राष्ट्रीय रणनीति के बीच कितना संतुलन स्थापित कर पाते हैं। यही इंडिया गठबंधन की सबसे बड़ी परीक्षा भी है और उसकी संभावित ताकत भी। राहुल गांधी का पहला संदेश यह प्रतीत होता है कि वैचारिक और क्षेत्रीय मतभेदों के बावजूद विपक्षी दलों को लोकतांत्रिक संस्थाओं, संघीय ढांचे और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए एकजुट रहना चाहिए। उनका तर्क रहा है कि यदि विपक्ष बिखरा रहेगा तो सत्तारूढ़ पक्ष को चुनौती देना कठिन होगा। इसलिए वे गठबंधन सहयोगियों से व्यक्तिगत और क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं से ऊपर उठकर सामूहिक रणनीति बनाने का आग्रह करते हैं। राहुल गांधी लगातार संविधान, आरक्षण, सामाजिक न्याय और आर्थिक असमानता जैसे मुद्दों को राजनीतिक विमर्श के केंद्र में रखने की कोशिश करते रहे हैं। गठबंधन के सहयोगियों को उनका संदेश यह माना जा सकता है कि चुनावी राजनीति केवल सीटों के गणित तक सीमित न रहे, बल्कि संविधान-सम्मत शासन, सामाजिक समावेशन और कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा जैसे मुद्दों पर साझा अभियान चलाया जाए।

गठबंधन की एक बड़ी चुनौती यह है कि इसमें अनेक शक्तिशाली क्षेत्रीय दल शामिल हैं। राहुल गांधी अक्सर यह संकेत देने का प्रयास करते हैं कि गठबंधन किसी एक दल का मंच नहीं है। वे सहयोगी दलों को यह भरोसा दिलाना चाहते हैं कि राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व की



चर्चा से अधिक महत्वपूर्ण विपक्ष की सामूहिक शक्ति है। यह संदेश गठबंधन के भीतर विश्वास बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। रोजगार, महंगाई, किसानों की आय और युवाओं के अवसर जैसे विषय राहुल गांधी के भाषणों में प्रमुखता से आते हैं।विपक्षी दलों को उनका संदेश यह हो सकता है कि जनता के रोजमर्रा के आर्थिक प्रश्नों को केंद्र में रखकर संयुक्त राजनीतिक अभियान चलाया जाए, क्योंकि यही वे मुद्दे हैं जिनसे व्यापक जनसमर्थन प्राप्त किया जा सकता है।राहुल गांधी कई बार इस बात पर बल देते हैं कि विपक्ष को केवल संसद में विरोध तक सीमित नहीं रहना चाहिए। जनआंदोलनों, जनसंपर्क अभियानों और सामाजिक संवाद के माध्यम से जनता के बीच भी सक्रिय रहना आवश्यक है।इस दृष्टिकोण में गठबंधन के सभी दलों की संयुक्त भागीदारी को महत्वपूर्ण माना जाता है। हालांकि राहुल गांधी का संदेश एकता और साझा संघर्ष पर आधारित दिखाई देता है, लेकिन इंडिया गठबंधन के सामने कई व्यावहारिक चुनौतियां भी हैं। राज्यों में सीट-बंटवारे को लेकर प्रतिस्पर्धा, क्षेत्रीय दलों की अलग-अलग राजनीतिक प्राथमिकताएं, नेतृत्व और रणनीति पर मतभेद, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों के बीच संतुलन। यही कारण है कि गठबंधन की बैठकों में केवल राजनीतिक संदेश पर्याप्त नहीं होता; उसे संगठनात्मक स्तर पर लागू करना भी उतना ही आवश्यक है।

**क्या राहुल गांधी नरेंद्र मोदी की अगली चाल समझ चुके हैं ?**

भारतीय राजनीति में नेतृत्व का मूल्यांकन केवल पद से नहीं, बल्कि अनुभव, निरंतरता और जनसरोकारों से जुड़ाव के आधार पर किया जाता है। लंबे समय तक आलोचनाओं और राजनीतिक चुनौतियों का सामना करने के बाद राहुल गांधी की राजनीतिक शैली में उल्लेखनीय परिवर्तन दिखाई देता है। यही कारण है कि आज यह प्रश्न गंभीरता से पूछा जा रहा है कि क्या वे एक मँजे हुए नेता के रूप में उभर चुके हैं। बार-बार जनता के बीच आकर नरेंद्र मोदी सरकार की हर चाल समझ चुके हैं जिस कारण वह हर मुद्दे पर बेबाकी से अपनी बात रख भविष्य वाणी कर देते हैं। पिछले कुछ वर्षों में उनकी राजनीति केवल चुनावी भाषणों तक सीमित नहीं रही। देशभर की यात्राओं, विभिन्न सामाजिक वर्गों से संवाद और लगातार सार्वजनिक हस्तक्षेपों ने उनकी राजनीतिक छवि को नया आयाम दिया है। पहले उन्हें अक्सर अनुभवहीन या अनिश्चित नेता के रूप में प्रस्तुत किया जाता था, लेकिन अब वे कई राष्ट्रीय मुद्दों पर अधिक स्पष्ट और आत्मविश्वासपूर्ण दिखाई देते हैं।हालाँकि, किसी भी नेता के परिपक्व होने का अंतिम पैमाना केवल जनसभाओं की लोकप्रियता नहीं, बल्कि चुनावी सफलता, संगठन को मजबूत करने की क्षमता और वैकल्पिक नीतिगत दृष्टि प्रस्तुत करना भी होता है। इस मोर्चे पर उनके सामने अभी भी चुनौतियाँ मौजूद हैं। उन्हें अपनी राजनीतिक स्वीकार्यता को व्यापक जनसमर्थन में बदलना होगा।फिर भी यह कहना उचित होगा कि राहुल गांधी की राजनीति में पहले की तुलना में अधिक धैर्य, निरंतरता और रणनीतिक समझ दिखाई देती है। आलोचक भले ही उनके बारे में अलग राय रखें, लेकिन यह स्वीकार करना कठिन नहीं कि उन्होंने अपने राजनीतिक सफर में महत्वपूर्ण परिपक्वता हासिल की है। भारतीय लोकतंत्र में यह बदलाव उन्हें एक अधिक गंभीर और मँजे हुए नेता के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है।

**क्या तृणमूल कांग्रेस का कांग्रेस में विलय होगा?**-हाल के दिनों में अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस और इंडियन नेशनल कांग्रेस के बीच संभावित विलय की चर्चाओं ने राजनीतिक हलकों में हलचल पैदा की है। इसकी मुख्य वजह टीएमसी में आंतरिक असंतोष, नेताओं की बगावत और शीर्ष नेतृत्व की कांग्रेस नेताओं से हुई मुलाकातें रही हैं। लेकिन उपलब्ध तथ्यों को देखें तो फिलहाल विलय की संभावना कम दिखाई देती है। टीएमसी के वरिष्ठ नेताओं ने बार-बार इन अटकलों को बेबुनियाद और फेंक न्यूज़ बताया है। वहीं कांग्रेस नेतृत्व ने भी स्पष्ट किया है कि हाल की बैठकों में विलय का कोई मुद्दा नहीं उठा था। हालाँकि, राजनीति में संभावनाओं के दरवाज़े कभी पूरी तरह बंद नहीं होते। दोनों दल भाजपा-विरोधी राजनीति के साझा मंच पर सहयोग बढ़ाने के इच्छुक दिखते हैं। कुछ नेताओं ने भविष्य में गठबंधन या व्यापक विपक्षी समन्वय की संभावना से भी इनकार नहीं किया है।राजनीतिक दृष्टि से देखें तो टीएमसी का कांग्रेस में पूर्ण विलय आसान नहीं होगा। टीएमसी की अपनी क्षेत्रीय पहचान, संगठनात्मक ढाँचा और नेतृत्व संरचना है, जबकि कांग्रेस एक राष्ट्रीय दल है। विलय की स्थिति में नेतृत्व, संगठन और राजनीतिक प्रभाव के प्रश्न उठेंगे।

# उत्तराखंड कांग्रेस में नई कार्यसमिति के गठन को लेकर असमंजस

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

उत्तराखंड कांग्रेस में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर कार्यकर्ताओं का इंतजार लगातार बढ़ता जा रहा है। कई बार जल्द घोषणा के संकेत मिलने के बावजूद अब तक हाईकमान की अंतिम मंजूरी नहीं मिल सकी है। वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल पुरानी टीम के साथ संगठन का काम चला कर रहे हैं।

प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने देहरादून पहुंचने पर स्पष्ट किया था कि राहुल गांधी के उत्तराखंड दौरे के बाद नई पीसीसी कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी।लेकिन राहुल गांधी का उत्तराखंड दौरा खराब मौसम के चलते रद्द हो गया ,हालांकि उन्होंने वर्चुअल सम्बोधन कर कार्यकर्ताओ का मनोबल बढ़ाने की कोशिश की।प्रदेश प्रभारी शैलजा ने कहा कि कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में पूरी तरह जुटी हुई है और संगठन को मजबूत बनाने के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व सक्रिय भूमिका निभा रहा है। कांग्रेस हाईकमान प्रदेश संगठन की छोटी और प्रभावी टीम बनाकर नेताओं की जिम्मेदारियां तय करना चाहता है। हालांकि, वरिष्ठ नेताओं द्वारा अपने समर्थकों के नामों की लंबी सूची भेजे जाने के कारण कार्यकारिणी के गठन पर अंतिम फैसला अभी तक नहीं हो पाया है।कुमारी सैलजा ने कहा कि राहुल गांधी का वर्चुअल भाषण कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार कर गया है। विधानसभा और लोकसभा चुनावों में लगातार हार के बाद कांग्रेस को उम्मीद है कि राष्ट्रीय नेतृत्व की सक्रियता से संगठन को मजबूती मिलेगी।प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को आमंत्रित तो किया जा रहा है, लेकिन व्यवस्थाओं के मामले में सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने दावा किया कि जनता इस



बार सरकार को जवाब देगी।

प्रदेश नेतृत्व का मानना है कि राहुल के उदबोधन से संगठन को नई दिशा मिली है और 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी को मजबूती प्राप्त हुई।लेकिन सवाल यह उठता है कि कांग्रेस समय से क्यो नही अपने निर्णय ले पाती।चाहे चुनाव में टिकट देने का मामला हो या फिर कार्यकारिणी गठन का मुद्दा कांग्रेस निर्णय लेने में ज्यादातर देरी ही करती है।साथ ही जमीन से जुड़े निष्ठावान कार्यकर्ताओ के बजाए अवसरवादी आगे आकर कांग्रेस के चुनाव परिणामों को गुड़ गोबर कर देते है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल के सामने कांग्रेस की मौजूद चुनोतियाँ साफ दिखती है, गुटों में बंटी कांग्रेस इकाई का नेतृत्व करना, वह भी 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले बेहद कठिन कहा जा सकता है।वह भी तब जब कांग्रेस पार्टी सन 2017 और सन 2022 के दो विधानसभा चुनाव हार चुकी हो, साथ ही राज्य की लगातार तीन लोकसभा चुनावों में भी एक भी सीट कांग्रेस नहीं जीत पाई है,जो पार्टी की कमजोर हालत को प्रमाणित करता है।दो बार के विधायक गणेश गोदियाल, जिन्हें कभी हरीश रावत का करीबी माना जाता था,का पुन: पदारूढ़ होने से उम्मीद है कि वे हरीश रावत को अपने से भी आगे करके चलेंगे। 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले वह राज्य में कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके है, लेकिन उनके चुनाव हारने के बाद उनकी जगह करन माहरा को दे दी गई,परन्तु कांग्रेस कोई चमत्कार नही कर पाई।

हरीश रावत ने स्वयं को पीछे करते हुए सार्वजनिक रूप से सुझाव दिया था कि अगला विधानसभा चुनाव कांग्रेस को प्रीतम सिंह (जो पांच बार के विधायक हैं) के नेतृत्व में लड़ना चाहिए। उनका यह बयान पार्टी में एकता का पहला कदम कहा जा सकता है।जब कांग्रेस उत्तराखंड में सत्ता में थी, तब भी हरीश रावत लगातार संघर्षों में फंसे रहे, पहले एन.डी. तिवारी को उनका हक दे दिया गया,जिससे टकराव की स्तिथि बनी रही और बाद में मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा को बनाकर फिर से हरीश रावत को किनारे करने की कोशिश की गई।लेकिन प्राकृतिक आपदा में विजय बहुगुणा के फेल हो जाने के कारण उनकी जगह सन 2014 में हरीश रावत को मुख्यमंत्री पद पर रिप्लेस किया गया।यह बदलाव उस समय आया जब विजय बहुगुणा पर जून 2013 की केदारनाथ आपदा से निपटने को लेकर भारी आलोचना हो रही थी क्योंकि आपदा के समय विजय उत्तराखंड के बजाए दिल्ली में डेरा डाले हुए थे।पिछले दिनों करन माहरा को सीडब्ल्यूसी और प्रीतम सिंह को सीईसी में शामिल किया जाना, कांग्रेस हाईकमान द्वारा राज्य में प्रतिस्पर्धी गुटों के बीच संतुलन बनाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है, इसे हरीश रावत को उनकी नाखुशी के बावजूद केंद्रीय नेतृत्व से जोड़कर रखने की रणनीति भी माना जा रहा है।अपनी बढ़ती उम्र में भी बेहद सक्रिय कांग्रेस के शीर्ष नेता हरीश रावत के पास वर्तमान में कोई ठोस दायित्व नही है,फिर भी वे राज्य के सर्वाधिक सक्रिय नेता कहे जा सकते है।ऐसे में उनकी अनदेखी करके कांग्रेस कोई भी चुनाव फिलहाल नही लड़ सकती और यदि ऐसा हुआ तो फिर से कांग्रेस की लुटिया डूबने में देर नही लगेगी।पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा भी है कि वे पार्टी के लिए बूथ अध्यक्ष तक बनने को तैयार है। कांग्रेस ही नही अन्य राजनीतिक दलों को भी उत्तराखंड के इस सर्वमान्य नेता का सम्मान करना चाहिए।

# अमेरिका-ईरान समझौता: पश्चिम एशिया में शांति का नया अध्याय

**एडवोकेट किशन सनमुखदास -पूरे विश्व की निगाहें इन सीमित दिनों की वार्ता पर? -समग्र व्यापक विश्लेषण**

वास्तविक परीक्षा अभी शुरू हुई है, वार्ता सफल रही तो पश्चिम एशिया में एक नया भू- राजनीतिक युग प्रारंभ हो सकता है, विफलता की स्थिति में तनाव पुन:उभरेगा

अमेरिका-ईरान समझौता केवल द्विपक्षीय दस्तावेज नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव वैश्विक ऊर्जासुरक्षा अंतरराष्ट्रीय व्यापार, तेल बाजार, शेयर बाजारों, समुद्री परिवहन, पश्चिम एशिया की सामरिक स्थिरता तथा विश्व अर्थव्यवस्था पर पड़ने पड़ेगा गोंदिया - वैश्विक स्तरपर 18 जून 2026 को वैश्विक कूटनीति के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ देखने को मिला,जब अमेरिकी राष्ट्रपति और ईरानी राष्ट्रपति ने बहुचर्चित 14-सूत्रीय इस्लामाबाद मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर गुरुवार सुबह डिजिटल हस्ताक्षर कर दिए।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने 18 जून 2026 को इस समझौते पर आधिकारिक रूप से इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर किए, जिसके बाद यह तुरंत प्रभावी हो गया दोनों देशों के बीच इस अंतरिम समझौते के मुख्य मसौदे पर सहमति रविवार,14 जून 2026 को ही बन गई थी. इसके बाद 17 जून 2026 को अमेरिकी अधिकारियों ने इसके 14 बिंदुओं को सार्वजनिक तौर पर मीडिया के सामने पढ़ा था, 18 जून 2026 से यह समझौता लागू होते ही दोनों पक्षों के बीच अगले 60 दिनों के भीतर एक अंतिम और स्थायी शांति समझौते पर पहुंचने के लिए बातचीत की औपचारिक शुरुआत हो गई है,इसके साथ ही अमेरिका और ईरान के बीच महीनों से चल रहे सैन्य तनाव, होर्मुज जलडमरूमध्य संकट, आर्थिक प्रतिबंधों और परमाणु विवाद को नियंत्रित करने के लिए एक अंतरिम ढांचा औपचारिक रूप से लागू हो गया। यह समझौता तत्काल प्रभाव से युद्धविराम लागू करता है तथा अगले 60 दिनों के भीतर एक स्थायी शांतिसमझौते की दिशा में वार्ता का मार्ग प्रशस्त करता है। मैं



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि यह समझौता केवल दो देशों के बीच का द्विपक्षीय दस्तावेज नहीं है,बल्कि इसका प्रभाव वैश्विक ऊर्जासुरक्षा अंतरराष्ट्रीय व्यापार,तेल बाजार, शेयर बाजारों, समुद्री परिवहन,पश्चिम एशिया की सामरिक स्थिरता तथा विश्व अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाला है। यही कारण है कि न्यूयॉर्क से लेकर टोक्यो, लंदन से लेकर मुंबई और बीजिंग से लेकर ब्रुसेल्स तक वित्तीय संस्थान, निवेशक, तेल कंपनियां और रणनीतिक विशेषज्ञ इस समझौते पर बारीकी से नजर रखे हुए हैं। साथियों, समझौते का सबसे महत्वपूर्ण बिंदु तत्काल और व्यापक युद्धविराम है।अमेरिका, ईरान और उनके सहयोगी पक्षों ने लेबनान सहित सभी मोर्चों पर सैन्य अभियानों को समाप्त करने तथा भविष्य में एक-दूसरे के विरुद्ध बल प्रयोग न करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। पिछले कई महीनों से क्षेत्र में जिस प्रकार मिसाइल हमले, ड्रोन हमले, नौसैनिक अवरोध और प्रॉक्सी संघर्ष चल रहे थे, उनके कारण पूरा पश्चिम एशिया युद्ध के मुहाने पर पहुंच गया था। ऐसे समय में युद्धविराम की यह घोषणा वैश्विक राहत का विषय बनी है।इस समझौते का दूसरा महत्वपूर्ण आधार दोनों देशों द्वारा एक-दूसरे की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना है। पिछले चार दशकों से अमेरिका और ईरान के संबंध अविश्वास, प्रतिबंधों,सैन्य धमकियों और वैचारिक संघर्षों से प्रभावित रहे हैं। ऐसे में यह प्रावधान भविष्य के संबंधों के लिए एक नया कूटनीतिक आधार तैयार कर सकता है। तीसरा और सबसे चर्चित बिंदु 60 दिनों की वार्ता अवधि है। वास्तव में यह समझौता अंतिम शांति संधि नहीं है बल्कि एक अंतरिम व्यवस्था है। अगले 60 दिनों में दोनों पक्ष परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंधों की समाप्ति, सुरक्षा गारंटी, क्षेत्रीय स्थिरता और आर्थिक सहयोग जैसे जटिल मुद्दों पर अंतिम समझौते का प्रयास करेंगे।इसलिए यह कहना अधिक उचित होगा कि वास्तविक परीक्षा अभी शुरू हुई है। यदि वार्ता सफल रही तो पश्चिम एशिया में एक नया भू-राजनीतिक युग प्रारंभ हो सकता है, जबकि विफलता की स्थिति में तनाव पुन: उभर सकता है। साथियों, वैश्विक अर्थव्यवस्था की दृष्टि से सबसेमहत्वपूर्ण बिंदु होर्मुज जलडमरूमध्य का पुन: खुलना है। विश्व के लगभग 20 प्रतिशत तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति इसी मार्ग से होती है। हाल के तनावों के कारण यहां जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई थी, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में भारी उतार- चढ़ाव आया। समझौते के अनुसार ईरान अगले 60 दिनों तक वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षित और शुल्क-मुक्त आवाजाही सुनिश्चित करेगा, जबकि अमेरिका अपनी नौसैनिक नाकेबंदी हटाएगा। इससे वैश्विक ऊर्जा बाजारों में स्थिरता आने की संभावना बढ़ गई है। साथियों, भारत जैसे ऊर्जा आयातक देशों के लिए यह प्रावधान विशेष महत्व रखता है। भारत अपने ऊर्जा आयात का बड़ा हिस्सा पश्चिम एशिया से प्राप्त करता है। यदि होर्मुज मार्ग सुचारू रूप से खुला रहता है तो तेल कीमतों पर दबाव कम होगा, आयात लागत नियंत्रित रहेगी और मुद्रास्फीति को सीमित रखने में सहायता मिलेगी। इसके परिणामस्वरूप भारतीय अर्थव्यवस्था, उद्योगों और उपभोक्ताओं को प्रत्यक्ष लाभ मिल सकता है।समझौते का छठा बिंदु 300 अरब डॉलर केपुनर्निर्माण एवं आर्थिक विकास फंड से जुड़ा है।अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार यह प्रत्यक्ष युद्ध हर्जाना नहीं होगा, बल्कि अमेरिका और उसके क्षेत्रीय सहयोगियों द्वारा समर्थित निवेश एवं विकास ढांचा होगा।

# पंचकुला विधानसभा की पंचायतों को मिली विकास की नई सौगात

## *3.10 करोड़ रुपये मंजूर होने पर सरपंचों ने जताया मुख्यमंत्री नायब सैनी व ज्ञानचंद गुप्ता का आभार*

**बरवाला, 20 जून ( प्रवीन कुमार ) :** पंचकूला विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के लिए विकास कार्यों को नई गति देने वाली बड़ी सौगात सामने आई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पंचायतों के विकास के लिए घोषित की गई राशि को स्वीकृति मिलने के बाद क्षेत्र के सरपंचों और पंचायत प्रतिनिधियों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

पंचायत प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार तथा हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञानचंद गुप्ता का आभार व्यक्त करते हुए इसे ग्रामीण विकास को मजबूती प्रदान करने वाला ऐतिहासिक कदम बताया। सरपंचों ने कहा कि पंचायतों के विकास कार्यों को गति देने के लिए लंबे समय से अतिरिक्त वित्तीय सहायता की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। अब राशि स्वीकृत होने से गांवों में रुके हुए विकास कार्यों को तेजी से पूरा किया जा सकेगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा और गांवों के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी। पंचकूला विधानसभा क्षेत्र की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत बरवाला को सर्वाधिक 43



लाख रुपये की राशि प्राप्त हुई है। ग्राम पंचायत बरवाला के सरपंच ओम सिंह राणा ने सभी पंचायत प्रतिनिधियों की ओर से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता का धन्यवाद करते हुए कहा कि सरकार द्वारा दी गई यह राशि गांवों के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी। इसके माध्यम से पेयजल, सड़क, सफाई, स्ट्रीट लाइट और अन्य आवश्यक सुविधाओं से जुड़े कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सकेगा। पंचकूला विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों को कुल 3 करोड़ 10 लाख रुपये की राशि स्वीकृत हुई है। इनमें ग्राम पंचायत बरवाला को 43 लाख रुपये, कनोली को 24 लाख, सुंदरपुर को 16 लाख, कामी को 35 लाख, बटवाल को 24 लाख, खेतपुराली को 26 लाख, सबीलापुर को 18 लाख, रत्तेवाली को 12 लाख, टिब्बी को 29 लाख, नयागांव को 20 लाख, बूंगा को 35 लाख तथा भगवानपुर को 23 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई है। इस अवसर पर सरपंच ओम सिंह राणा (बरवाला), चरणजीत सिंह (कामी), प्रीति धीमान (सुंदरपुर), मीनू राणा (कनोली), कविता चौधरी (बूंगा), विधि चंद शर्मा (बटवाल), विशाल शर्मा (रत्तेवाली), उषा रानी (टिब्बी), सरिता शर्मा (खेतपुराली), हरचरण सिंह (भगवानपुर) तथा मंदीप सिंह (नयागांव) ने एक स्वर में कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में ग्रामीण विकास को नई गति मिली है।

वहीं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता के निरंतर प्रयासों के कारण पंचकूला विधानसभा क्षेत्र की पंचायतों को लगातार मजबूती मिल रही है।

उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधिमंडल जल्द ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार तथा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता से समय लेकर उनसे मुलाकात करेगा और ग्रामीण विकास के लिए प्रदान की गई इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए उनका व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करेगा।

# छात्रों के साथ अन्याय के खिलाफ कांग्रेस सड़क से संसद तक लड़ेगी : डॉ. राजेश वैद्य

## *नीट घोटाले पर कांग्रेस का हमला : शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग, बोले : 24 लाख छात्रों का भविष्य दांव पर*

**निसिंग, 20 जून ( जोगिंद्र सिंह ) :** नीट पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जिला करनाल कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष डॉ. राजेश वैद्य वाल्मीकि ने प्रेस वार्ता में आरोप लगाया कि केंद्र सरकार युवाओं के भविष्य की रक्षा करने में पूरी तरह विफल रही है और लाखों छात्रों की मेहनत पर पानी फेर दिया गया है। डॉ. वैद्य ने कहा कि नीट पेपर लीक केवल परीक्षा में गड़बड़ी नहीं, बल्कि देश के करोड़ों युवाओं के सपनों पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के बच्चे दिन-रात मेहनत कर डॉक्टर बनने का सपना देखते हैं, लेकिन पेपर लीक माफिया और व्यवस्था की नाकामी ने उनकी उम्मीदों को झटका दिया है। उन्होंने मांग की की नीट परीक्षा को रद्द कर पारदर्शी तरीके से दोबारा आयोजित किया जाए तथा पूरे मामले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एसआईटी जांच करवाई जाए। कांग्रेस नेता ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को भंग कर नई विश्वसनीय परीक्षा व्यवस्था बनाने



की मांग भी उठाई। डॉ. वैद्य ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस पूरे मामले के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए उनके तत्काल इस्तीफे की मांग की। उन्होंने कहा कि पेपर लीक में शामिल सभी दोषियों को जेल भेजा जाए और प्रभावित छात्रों को न्याय के साथ-साथ मानसिक प्रताड़ना का उचित मुआवजा भी दिया जाए। उन्होंने कहा कि जब 24 लाख छात्रों का भविष्य संकट में पड़ा तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संसद से लेकर सड़क तक छात्रों की आवाज उठाई। राहुल गांधी लगातार मांग कर रहे हैं कि युवाओं के साथ हुए अन्याय की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। डॉ. वैद्य ने कहा कि यह लड़ाई केवल एक परीक्षा की नहीं, बल्कि देश के युवाओं के भविष्य और शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता बचाने की लड़ाई है।

उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस छात्रों के अधिकारों और न्याय की इस लड़ाई को आगे भी मजबूती से उठाती रहेगी। प्रेस वार्ता में कृष्ण शर्मा बसताड़ा, रॉबिन माइकल, सचिन बुढ़नपुर, विनोद वाल्मीकि, सरदार गुरविंदर सिंह, अमन जोशी, चेतराम सांवरा, अंकित चौहान, हरपाल संधू, सत्यवान, सोनू कश्यप सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने पर अब पूरा ब्याज माफ, 30 के बाद संपत्ति होगी सील

**यमुनानगर, 20 जून ( दिनेश कुमार ) :** प्रॉपर्टी टैक्स के बकाएदार 30 जून तक बिना ब्याज दिए अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवा सकते है। एकमुश्त प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाने पर उस पर लगा ब्याज शत-प्रतिशत माफ है। ब्याज की माफी की सरकार की यह योजना केवल 30 जून तक है। संपत्ति मालिक तीनों नगर निगम कार्यालयों में अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाकर सरकार की ब्याज माफी योजना का लाभ उठा सकते है। 30 जून के बाद नगर निगम द्वारा पूरे ब्याज समेत प्रॉपर्टी टैक्स वसूला जाएगा और प्रॉपर्टी टैक्स के बकाएदारों की संपत्ति सील करने की कार्रवाई की जाएगी। मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा एकमुश्त प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने पर शत प्रतिशत ब्याज माफी की योजना शुरू की गई है। जिसके अनुसार वर्ष 2010-11 से 2024-25 तक के प्रॉपर्टी टैक्स बकाये पर लगने वाले पूरे ब्याज को माफ किया गया है। 30 जून तक जो भी संपत्ति मालिक अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराता है, उसके प्रॉपर्टी टैक्स पर लगा पूरा ब्याज माफ होगा। प्रॉपर्टी मालिक जगाधरी, कन्हैया साहिब चौक और शहीद भगत सिंह चौक स्थित नगर निगम कार्यालयों के नागरिक सुविधा केंद्रों में टैक्स जमा करवा सकते है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ केवल उन्हीं करदाताओं को मिलेगा, जो निर्धारित समय सीमा तक बकाया राशि जमा कराने के साथ-साथ अपनी संपत्ति को स्वयं सत्यापित कराएंगे। 30 जून के बाद पूरे ब्याज समेत प्रॉपर्टी टैक्स वसूला जाएगा। मेयर सुमन बहमनी ने सभी प्रॉपर्टी टैक्स के बकाएदारों से अपील की है कि वे 30 जून से पहले बिना ब्याज दिए अपना संपत्ति कर



जमा कराएं और अपनी संपत्ति को सील होने से बचाएं।

**एक लाख रुपये से अधिक टैक्स के बकाएदारों की होगी संपत्तियां सील :** क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अजय वालिया ने बताया कि नगर निगम यमुनानगर-जगाधरी क्षेत्र में लगभग दो लाख 17 हजार 500 संपत्तियां है। काफी संख्या में ऐसे बकाएदार है, जिनके पास प्रॉपर्टी टैक्स लंबित है। बकाएदारों के पास 30 जून तक बिना ब्याज दिए अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने का मौका है, इसके बाद बकाएदारों की संपत्ति सील करने की कार्रवाई की जाएगी। प्रॉपर्टी धारकों से अपील है कि वे सरकार की इस योजना का लाभ उठाए और बिना ब्याज दिए अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराएं। समय अवधि खत्म होने पर पूरे ब्याज समेत टैक्स वसूला जाएगा।

**जल्द निपटाए प्रॉपर्टी टैक्स संबंधित ऑब्जेक्शन :** मेयर सुमन बहमनी ने प्रॉपर्टी टैक्स से संबंधित ऑब्जेक्शन निपटाने के लिए निगम अधिकारियों को आदेश जारी किए है। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रॉपर्टी टैक्स पर ब्याज माफी की योजना शुरू की है। कुछ लोगों ने योजना का लाभ उठाने के लिए प्रॉपर्टी टैक्स से संबंधित ऑब्जेक्शन लगाए है। जनहित को ध्यान में रखते हुए सभी अधिकारी जल्द से जल्द प्रॉपर्टी टैक्स के लंबित ऑब्जेक्शन जल्द से जल्द निपटाए।

# सभी ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी स्थापित करने के लिए प्रशासन एक्शन मोड

## *डीसी ने लघु सचिवालय के सभागार में पंचायती राज संस्थाओं के अधिकारी के साथ की समीक्षा, दिए आवश्यक निर्देश*

**करनाल, 20 जून ( सोनी दुआ ) :** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल द्वारा जिला की सभी ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी स्थापित करने के निर्णय को धरातल पर उतारने के लिए जिला प्रशासन एक्शन मोड में कार्य कर रहा है। इस कार्य को तेज गति से पूरा करने के लिए उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने शनिवार को लघु सचिवालय के सभागार में पंचायती राज संस्थाओं के अधिकारी के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में करनाल के सांसद एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि कंविद्र राणा भी मौजूद रहे। बता दे कि लिया गया है। उपायुक्त ने सभी खंड एवं पंचायत अधिकारी व पंचायती राज के एसडीओ को निर्देश दिए कि वे ग्राम




पंचायतों में लाइब्रेरी की स्थापना को लेकर संयुक्त रूप से निरीक्षण करें और लाइब्रेरी की उपयोगिता के लिए उचित स्थान, गांव की जनसंख्या के अनुसार भवन तथा फर्नीचर व कम्प्यूटर की आवश्यकता की रिपोर्ट तैयार करके जल्द से जल्द उपायुक्त कार्यालय में भेजें तथा शपथ पत्र भी दें। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है, इसकी गंभीरता को समझे और प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाएं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जो भी अधिकारी इस कार्य में ढिलाई बरतेगा, उसके विरूद्ध प्रशासनिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि डी-प्लान के तहत 106 ग्राम पंचायतों में अगले 3 महीनों में लाइब्रेरी स्थापित करने के लक्ष्य को पूरा करें। इस कार्य की हर सप्ताह समीक्षा होगी। समीक्षा बैठक में जिला परिषद के सीईओ अमित कुमार ने बताया कि 395 ग्राम पंचायतों में से 131 ग्राम पंचायतों की लाइब्रेरी स्थापित हो चुकी है, 106 ग्राम पंचायतों में भवन के नवीनीकरण व फर्नीचर उपलब्ध करवाने के लिए 5 करोड़ 72 लाख रुपये का अनुमानित बजट जिला परियोजना अधिकारी को भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि 103 ग्राम पंचायतों में जगह उपलब्ध है, वहां भवन निर्माण व अन्य सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए 25 करोड़ 81 लाख रुपये के कार्य डी-प्लान के तहत स्वीकृत किए जा चुके है। इसके अलावा 55 ग्राम पंचायतों में जगह उपलब्ध नही है। उन्होंने जुलाई माह के पहले सप्ताह में कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों से जिला में शिवधाम स्थापित करने की समीक्षा की, इस पर अधिकारियों ने बताया कि 395 ग्राम पंचायतों में 306 में कार्य पूरा हो चुका है, 74 शिव धाम की निर्माण के लिए करीब 11 करोड़ 90 लाख रुपये का अनुमानित बजट स्वीकृति के लिए सरकार को भेजा गया है, 15 में नोट फीजिबल पाए गए है। इसके बाद उपायुक्त ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन सुनवाई कार्यक्रम में प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं की समीक्षा की, इस पर अधिकारियों ने बताया कि अधिकांश समस्याओं का समाधान हो चुका है, केवल न्यायालय में मामला विचाराधीन के कारण शेष समस्याएं लंबित है। बैठक में सांसद प्रतिनिधि कंविद्र राणा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का गांवों में लाइब्रेरी के लिए भवन बनाना ही उद्देश्य नही बल्कि उनकी सोच है कि गांवों में लाइब्रेरी का सही तरह से बच्चे उपयोग करें और वे अपने गांव में ही सरकारी नौकरियों के लिए तैयारी कर सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भाजपा सरकार के कार्यकाल में बिना पर्ची-बिना खर्ची के युवाओं को सरकारी नौकरी मिल रही है। इस अवसर पर एडीसी डा. राहुल रईया, एसीयूटी सोहम शैलेन्द्र, एसडीएम देवेंद्र शर्मा, जिला परिषद के सीईओ अमित कुमार, डीडीपीओ कंचन लता, जिला परिषद के कार्यकारी अभियंता प्रदीप कुमार, सभी खंड एवं पंचायत अधिकारी मौजूद रहे।

# भारत की सनातन संस्कृति का वह अमूल्य उपहार है योग : विश्राम कुमार मीणा

**कुरुक्षेत्र, 20 जून ( करणदीप सिंह ) :** डी.सी विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि योग भारत की सनातन संस्कृति का वह अमूल्य उपहार है, जिससे संपूर्ण मानवता का कल्याण संभव है। योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि शरीर, मन, आत्मा और समाज को जोडने वाली एक संपूर्ण जीवन पद्धति है। नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत तथा विचार सकारात्मक बनते हैं। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा शनिवार को महाभारत अनुभव केंद्र ज्योतिसर में आयोजित पायलट रिहर्सल में बोल रहे थे। इससे पहले उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने पायलट रिहर्सल में शामिल होकर सभी योग, आसन, प्राणायाम व अन्य क्रियाओं को किया। इसके बाद 21 जून को आयोजित होने वाले 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा भी की। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा को जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. मंजू शर्मा ने पुष्प गुच्छ देकर पायलट रिहर्सल में स्वागत किया। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि 21 जून को 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय भव्य समारोह का आयोजन महाभारत अनुभव केंद्र ज्योतिसर में पहली बार किया जाएगा। इस समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसमें हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण और अंत्योदय, सत्कार, वास्तुकला मंत्री कृष्ण कुमार बेदी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष योग दिवस का थीम स्वस्थ आयु के लिए योग एवं योग युक्त-नशा मुक्त हरियाणा रखा गया है। समारोह का शुभारंभ प्रातः 6 बजे होगा। इसके उपरांत अतिथियों का स्वागत किया जाएगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश प्रसारित किए जाएंगे। इसके बाद आयुष विभाग के योग विशेषज्ञों द्वारा सुबह 7 बजे से 7:45 बजे तक सामान्य योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया जाएगा। योगाभ्यास के उपरांत मुख्य अतिथि हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण और अंत्योदय, सत्कार, वास्तुकला मंत्री कृष्ण कुमार बेदी उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे तथा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रतिभागियों एवं संस्थाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने जिले के सभी नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर स्वस्थ, सकारात्मक एवं नशा-मुक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। पतंजलि मंडल प्रभारी पालाराम व भारतीय योग संस्थान के संगठन मंत्री गुलशन ग्रोवर ने साधकों को योग, प्राणायाम, आसन व अन्य क्रियाओं को करवाया। इस मौके पर एसडीएम अमन कुमार, सीएमओ डा. सुखबीर, डीआईपीआरओ डा. नरेंद्र सिंह, डीएओ डा. मंजू शर्मा, डा. जागीर, डा. संदीप सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# अग्रवाल वैश्य समाज की प्रदेश युवा इकाई का शपथ ग्रहण समारोह आज



**करनाल, 20 जून ( संदीप रोहिला ) :** अग्रवाल वैश्य समाज की प्रदेश युवा इकाई का शपथ ग्रहण समारोह 21 जून को होगा। करनाल के अग्रसेन भवन सेक्टर आठ में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला शिरकत करेंगे। यह जानकारी युवा इकाई के प्रदेश महासचिव विकास बंसल ने दी। उन्होंने कहा कि समारोह में नवनियुक्त पदाधिकारियों को दायित्व ग्रहण करवाए जाएंगे। संगठन के उद्देश्यों व कार्य योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। युवा प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु गोयल, कार्यकारी अध्यक्ष मयंक गर्ग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, रवि गर्ग, उपाध्यक्ष युगल गुप्ता, निखिल बंसल व महासचिव विकास बंसल प्रमुख तौर अपने विचार रखेंगे। समारोह सुबह 11 बजे शुरू होगा।

# आयुष विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल का अभ्यास किया



**मूनक, 20 जून ( जय भगवान ) :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अंतर्गत गांव गुल्लरपुर में योग सहायक रीना रानी द्वारा योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गया। इस प्रोटोकॉल का पुरुषों महिलाओं एवं बच्चों ने उत्साह के साथ अभ्यास किया। गांव में प्रतिदिन सुबह रीना रानी द्वारा योग कक्षा ली जाती है। योग प्रोटोकॉल के साथ-साथ गांव की व्यायाम शाला में हरित योग कार्यक्रम के अंतर्गत सरपंच सुरेश कुमार, हिना देवी एवं योग सहायक रीना रानी द्वारा पौधारोपण भी किया। योग सहायक रीना रानी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए लोगों को पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया गया।

# अनाजमंडी में 27 हजार 206 क्विंटल सूरजमुखी की हुई आवक

**बाबैन, 20 जून ( राजेश ):** बाबैन अनाजमंडी में सूरजमुखी की फसल की आवक लगातार बढ़ रही है। किसानों द्वारा बड़ी मात्रा में मंडी में लाई जा रही सूरजमुखी की फसल की खरीद और उठान का कार्य भी तेजी से



किया जा रहा है। मौसम साफ रहने के कारण खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो रही है, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा। बाबैन अनाजमंडी में अब तक कुल 27 हजार 206 क्विंटल सूरजमुखी की आवक दर्ज की जा चुकी है। इनमें से 26 हजार 214 क्विंटल सूरजमुखी की खरीद की जा चुकी है। इसके अलावा खरीदी गई फसल में से 15 हजार 129 क्विंटल सूरजमुखी का उठान भी किया जा चुका है। मार्किट कमेटी सचिव गुरमीत सैनी ने कहा कि खरीद एजेंसियों द्वारा सूरजमुखी की फसल की खरीद के साथ-साथ उसके उठान का कार्य भी समय पर किया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप किसानों को उनकी फसल का भुगतान भी नियमानुसार समय पर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष इसी अवधि तक मंडी में केवल 10 हजार 823 क्विंटल सूरजमुखी की आवक हुई थी, जबकि इस वर्ष आवक में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यह बढ़ोतरी किसानों के सूरजमुखी की खेती के प्रति बढ़ते रुझान और बेहतर उत्पादन का संकेत है। उन्होंने कहा कि सूरजमुखी की खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक सभी प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि खरीद सीजन के दौरान किसानों और आढ़तियों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी तथा सभी व्यवस्थाओं को बेहतर ढंग से संचालित किया जाएगा।

# हरियाणा रिटायर्ड कर्मचारियों की बैठक आयोजित



**शाहाबाद मारकंडा, 20 जून ( रूबी ) :** हरियाणा रिटायर्ड कर्मचारी संगठन की मासिक बैठक श्रीमद् देवी भगवती मां शाकुम्भरी देवी मंदिर प्रांगण में हुई। जिसमें राज्य वरिष्ठ उपप्रधान प्रेम सिंह, राज्य महासचिव रणवीर शर्मा, राज्य प्रैस प्रवक्ता सुरेंद्र वधवा, राज्य वरिष्ठ उप महासचिव राजपाल गुर्जर, जिला प्रधान बरखाराम जाट, जिला उपप्रधान नरेश शर्मा, ब्लॉक प्रधान प्रवीण मक्कड़, ब्लॉक सचिव इंद्र मोहन वशिष्ठ, ब्लॉक कोषाध्यक्ष रमेश बत्तरा, राजेश बावेजा, क्रिश्चियन बत्तरा, अजय सिंह, अमर सिंह, कुलदीप शर्मा, हरीश पाव, माया देवी, कृष्ण बत्तरा, सुरेंद्र साहनी, जोगिंदर शर्मा, त्रिलोक सिंह, गुरनाम सिंह, जगतार सिंह सोढ़ी, मेहर सिंह खोखर, अविनाश अरोड़ा, हरप्रीत सिंह संधू, हरप्रीत सिंह संधू, चरणजीत अरोड़ा, हरजिंदर सिंह, प्रीतम सिंह ने शिरकत की। राज्य प्रैस प्रवक्ता सुरेन्द्र वधवा ने बताया कि बैठक में रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों को लेकर विचार विमर्श किया गया। राज्य वरिष्ठ उपप्रधान प्रेम सिंह ने बताया कि उनकी मांगे है कि 65-70-75 वर्ष की आयु होने के बाद बेसिक पैंशन में 5-10-15 प्रतिशत की बढ़ौतरी, कैशलेश मैडिकल सुविधा, पैंशन कम्युटेशन की रिकवरी 15 साल की बजाय 12 साल में की जाए, मैडिकल भत्ता 1000 /रूपए से बढ़ाकर 3000 रूपए करना, पैंशनर की विधवा/ आश्रित को भी एल. टी. सी. की सुविधा प्रदान की जाए, माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए फ़ैसलों को कर्मचारी हित में सामान्यीकरण करके सभी पर लागू किया जाए। इसके अलावा कोरोना काल 18 महीने का डी.ए. का बकाया एरीयर का भुगतान किया जाए। बैठक में विशेष रूप से पहुंचें महासंघ के पूर्व राज्य प्रधान बालकुमार शर्मा व माया देवी को संगठन के सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया।

# पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन : विश्राम कुमार मीणा

**कुरुक्षेत्र, 20 जून ( करणदीप सिंह ) :** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इनमें राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे, जिनकी आयु 31 जुलाई को 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक हो, को वर्ष 2026 के जनवरी माह में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर 2026 को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि बाल पुरस्कार में विभिन्न श्रेणियों के तहत कुल 25 बच्चों का चयन किया जाएगा। पुरस्कारों में एक मैडल सहित प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। सर्वप्रथम स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा प्राप्त आवेदनों की छंटनी की जाएगी ,उसके उपरांत फाइनल नामों का सिलेक्शन नेशनल कमेटी द्वारा किया जाएगा। राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए राज्य सरकार, केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन, जिला कलेक्टर/जिला मजिस्ट्रेट, पंचायती राज संस्थाएं, सभी केंद्रीय और राज्य स्कूल बोर्ड, केंद्रीय विद्यालय संगठन, नवोदय विद्यालय संगठन, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग और राष्ट्रीय जन सहयोग और बाल विकास संस्थान, सामाजिक न्याय मंत्रालय, विकलांग विभाग, शिक्षा मंत्रालय में स्कूल शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा के सभी राज्य विभाग, युवा मामले मंत्रालय, खेल विभाग, भारतीय खेल प्राधिकरण, संस्कृति मंत्रालय, विज्ञान मंत्रालय और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और वन मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, गृह मंत्रालय और प्रेस सूचना ब्यूरो सहित राष्ट्रीय चयन समिति नॉमिनेट कर सकती हैं। पुरस्कार से जुड़ी अन्य जानकारी अवाड्र्सडॉटजीओवीडॉटइन पर देखी जा सकती हैं।

# घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चार आरोपी काबू, वारदात में प्रयुक्त कार बरामद

**करनाल, 20 जून ( रविन्द्र मलिक ) :** घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयोग करने वाली कार को भी बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने आरोपी अरबुट राज निवासी हसमतपेट, अलवाल, साइबराबाद, किशोर निवासी सिकंदराबाद, हैदराबाद सिटी, राजकपूर निषाद निवासी पालरी लिलाई कोठी, कुशीनगर तथा विष्णु साहनी निवासी पोखरा टोला, कुशीनगर को नई अनाज मंडी, करनाल क्षेत्र से काबू किया गया। पुलिस को दी शिकायत में शिकायतकर्ता देवेन्द्र सिंह निवासी एलआईसी कॉलोनी, करनाल ने शिकायत दी थी कि वह अपने परिवार सहित बच्चों की छुट्टियों के कारण अपने गांव गए हुए थे। बीती 17 जून को वापस घर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि घर के अंदर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था तथा घर का सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि अज्ञात चोर घर से कुछ चांदी के आभूषण, सिक्के तथा नकदी चोरी कर ले गए हैं।

शिकायत प्राप्त होने के बाद पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का गहन विश्लेषण किया गया तथा विभिन्न तकनीकी और मानवीय पहलुओं पर जांच की गई। जांच के दौरान चारों आरोपियों की पहचान कर उन्हें नई अनाज मंडी, करनाल क्षेत्र से काबू किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त एक कार भी बरामद की है। मामले में चारों आरोपियों को न्यायालय के सामने पेश कर 3दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है।

रिमांड के दौरान आरोपीयो से गहन पूछताछ कर मामले में चोरी किए गए सामान की बरामदगी तथा अन्य संभावित वारदातों के संबंध में पूछताछ के लिए आरोपियों से गहन पूछताछ हेतू मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

## लाडवा विधानसभा में 217 बीएलओ ने 197903 वोटरों में से 160160 यानी 81 फीसदी मतदाताओं को बांटे एन्यूमरेशन फार्म : अनुभव मेहता



**लाडवा, 20 जून ( रामगोपाल ) :** एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि लाडवा विधानसभा में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। लाडवा विधानसभा के 197903 वोटरों के लिए 217 बीएलओ एन्यूमरेशन फार्म बांटने का कार्य कर रहे हैं। अब तक 160160 यानी 81 फीसदी कार्य पूरा किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि शनिवार तक 69 बूथों पर 90 फीसदी से ज्यादा कार्य को पूरा कर लिया है, जबकि 88 बूथों पर 75 फीसदी से ज्यादा काम हो चुका है।

एसडीएम अनुभव मेहता ने शनिवार को बूथ संख्या 43 गांव ध्यांगला में विशेष गहन पुनरीक्षण का निरीक्षण किया। एसडीएम अनुभव मेहता ने निरीक्षण के दौरान एसआईआर कार्य से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं का अवलोकन किया, जिसमें बीएलओ ऐप पर फॉर्म भरते समय प्रिवियस मैपिंग डाटा किस प्रकार प्राप्त होता है, कौन-कौन सी जानकारी स्वत॰ (ऑटो फिल) उपलब्ध होती है तथा अन्य तकनीकी पहलुओं की विस्तार से समीक्षा की गई। एसडीएम अनुभव मेहता ने कार्य की बारीकियों को समझाने के साथ-साथ गांव के सम्मानित नागरिकों से भी इस महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ फिल्ड में नागरिकें के साथ अत्यंत सरल व्यवहार करते हुए कार्य को सकारात्मक सोच के साथ करते रहें और दूसरों के लिए प्रेरणादायक बने। विधानसभा में एसआईआर कार्य कर रहे बीएलओ के कार्यो सराहनीय रहा है। जो लोकतंत्र की मजबूती में जनता का सहयोग लेते हुए इस कार्य को पूर्ण कर रहे हैं।

# एजी ऑफिस में 157 शासकीय अधिवक्ताओं की नियुक्ति को चुनौती

**जबलपुर, 20 जून ( निस ) :** म.प्र. उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विवेक रूसिया तथा न्यायाधीश प्रदीप मित्तल की संयुक्तपीठ के समक्ष महाधिवक्ता कार्यालय (एजी ऑफिस) में 157 शासकीय अधिवक्ताओं की नियुक्तियों को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। न्यायालय ने सभी पक्षकारों की दलीलें सुनने के बाद मामले को अंतिम बहस के लिए 30 जून को सूचीबद्ध किया है।

मप्र हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सह सचिव योगेश सोनी की ओर से दायर यह जनहित याचिका में आरोप लगाया गया है कि महाधिवक्ता कार्यालय में नियुक्त किए गए कुछ सरकारी वकील निर्धारित पात्रता और चयन मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं। इसलिए इन नियुक्तियों की वैधता पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। याचिका में राज्य शासन के विधि एवं विधायी कार्य विभाग द्वारा 25 दिसंबर को जारी नियुक्ति सूची को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता का कहना है कि वर्ष 2013 में जारी राजपत्र अधिसूचना में सरकारी अधिवक्ताओं की नियुक्ति के लिए स्पष्ट प्रक्रिया और पात्रता मानदंड निर्धारित किए गए हैं। इसके बावजूद हाल ही में जारी सूची में इन नियमों का पालन नहीं किया गया, जिससे पूरी चयन प्रक्रिया की वैधता संदेह के घेरे में आ गई है। याचिका में यह भी कहा गया है कि नियुक्तियों में पारदर्शिता और निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया, जो कानून के विपरीत है। मामले में मप्र हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डीके जैन और सचिव परितोष त्रिवेदी ने भी पक्षकार बनकर हस्तक्षेप आवेदन प्रस्तुत किया है। उन्होंने नई नियुक्तियों में अपनाए गए चयन मानदंडों पर सवाल उठाते हुए न्यायिक हस्तक्षेप की मांग की है। हाईकोर्ट बार की ओर से अधिवक्ता बसंत डेनियल ने दलील दी कि बिना किसी सक्षम समिति के अनुमोदन के एजी ऑफिस में कई ऐसे वकीलों की नियुक्ति की गई है, जो निर्धारित पात्रता मानकों पर खरे नहीं उतरते। याचिका पर सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय उपस्थित हुए। राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत रूपराह ने न्यायालय को बताया कि शासन अगली सुनवाई पर अपना जवाब प्रस्तुत कर रहा है। संयुक्तपीठ ने सरकार को जवाब रिकॉर्ड पर लाने की अनुमति देते हुए मामले की सुनवाई 30 जून तक स्थगित कर दी।

# बेकरी में भड़की आग, लाखों का माल जलकर

**जबलपुर, 20 जून ( निस ) :** शहर के कोतवाली थानांतर्गत खटीक मोहल्ला स्थित एक बेकरी में शनिवार 20 जून की सुबह अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग की लपटों ने दुकान के साथ ही मकान के एक हिस्से को भी अपनी चपेट में ले लिया। घटना के समय घर में मौजूद परिवार के सदस्यों को आसपास के लोगों की तत्परता से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया परंतु इस दौरान आग में बेकरी का लगभग लाखों का माल जलकर खाक हो गया।

नगर निगम दमकल विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कुछ देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक दुकान में रखी खाद्य सामग्री, फर्नीचर, विद्युत उपकरण और अन्य सामान पूरी तरह जलकर राख हो चुका था। इसके अलावा आग की चपेट में आने से घर में रखा घरेलू सामान भी क्षतिग्रस्त हुआ है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

# बिलहरी में निर्माण स्थल से मशीनें और औजार चोरी

**जबलपुर, 20 जून ( निस ) :** गोराबाजार थाना क्षेत्र में मकान तोड़ने के कार्य में उपयोग किए जा रहे उपकरण और मशीनें अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान की कीमत हजारों रुपए बताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार कंटगा क्रॉसिंग निवासी 37 वर्षीय मोहम्मद कलीम मकान तोड़ने का ठेका लेते हैं। बिलहरी में एक मकान तोड़ने का काम चल रहा था, जहां दो हेमर मशीन, एक ग्राइंडर मशीन, बिजली वायर, घन, हथौड़ी और छेनी सहित अन्य उपकरण रखे हुए थे। विगत दिनों अज्ञात चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और सभी उपकरण चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 331(4) एवं 305(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## ई-रिक्शा में बैठी महिला से मंगलसूत्र और मोबाइल लूटकर भागा बदमाश

**जबलपुर, 20 जून ( निस ) :** केंट थाना अंतर्गत अब्दुल हमीद चौक के पास कल रात 10 बजे ई रिक्शा में अपने रिश्तेदार के घर जा रही एक महिला के गले से सोने का मंगल सूत्र और हाथ से मोबाईल लूट कर बाईक सवार फरार हो गये. अब ई रिक्शा में भी महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं. बताया गया है कि ई रिक्शा महिला का पति चला रहा था, उसमें उसकी साली भी सवार थी। केन्ट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बाई का बगीचा निवासी 30 वर्षीय अनुज कोरी ई-रिक्शा चालक है।

शुक्रवार की रात 10 बजेवह अपनी पत्नी पूजा कोरी, साली मन्नू बेन और बच्ची को लेकर सदर स्थित रिश्तेदार के घर जा रहा था। इसी दौरान अब्दुल हमीद चौक के पास पहुंचने पर उसकी पत्नी पूजा अपनी बहन से घर का पता पूछने के लिए मोबाइल पर बात कर रही थी। इसी दौरान पीछे से बाइक पर सवार एक युवक आया और पूजा कोरी के गले से सोने का मंगलसूत्र तथा हाथ में रखा रियलमी कंपनी का मोबाइल झपटकर एपीएन स्कूल, लोहार मोहल्ला की ओर फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 309(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# कैबिनेट मंत्री ने नई सब्जी मंडी में अटल किसान-श्रमिक कैंटीन का किया शुभारंभ

**हिसार, 20 जून ( ब्यूरो ) :** लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने शनिवार को हिसार की नई सब्जी मंडी में 'अटल किसान-श्रमिक कैंटीन' का विधिवत उद्घाटन किया। हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के तत्वावधान में तथा हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से संचालित इस कैंटीन में किसानों, श्रमिकों एवं मंडी में कार्यरत मजदूरों को मात्र 10 रुपये में पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

इस अवसर पर मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों, मजदूरों और श्रमिक वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। अटल किसान-श्रमिक कैंटीन का उद्देश्य मेहनतकश वर्ग को सस्ती दरों पर स्वच्छ, पौष्टिक और सम्मानजनक भोजन उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि मंडियों में दिनभर कार्य करने वाले किसानों और श्रमिकों को इस सुविधा से बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अंत्योदय की भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह कैंटीन न केवल श्रमिकों की आवश्यकताओं को पूरा करेगी, बल्कि महिला स्वयं सहायता समूहों को भी रोजगार एवं आत्मनिर्भरता के अवसर प्रदान करेगी। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आशा खेदड़ ने इस पहल को किसानों एवं श्रमिकों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए सरकार का आभार व्यक्त किया। मार्केट कमेटी चेयरमैन रविन्द्र रॉकी बताया कि यह कैंटीन हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संकल्प महिला क्लस्टर द्वारा संचालित की जाएगी, जिससे महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को भी बढ़ावा मिलेगा। कैंटीन के शुभारंभ अवसर पर कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से कैंटीन के संचालन की जानकारी ली और स्वयं वहां बैठकर भोजन किया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, मार्केट कमेटी सचिव भरत शर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक वीरेंद्र श्योराण, अजय कांत जांगड़ा सहित अन्य अधिकारी, सब्जी मंडी के व्यापारी प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

*श्रमिकों को 10 रुपये में मिलेगा पौष्टिक भोजन*




# नीट परीक्षा को लेकर कैथल पुलिस ने किए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध

**कैथल, 20 जून ( प्रवेश बहादुर ) :** जिला में 21 जून को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के सफल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने हेतु कैथल पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन के दिशा-निर्देशानुसार जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में बनाए गए कुल 5 परीक्षा केंद्रों पर लगभग 200 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो परीक्षा के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ परीक्षार्थियों को हर संभव सहायता प्रदान करेंगे। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए यातायात थाना प्रभारी को विशेष निर्देश दिए गए हैं कि परीक्षार्थियों के वाहनों की पार्किंग निर्धारित स्थलों पर ही करवाई जाए तथा परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की जाम की स्थिति उत्पन्न न होने दी जाए। मुख्य मार्गों पर पुलिस की तैनाती सुनिश्चित कर निर्बाध यातायात संचालन को प्राथमिकता दी गई है, ताकि परीक्षार्थियों को समय पर परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सहायता हेतु विशेष संपर्क नंबर जारी किए गए हैं। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए डीएसपी सुशील प्रकाश के मोबाइल नंबर 9053052105 तथा डीएसपी रमेश चंद्र के मोबाइल नंबर 9053052101 से संपर्क किया जा सकता है। कैथल पुलिस ने सभी परीक्षार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की है कि वे समय से पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचे, यातायात नियमों का पालन करें तथा किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत पुलिस से संपर्क करें। कैथल पुलिस द्वारा आश्वस्त किया गया है कि किसी भी परीक्षार्थी या उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी तथा परीक्षा का आयोजन शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाएगा।

# योग की गूंज से गूंज उठी नई अनाज मंडी, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले हुआ भव्य रिहर्सल




**निसिंग, 20 जून ( जोगिंद्र सिंह ) :** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर नई अनाज मंडी में आयोजित पायलट रिहर्सल में योग के प्रति लोगों का उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और आमजन ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नोडल अधिकारी डॉ. किरणदीप ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की कला है। उन्होंने कहा कि योग को घर-घर तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है।

यदि हर व्यक्ति प्रतिदिन कुछ समय योग को दे, तो वह शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकता है। उन्होंने लोगों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। आयुष विभाग के योग सहायक सर्जन सिंह ने मंच संचालन करते हुए उपस्थित लोगों को योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया। वहीं संदीप चहल और पूनम सांच ने विभिन्न योगासनों और प्राणायाम का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। आर्ट ऑफ लिविंग से जुड़े एडवोकेट दीपक सेठ ने ध्यान योग सत्र का संचालन कर प्रतिभागियों को मानसिक शांति और एकाग्रता का संदेश दिया। रिहर्सल के दौरान स्कूलों के पीटीआई, डीपीआई अध्यापक, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों को योगासनों और प्राणायाम की विधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।

सर्जन सिंह ने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पाई रोड स्थित नई अनाज मंडी, पूंडरी में परिवार सहित पहुंचकर योग कार्यक्रम में भाग लें और स्वस्थ जीवन की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाएं। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के नरेश बनवाला, रोशन लाल, ब्रजेश टाया, आयुष विभाग के योग कोऑर्डिनेटर विवेक, डॉ. ममता कश्यप, डॉ. अनुज लाग्यान, आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट खुशीराम, जीवन, अंकुश ठाकुर, योग सहायक करनैल पाई, नरेश धौंस, मंजीत और सुमनलता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## गांव खुरडा व मंडवाल में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**राजौंद, 20 जून ( नरेश कुमार ) :** जिला नागरिक अस्पताल से सिविल सर्जन डॉक्टर रेणु चावला के निर्देशानुसार डॉ संदीप सिंह आदेशानुसार उपस्वास्थ्य केंद्र मण्डवाल के अन्तर्गत आने वाले गांव खुरड़ा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में स्वास्थ्य कार्यकर्ता पंकज व अनिता ने आमजन, महिलाओं व युवाओं को कन्या भ्रूण हत्या रोकने व बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जागरूक किया। उन्होंने लोगों को बताया कि बेटियां बोझ नहीं हैं बल्कि देश का भविष्य हैं किन्तु आजकल हमारे समाज में कन्या भ्रूण हत्या जैसे गंभीर सामाजिक एवं गैर कानूनी अपराध हो रहे हैं जो हमारे समाज के लिए घातक हैं जिससे समाज में लिंगानुपात बिगड़ रहा है। उन्होंने लोगों को पीएनडीटी एक्ट में जानकारी देते हुए बताया कि गर्भ में पल रहे बच्चे के लिंग जांच करवाना व करना एक गैरकानूनी अपराध है। ऐसे कार्य में संलिप्त व्यक्ति को पहली बार पकड़े जाने पर तीन साल की सजा हो सकती है तथा एक लाख रुपए जुर्माना लगाया जा सकता है। उन्होंने लोगों को जागरूक किया कि अगर कोई व्यक्ति ऐसे कार्य में संलिप्त होता है तो इसकी सूचना तुरंत स्वास्थ्य विभाग को दें।

सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाएगा तथा सूचना सही पाए जाने पर उस व्यक्ति को एक लाख रुपए ईनाम भी दिया जाएगा। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी मोइन खान ने कहा कि आजकल हमारे समाज में उच्च रक्तचाप व मधुमेह की बिमारी बहुत तेजी से बढ़ रही है।

इसलिए सरकार ने हर गांव में इन बिमारियों के स्क्रीनिंग कैम्प लगाकर स्क्रीनिंग में इन बिमारियों के पाए जाने वाले व्यक्ति का ईलाज घर पर ही मुफ्त दिया जाता है। इसलिए हमें अपने स्वास्थ्य की समय-समय पर जांच करवानी चाहिए। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ साथ आशा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।




# मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को गंभीरता से पूरा करें कार्यकर्ता : सुभाष कलसाना

**शाहाबाद मारकंडा, 20 जून ( रूबी ) :** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण एस.आई.आर. अभियान को लेकर धुराला मंडल की एक मंडल अध्यक्ष रवि खेड़ा की अध्यक्षता में गांव धुराला में हुई। बैठक में चेयरमैन सुभाष कलसाना एवं चेयरमैन एवं बी.एल.ए.-1 रविंद्र सांगवान ठोल ने विशेष रूप से शिरकत की। एस.आई.आर. अभियान को लेकर सुभाष कलसाना ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण आधारशिला है। एक सशक्त और निष्पक्ष लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए मतदाता सूची का सही और अद्यतन होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह विशेष गहन पुनरीक्षण एस.आई.आर. अभियान को पूरी गंभीरता, सजगता और समर्पण भाव से सफल बनाएं। सुभाष ने एस.आई.आर. के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह निर्वाचन आयोग द्वारा चलाया जाने वाला विशेष अभियान है, जिसके माध्यम से मतदाता सूची को शुद्ध और अद्यतन बनाया जाता है। इस प्रक्रिया के तहत नए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़े जाते हैं, स्थान परिवर्तन करने वाले मतदाताओं का विवरण अपडेट किया जाता है तथा मृत या अपात्र व्यक्तियों के नाम सूची से हटाए जाते हैं। इसके अलावा मतदाताओं के नाम, पता, आयु अथवा अन्य विवरणों में त्रुटियों का भी सुधार किया जाता है। उन्होंने कहा कि बी.एल.ए-2, बूथ अध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र प्रमुखों की इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कार्यकर्ता घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करते हैं, नए मतदाताओं को पंजीकरण के लिए प्रेरित करते हैं तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि को दूर करने में सहयोग प्रदान करते हैं।

सुभाष ने बताया कि प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदान का अधिकार सुनिश्चित होता है और चुनाव प्रक्रिया अधिक पारदर्शी एवं विश्वसनीय बनती है। संगठन की मजबूती केवल चुनाव जीतने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज और राष्ट्रहित में निरंतर सेवा करना भाजपा कार्यकर्ताओं का मूल उद्देश्य है। नवनियुक्त चेयरमैन रविन्द्र सांगवान ठोल ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को जनता के बीच जाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और संगठन की नीतियों की जानकारी भी पहुंचानी चाहिए। बैठक में पहुंचनें पर मंडल अध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओं ने चेयरमैन सुभाष कलसाना एवं रविंद्र सांगवान का स्वागत किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रवि खेड़ा, मंडल महामंत्री सुशील शर्मा, वरिष्ठ नेता दर्शन राणा, धर्मपाल शर्मा सरायसुखी, जिला चेयरमैन सुभाष सैनी, पूर्व ब्लॉक समिति सदस्य नरेश खेड़ा, मीडिया प्रभारी विनोद हबाना, चंद्रमणि सहित भाजपा बी.एल.ए.-2, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रमुख सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा हरियाणा : सुभाष चंद्र

**निसिंग, 20 जून ( जोगिंद्र सिंह ) :** स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दूरदर्शी नेतृत्व और जनहितैषी नीतियों के कारण हरियाणा आज देश के अग्रणी राज्यों में अपनी अलग पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी प्रदेश के पहले ऐसे जनसेवक मुख्यमंत्री हैं जो दिन-रात जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं का समाधान करने में जुटे हुए हैं। प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए सुभाष चंद्र ने कहा कि मुख्यमंत्री ने चुनाव के दौरान प्रदेशवासियों से जो वादा किया था, उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाया है। मुख्यमंत्री आवास आम जनता के लिए खुला है और प्रदेश का कोई भी नागरिक बिना किसी झिझक के अपनी समस्या सीधे मुख्यमंत्री तक पहुंचा सकता है। यही कारण है कि जनता का सरकार पर विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में विकास कार्यों की अभूतपूर्व गति देखने को मिल रही है। प्रदेश के गांवों से लेकर शहरों तक सड़कों, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य मूलभूत सुविधाओं के क्षेत्र में व्यापक स्तर पर कार्य हो रहे हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सुभाष चंद्र ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सरकार ने प्रभावी कदम उठाए हैं। अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जा रहा। इसके साथ ही बिजली आपूर्ति व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया गया है, जिससे प्रदेशवासियों को निर्बाध बिजली उपलब्ध हो रही है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा विकास, सुशासन और जनसेवा का नया मॉडल बनकर उभर रहा है। सरकार की पारदर्शी कार्यशैली और जनकल्याणकारी सोच के कारण प्रदेश तेजी से प्रगति के पथ पर अग्रसर है। आने वाले समय में हरियाणा विकास और सुशासन के क्षेत्र में देश के लिए एक उदाहरण बनेगा।



## प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही का किया स्वागत



**शाहाबाद मारकंडा, 20 जून ( रूबी ) :** बराड़ा रोड़ स्वर्ग आश्रम के नजदीक व डेहा कॉलोनी में प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही का नगर की जनता ने स्वागत किया है। स्थानीय लोगों में पवन कुमार, गौरव नंदा, आलोक, हार्दिक शर्मा, सन्नी, राजबीर शर्मा ने कहा कि देर से ही सही प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही से उन्हें खुशी है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण के कारण बराड़ा रोड़ अटा पड़ा था और नगर की छवि धूमिल हो रही थी। उन्होंने कहा कि यदा-कदा लोगों द्वारा रोष भी व्यक्त किया जाता था लेकिन प्रशासन इस तरह की सख्त कार्यवाही करेगा इसका विश्वास नहीं था। स्थानीय लोगों ने कहा कि प्रशासन की इस कार्यकही से जनता का विश्वास मजबूत हुआ है। यहाँ बता दे कि डेहा कॉलोनी व स्वर्ग आश्रम के नजदीक कुछ लोगों ने अतिक्रमण व गंदगी फैलाने की सभी हदे पार कर दी थी जिसको लेकर नगर के लोगों ने प्रदर्शन भी किया था और प्रशासन द्वारा अवैध कब्जों को हटाया जा रहा है जिसकी चर्चा पूरे नगर में फैली हुई है।

## चौधरी छोटूराम विचार मंच की राज्य स्तरीय बैठक आज

**राजौंद, 20 जून ( नरेश कुमार पुहाल ) :** दीनबंधु सर चौधरी छोटूराम जी के आदर्शों, किसान हितों एवं सामाजिक सरोकारों को समर्पित चौधरी छोटूराम विचार मंच की एक महत्वपूर्ण राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन आज 21 जून (रविवार) प्रात: 11 बजे स्प्रिंगफील्ड रिजॉर्ट, जींद-कैथल रोड, कैथल में किया जा रहा है। बैठक में देश के वरिष्ठ किसान नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में तथा श्रीमती प्रेमलता सिंह, अध्यक्षा, चौधरी छोटूराम विचार ट्रस्ट, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। इस अवसर पर प्रदेशभर से चौधरी छोटूराम विचार मंच के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, किसान प्रतिनिधि, शिक्षाविद, बुद्धिजीवी एवं युवा वर्ग के प्रतिनिधि भाग लेंगे। बैठक में चौधरी छोटूराम जी की विचारधारा के प्रचार-प्रसार, किसान कल्याण, ग्रामीण विकास, सामाजिक न्याय, शिक्षा, रोजगार एवं समसामयिक सामाजिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। साथ ही संगठन की भावी रणनीति एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी निर्धारित की जाएगी। मंच के जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र ढुल ने कहा कि चौधरी छोटूराम जी के विचार आज भी किसानों, मजदूरों एवं समाज के कमजोर वर्गों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाना मंच का प्रमुख उद्देश्य है। वहीं मंच के मीडिया प्रभारी एडवोकेट पुष्पेंद्र तंवर ने प्रदेश के सभी सदस्यों, सामाजिक संगठनों, किसान प्रतिनिधियों एवं जागरूक नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इसे सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह बैठक सामाजिक जागरूकता, किसान हितों एवं संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया




**शाहाबाद मारकंडा, 20 जून ( रूबी ) :** आर्ट ऑफ लिविंग शाहाबाद चैप्टर द्वारा सीमा छाबड़ा और मीनू गुप्ता की अगुवाई मे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में लाडवा रोड स्थित एक रिज़ॉर्ट में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में योग साधकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लेकर योग के प्रति अपनी आस्था और जागरूकता का परिचय दिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राणायाम, योगासन एवं ध्यान सत्र से हुई। योग प्रशिक्षक आचार्य वेदव्रत ने उपस्थित लोगों को योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन एवं श्वास तकनीकों का अभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक कला है, जो व्यक्ति को तनावमुक्त, स्वस्थ एवं सकारात्मक बनाती है। उन्होंने सभी से नियमित रूप से योग करने और अपने परिवार व समाज में भी योग के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का आयोजन आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्रीश्री रविशंकर की प्रेरणा से किया गया। संस्था द्वारा योग, ध्यान एवं सेवा गतिविधियों के माध्यम से समाज में स्वास्थ्य और खुशहाली का संदेश निरंतर पहुँचाया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस विश्वभर में मनाया जाता है और आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा भी विभिन्न स्थानों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

## बेडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दिन लगभग 70 खिलाड़ियों के बीच खेले गए 100 से ज्यादा मैच

*आज होंगे सेमी फाइनल और फाइनल मुकाबले*



**करनाल, 20 जून ( संदीप रोहिला ) :** निर्मल विहार स्थित बी-24 बेडमिंटन अकादमी में आयोजित दो दिवसीय बेडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दिन लगभग 70 खिलाड़ियों के बीच 100 से ज्यादा मैच खेले गए। ज्यादातर मैच रोमांचक रहे, जबकि कुछएक मुकाबलों में एक तरफा जीत हार का परिणाम सामने आया। अकादमी के संचालक विजेंद्र सिंह व रविंद्र भाटिया ने परिणामों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गर्ल्स सिंगल्स अंडर 11 आयु वर्ग के पहले राउंड में अवनी कुकरेजा ने दीवेना को और दिशा ने प्रियन को हराया। गर्ल्स अंडर 13 आयु वर्ग में हरसिमरत ने परम को और अवनी कुकरेजा ने चेस्टा को हराया। अंडर-15 आयु वर्ग में भाविता ने वैदिका को अयाना ने अवनि कुकरेजा को हराया। बॉयज सिंगल्स में अंडर-15 में जयदेव ने अयान को, मनन ने शौर्य को हराया और यशवर्धन ने सहज को हराया। अंडर-13 आयु वर्ग में खुशांश ने अयान को और मिलान ने सात्विक को हराकर दूसरे राउंड में जगह बनाई। अंडर-17 में लावण्या ने यशवीर और प्रियांशु ने राघव को हराकर दूसरे राउंड में जगह बनाई। बी-24 टूर्नामेंट के सफल आयोजन में अकादमी की टीम की भूमिका सराहनीय रही। कोच गुरप्रीत, शालू और संजय ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया। रविवार को सेमी फाइनल और फाइनल मुक़ाबले खेले जाएंगे। समापन समारोह में खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया जाएगा।

# टोक्यो स्काई ट्री से विश्व तक पहुंचा गीता संदेश, महापौर रेणु बाला गुप्ता की अगुवाई में महिलाओं ने बढ़ाया भारत का मान

*जापान की 634 मीटर ऊंची विश्वप्रसिद्ध स्काई ट्री बिल्डिंग पर भारतीय संस्कृति की गूंज, महिला प्रतिनिधियों ने जगाई गीता ज्ञान की अलख*

*स्वामी ज्ञानानन्द महाराज बोले : विश्व शांति और मानवता के कल्याण का सर्वोत्तम मार्ग गीता, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किए सेनसोजी बौद्ध मंदिर के दर्शन*

**करनाल, 20 जून ( संदीप रोहिला ) :** जापान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों की प्रेरणादायक झलक उस समय देखने को मिली, जब करनाल की महापौर रेणु बाला गुप्ता की अगुवाई में महिला प्रतिनिधियों ने टोक्यो की विश्वप्रसिद्ध स्काई ट्री इमारत पर गीता संदेश का प्रसार करते हुए भारतीय संस्कृति का गौरवपूर्ण परिचय दिया। 634 मीटर ऊंची इस गगनचुंबी संरचना से गीता के सार्वभौमिक संदेश और भारतीय जीवन मूल्यों की अभिव्यक्ति ने वहां उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। इस प्रकार भारत की सांस्कृतिक पहचान को नई वैश्विक ऊंचाइयों तक पहुंचाने में यह कारगर कदम सिद्ध हुआ। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड एवं जीओ गीता के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में भारत के साथ-साथ अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, स्पेन सहित अनेक देशों से पहुंचे श्रद्धालु और प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। इसी क्रम में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द महाराज के मार्गदर्शन में प्रतिनिधिमंडल ने टोक्यो के सुमिडा क्षेत्र स्थित विश्वप्रसिद्ध स्काई ट्री का अवलोकन किया। वर्ष 2012 में स्थापित यह टावर विश्व की तीसरी सबसे ऊंची संरचना तथा सबसे ऊंचा स्वतंत्र प्रसारण टावर माना जाता है। स्काई ट्री के अवलोकन डेक से दिखाई देने वाले अद्भुत दृश्य के बीच महापौर रेणु बाला गुप्ता ने महिला प्रतिनिधियों का नेतृत्व करते हुए गीता ज्ञान के प्रचार-प्रसार का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द महाराज के मार्गदर्शन में जिस प्रकार विश्वभर में गीता का संदेश और भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परम्पराएं पहुंच रही हैं, वह प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने सभी से गीता संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव भारतीय संस्कृति को वैश्विक



पहचान दिलाने का एक महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने कहा कि गीता का कर्मयोग, कर्तव्यबोध और मानवीय मूल्यों का संदेश आज भी पूरी मानवता के लिए उतना ही प्रासंगिक है जितना सदियों पूर्व था। इससे पूर्व प्रतिनिधिमंडल ने टोक्यो के ऐतिहासिक एवं विश्वविख्यात सेनसोजी बौद्ध मंदिर के दर्शन किए। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द महाराज के नेतृत्व में मंदिर पहुंचे सैकड़ों भारतीय श्रद्धालुओं ने भारत और जापान की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत के अद्भुत सामंजस्य को निकट से अनुभव किया। मंदिर परिसर में भारतीय परम्पराओं से मेल खाते श्री, स्वास्तिक, धूप और दीप जैसी आध्यात्मिक परम्पराओं ने सभी को विशेष आकर्षित किया। इस अवसर पर अपने प्रेरक उद्बोधन में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द महाराज ने कहा कि भगवान बुद्ध को सनातन परम्परा में भगवान विष्णु के अवतार के रूप में स्वीकार किया गया है। बौद्ध और सनातन परम्पराओं का मूल संदेश मानवता, करुणा और विश्व कल्याण है। उन्होंने कहा कि आज जब विश्व विभिन्न प्रकार के संघर्षों और अस्थिरताओं से जूझ रहा है, तब श्रीमद्भगवद्गीता सम्पूर्ण मानवता को शांति, संतुलन, आत्मानुशासन और कर्तव्य का मार्ग दिखाती है।

स्वामी ज्ञानानन्द महाराज ने कहा कि गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन प्रबंधन का अद्भुत दर्शन है, जो मनुष्य को स्वयं से जोड़ते हुए समाज और विश्व के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने आह्वान किया कि बौद्ध समाज और सनातन संस्कृति से जुड़े लोग मिलकर विश्व शांति और मानव कल्याण के लिए कार्य करें। वहीं, महोत्सव के दौरान गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति डॉ. मार्कंडेय आहूजा, हरियाणा परिवार फाउंडेशन स्पेन के उपाध्यक्ष कृष्ण सैनी तथा एसोसिएशन ऑफ हरियाणवी इन ऑस्ट्रेलिया के प्रधान सेवा सिंह रेंढू ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जापान की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत में भारतीय संस्कृति की स्पष्ट झलक दिखाई देती है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और मानवीय संबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाने का कार्य कर रहा है।

**गतिविधियों में संस्कृति दर्शन :** उल्लेखनीय है कि टोक्यो, ओसाका और क्योटो में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत गीता प्रवचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, आध्यात्मिक संवाद, गीता संगोष्ठियां, योग गतिविधियां तथा जन-जागरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन आयोजनों में जापान के राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक जगत की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिल रही है, जो गीता के वैश्विक प्रभाव और भारत-जापान मैत्री के मजबूत होते संबंधों का सशक्त प्रतीक है।

# नालियों में गोबर, सड़कों पर बदबू...अवैध डेयरियों ने बढ़ाई परेशानी

*गुलाब कॉलोनी व डेयरी मोहल्ला में हालात बदतर, शिकायतों के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई*

**तरावड़ी, 20 जून ( छाया शर्मा ) :** शहर में अवैध रूप से संचालित हो रही डेयरियां अब स्थानीय लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनती जा रही हैं। गुलाब कॉलोनी तथा डेयरी मोहल्ला क्षेत्र के आसपास संचालित कई डेयरियों से निकलने वाला गोबर और पशुओं का मलमूत्र सीधे नालियों में डाला जा रहा है, जिससे न केवल नालियां जाम हो रही हैं बल्कि पूरे क्षेत्र में दुर्गंध फैलने से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि डेयरियों में बड़ी संख्या में गाय और भैंसें रखी गई हैं। इनके गोबर की उचित व्यवस्था न होने के कारण अधिकांश कचरा और गोबर नालियों में बहा दिया जाता है। परिणामस्वरूप नालियों का पानी रुक जाता है और गंदगी सड़कों तक फैल जाती है। गर्मी के मौसम में बदबू और भी अधिक बढ़ जाती है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। शहरवासियों ने बताया कि इस संबंध में कई बार नगरपालिका प्रशासन को शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का आरोप है कि अधिकारियों की उदासीनता के चलते समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। नालियों में जमा गोबर और गंदगी के कारण मच्छरों तथा अन्य बीमारी फैलाने वाले कीटों की संख्या भी बढ़ रही है,



जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे उत्पन्न हो रहे हैं। वहीं आसपास से गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों का कहना है कि सड़क के किनारे फैली गंदगी और दुर्गंध के कारण यहां से निकलना मुश्किल हो जाता है। कई बार गोबर सड़क पर फैल जाने से फिसलन की स्थिति भी बन जाती है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। शहरवासियों ने जिला प्रशासन और नगरपालिका से मांग की है कि अवैध रूप से संचालित डेयरियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा गोबर और पशु अपशिष्ट के उचित निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में हालात और अधिक गंभीर हो सकते हैं।

नगरपालिका को कई बार शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। डेयरियों से निकलने वाली बदबू और गंदगी ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। प्रशासन को जल्द कार्रवाई करनी चाहिए।

**सचिव बोले : करेंगे सख्त कार्रवाई**

इस बारे में जब नगरपालिका तरावड़ी के सचिव अजीत कुमार से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि वह जल्दी ही इस मामले में कार्रवाई करेंगे। यह मामला उनके संज्ञान में नही था। नालियों की सफाई करवाई गई है। जल्दी ही डेयरी संचालकों को नोटिस भेजा जाएगा। कॉलोनी में अवैध रूप से डेयरियां नही चलने दी जाऐंगी।

# कृष्ण कुटेल को मिली बड़ी जिम्मेदारी, कांग्रेस एस.सी. विभाग के वर्किंग चेयरपर्सन नियुक्त

*जिलाध्यक्ष पराग गाबा सहित कांग्रेस नेताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर दी बधाई*

*कृष्ण कुटेल ने शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार, कहा : समाज के हितों के लिए करेंगे मजबूती से कार्य*

**करनाल, 20 जून ( संदीप रोहिला ) :** कांग्रेस पार्टी द्वारा अनुसूचित जाति समाज के वरिष्ठ नेता कृष्ण कुटेल को हरियाणा कांग्रेस एस.सी. विभाग का वर्किंग चेयरपर्सन नियुक्त किए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। उनकी नियुक्ति के बाद करनाल में आयोजित एक कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी शहरी के अध्यक्ष पराग गाबा सहित कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर बधाई दी। जिला अध्यक्ष पराग गाबा ने कहा कि कृष्ण कुटेल ने हाल ही में कांग्रेस पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी ज्वाईन की थी। इतने कम समय में कृष्ण कुटेल ने बड़ी मेहनत के साथ कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया। पार्टी नेतृत्व ने उनकी मेहनत, निष्ठा और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने विश्वास जताया कि कृष्ण कुटेल अपनी नई जिम्मेदारी का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। नवनियुक्त वर्किंग चेयरपर्सन कृष्ण कुटेल ने अपनी नियुक्ति पर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, एस.सी-ओबीसी के राष्ट्रीय प्रभारी के.राजू साहब, ऑल इंडिया कांग्रेस एस.सी विभाग के चेयरमैन राजेन्द्र पाल गौतम, राज्यसभा सांसद कर्मवीर बौद्ध और हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष राव नरेन्द्र सिंह, नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा एवं सह प्रभारी जितेन्द्र बघेल तथा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो विश्वास उन पर जताया है, उस पर वे पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे।





कृष्ण कुटेल ने कहा कि अनुसूचित जाति समाज के अधिकारों, सामाजिक न्याय और युवाओं के उत्थान के लिए वे पूरी मजबूती के साथ कार्य करेंगे। साथ ही पार्टी की नीतियों और जनहित के मुद्दों को घर-घर तक पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा सामाजिक समानता, भाईचारे और संविधान की मूल भावना को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध रही है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष पराग गाबा सहित कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कृष्ण कुटेल की नियुक्ति से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी तथा अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के बीच पार्टी का जनाधार और अधिक मजबूत होगा। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेता जोगिन्द्र वाल्मीकि, बिंदर पोसवाल, दीपक चौधरी, पंकज गाबा, तरूण चौहान और पीयूष शर्मा सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत करते हुए कृष्ण कुटेल को शुभकामनाएं दीं और उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का विश्वास व्यक्त किया।

# प्रदेश की सत्ता के समीकरणों को कैसे प्रभावित करता रहा है नरवाना विधानसभा क्षेत्र!

*विभिन्न दलों की सियासत के केंद्र बिंदु रहे नरवाना में विकास की गौरव गाथा लिखने में वर्तमान सरकार भी अग्रिम पंक्ति में, निर्वाण शब्द से कैसे हुई नरवाना शब्द की उत्पत्ति*



विधानसभा क्षेत्र नरवाना का एक समृद्ध राजनीतिक इतिहास रहा है। यहां से बड़े बड़े राजनीतिक दलों के दिग्गजों ने अपनी उपस्थिति का अहसास कराया। तत्कालीन समय के हिसाब से जनसेवा के नए आयाम भी स्थापित किए। यह क्षेत्र सिरसा संसदीय क्षेत्र में पड़ता है। कभी हिसार संसदीय क्षेत्र का भाग हुआ करता था। नरवाना सामान्य सीट हुआ करती थी जो अब 2009 से अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है और जींद जिले का हिस्सा है। साल 1966 में हरियाणा गठन के बाद से ही यह क्षेत्र इनेलो, कांग्रेस जैसी पार्टियों के वर्चस्व वाला रहा है। यहाँ मुख्य रूप से जाट और दलित मतदाताओं का दबदबा माना जाता है। सादगी और स्पष्टवादिता इस क्षेत्र की शानदार पहचान है। नरवाना विधानसभा का ऐतिहासिक व राजनीतिक सफर बहुत ही रोचक रहा है! प्राप्त जानकारी के अनुसार राजनितिक पृष्ठभूमि की बात करें तो 1966 में पंजाब के पुनर्गठन के बाद नरवाना को जींद जिले में शामिल किया गया था,जो पहले संगरूर का हिस्सा था। लंबे समय तक नरवाना सामान्य सीट रही ! साल 2009 में परिसीमन के बाद यह सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हो गई । वर्ष 2005 में रणदीप सिंह सुरजेवाला ने यहाँ से कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की थी। साल 2009 इनेलो ने जीत हासिल की 2014 में इनेलो ने फिर से जीत दर्ज की। साल 2019 जननायक जनता पार्टी ने भाजपा को हराकर जीत हासिल की। साल 2024 में हुए विधानसभा चुनाव में इसी क्षेत्र के गांव कलोदा खुर्द निवासी ऐसे व्यक्तित्व की एंट्री हुई। साफगोई से बात करना पसंद करता है। वैसे भी स्पष्टवादिता तो यहां के लोगों का गहना कहा जाता है। वो है बीजेपी के कृष्ण कुमार बेदी। भाजपा के कृष्ण बेदी ने वर्ष 2024 में नरवाना सीट पर जीत हासिल की। राजनीतिक परिदृश्य की बात करें तो 2024 के अनुसार नरवाना विधानसभा में लगभग 2 लाख से अधिक मतदाता हैं। यह सीट हमेशा से हरियाणा की राजनीति में महत्वपूर्ण मानी जाती है क्योंकि यहाँ का परिणाम अक्सर राज्य की सत्ता के समीकरणों को




प्रभावित करता रहा है ! यह निर्वाचन क्षेत्र हरियाणा के जींद जिले के अंतर्गत आता है और अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है। विधानसभा क्षेत्र में 61 गांव है। विधायक एवं कैबिनेट मंत्री बेदी का पैतृक गांव कलौदा खुर्द भी इसी क्षेत्र में पड़ता है। इस सरकार में विकास कार्यो के सफर की बात करें तो नरवाना विधानसभा क्षेत्र में नरवाना से डबलेन रेलवे फाटक पुल का निर्माण कार्य पूरा करवाया गया। इस फाटक पुल के बन जाने से दर्जनों गांव के लोगों को यातायात की सुविधा मिलेगी। लंबे समय से लोगों की मांग थी कि फाटक पुल को बनाया जाए। स्थानीय विधायक और सरकार में कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के प्रयासों से चिर लंबित मांग को पूरा करवाने के चलते लोगों के चेहरे पर मुस्कान नजर आई। लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके बन जाने से क्षेत्र के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। आधुनिक सुविधाओं से लेस विश्राम ग्रह में सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। बस स्टैंड की नई बिल्डिंग बनाने के कार्य को मंजूरी मिलना क्षेत्र के लोगों के लिए किसी बड़ी सौगात है। विधायक बेदी द्वारा नागरिक अस्पताल 50 से 100 बेड मंजूर करवाया गया है इसके साथ ही नया भवन मंजुर करवा दिया गया है। बेलरखा से धनौरी ड्रेन में पानी निकासी का काम पूरा करवाने का श्रेय बेदी को देते हुए लोगों का कहना है कि यहां काफी कार्य लंबित पड़े थे जो धीरे धीरे पूरे करवाए जा रहे है। इस क्षेत्र में अब विकास कार्यो की झड़ी सी लग गई है। केंद्र और राज्य में डबल इंजन की सरकार होने के चलते विकास आए दिन जोर पकड़ रहे है। लोगों का कहना है विकास कार्यों को लेकर स्वीकृति हेतु जो फाइल चंडीगढ़ भेजी जाती है यदि उसमें कोई तकनीकी रुकावट नही तो हमारे मंत्री बेदी हाथो हाथ पास करवा देते है ! प्राप्त जानकारी के तहत गैबी साहिब मंदिर के नवीनीकरण का कार्य शुरू होने से आध्यात्मिक आस्था का ध्यान रखना हमारी सभ्यता,संस्कृति,सामाजिक और नैतिक मूल्यों के संवर्धन और संरक्षण को प्रदर्शित और परिभाषित करता है। शिक्षा के क्षेत्र में नई नींव की बात करें तो के. एम. कॉलेज में ई-लाइब्रेरी भवन निर्माण मंजूर करवा दिया गया है। इसके निर्माण कार्य पर करोडों रुपये खर्च होने की बात कही जा रही है। यदि यह समयवद्ध तरीके से पूरी होती है तो विद्यार्थियों को अपेक्षाकृत अधिक क्षैणिक लाभ होने वाला है।, प्रदेश की चार बड़ी लाइब्रेरी में से एक होने की बात कही जा रही है। नगर परिषद कार्यालय के नये भवन का निर्माण,भगत सिंह चौक से रेलवे स्टेशन मुख्य सडक़ का निर्माण मंजूर होने से बन जाने पर तथा धमतान साहिब रेलवे फाटक पर निर्माण शुरू से प्रगति के नए अध्यायों का सुत्रपात होगा। उपरोक्त के अलावा विश्राम ग्रह से हिसार रोड़ तक डबल लाइन सडक़ का निर्माण कार्य,उझाना कलां तथा दनौदा में सीएचसी भवन का निर्माण कार्य,रेलवे स्टेशन के सामने वाली सडक़ का पूर्ननिर्माण,पटियाला सडक़ मार्ग से टोहाना रोड़ तक करीब दस किलोमीटर चौडी सडक़ का निर्माण ,बाबा गैबी साहिब तथा हुडा सेक्टर का सौंदर्यकरण,नवदीप स्टेडियम में मरम्मत इत्यादी ऐसे प्रसाशनिक और सामाजिक कार्य है जिनके पुरी तरह से कार्य रूप में परिणत होते ही विकास के नए अध्याय का उदय होने जा रहा है। मंत्री कृष्ण बेदी की कार्यशैली पर क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जिस काम का शिलान्यास करते है। उसको उद्घाटन तक पहुंचाने तक समय समय पर जानकारी भी लेते रहते है। जनता के हितों को सर्वोपरि रखना तो उनकी आदत में शामिल है। बीजेपी सरकार में कैबिनेट मंत्री ने भी विकास कार्यो की झड़ी लगा रखी है। ऐसा क्षेत्र के कई लोगों का कहना है। भाईचारे की भावना में बसे क्षेत्र में हंसी मखौल,किलकी वाली हंसी के ठहाके,दुध दही का खाना,सीधे साधे लेकिन साफ सुथरी बात करने के माहिर लोग लेकिन वक्त आने पर देश सेवा का जज्बा अपने जेहन में रखने वाले बहादूर व्यक्तित्व यहां बसते है।यह क्षेत्र बणैन खाप के 52 गांवों की पावन धरा भी मानी जाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नरवाना शब्द की उत्पति निर्वाण शब्द से हुई बताई गई।

**लेखक धर्मवीर सिंह**

# उपमंडल स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के सफल आयोजन को लेकर फाइनल रिहर्सल संपन्न

**रादौर, 20 जून ( दिनेश कुमार )** : 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के सफल आयोजन को लेकर रादौर की अनाज मंडी में रिहर्सल का आयोजन किया गया। रिहर्सल में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लेते हुए योगाभ्यास किया। रादौर के उपमंडल अधिकारी (ना.) नरेन्द्र कुमार के दिशा-निर्देशानुसार रादौर की अनाज मंडी में आयुष विभाग के योग सहायक अमित शर्मा व पतंजलि योगपीठ के तहसील प्रभारी अमित काम्बोज ने भारत सरकार द्वारा निर्धारित कॉमन योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान क्रियाओं का अभ्यास करवाया। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को योग के महत्व, उसके स्वास्थ्य लाभों तथा नियमित योगाभ्यास से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम है। इस अवसर पर रादौर के तहसीलदार अशोक कुमार ने कार्यक्रम का निरीक्षण करते हुए सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योग हमारे जीवन



के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। योग न केवल शरीर को स्वस्थ एवं निरोगी बनाता है बल्कि मानसिक तनाव को कम कर व्यक्ति को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। वर्तमान समय में योग की उपयोगिता और भी बढ़ गई है तथा प्रत्येक व्यक्ति को इसे अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कार्यक्रम स्थल पर बैठने, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, स्वच्छता, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि उपमंडल स्तरीय मुख्य कार्यक्रम 21 जून को अनाज मंडी रादौर में आयोजित किया जाएगा। रिहर्सल कार्यक्रम में रादौर के नायब तहसीलदार अनिल कुमार, रादौर के खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार धीमान, रादौर के एसएमओ डा.विजय परमार, बीडीपीओ सिमरन भटनागर, प्रिंसिपल मुकेश, सुभाष चंद्र, आयुष विभाग के डॉ. अश्वनी शर्मा, डा.अजय सिंह, संजीव शर्मा, एसडीएम कार्यालय के अधीक्षक कुलविन्द्र राणा, हिन्दी के प्रवक्ता राकेश पांचाल, इन्द्राज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा कस्बे के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# योग भारत की प्राचीन संस्कृति और अमूल्य विरासत : सीईओ सुरेश राविश

**कैथल, 20 जून ( प्रवेश बहादुर )** : जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति और अमूल्य विरासत है। यह केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को संतुलित करने की एक जीवनशैली है। योग से स्वास्थ्य के साथ-साथ जीवन में नई ऊर्जा का संचार करता है। जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश ने शनिवार को अतिरिक्त अनाज मंडी कैथल में आयोजित 12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पायलट रिहर्सल में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों, खिलाड़ियों, विद्यार्थियों आदि ने भाग लिया। सीइओ सुरेश राविश ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि पायलट रिहर्सल के दौरान जो भी जरूरतें नजर आई हैं, उन्हें पूरा किया जाए।

हमें मिलकर योग के इस कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाना है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का संबोधन भी लाइव प्रसारण के माध्यम से सुनाया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पायलट रिहर्सल में सामान्य योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण डॉ. एच.एस. हुड्डा योग विशेषज्ञ द्वारा करवाया गया। यौगिक अभ्यास में स्कंद संचालन, ताड़ासन, पादहस्तासन, अर्ध- चक्रासन, त्रिकोणासन, दंडासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, अर्ध-हलासन, पवनमुक्तासन, स्वासन, कपालभाति क्रिया, नाड़ी शोधन, प्राणायाम में अनुलोम विलोम, शीतली प्राणायाम व भ्रामरी प्राणायामों का अभ्यास करवाया गया। ध्यान, संकल्प एवं शांति पाठ के साथ प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ शकुंतला दहिया ने कहा कि डीसी अपराजिता के मार्गदर्शन में 21 जून को सुबह 6 से 8 बजे तक अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़ी धूमधाम से जिला स्तर के साथ-साथ खंड स्तर पर मनाया जाएगा। जिला स्तर कार्यक्रम में सांसद नवीन जिंदल बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। वहीं कलायत में विधायक सतपाल जांबा, गुहला-चीका में एचएसएएमबी के चेयरमैन वेदपाल एडवोकेट बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे इस दिवस पर शामिल होकर योग क्रियाएं करें ताकि उनका शरीर स्वस्थ रहे। इस मौके पर एमडी शुगर मिल कृष्ण कुमार, डीआईपीआरओ नसीब सैनी, डीडीए डॉ. रविन्द्र हुड्डा, डीएचओ हीरा लाल, जिला उच्च शिक्षा अधिकारी मनोज बांबू, सहायक राहुल शर्मा, डॉ बीरबल दलाल के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# आयुर्वेदिक अस्पताल, नागरिक अस्पताल और ईंट भट्ठे पर किया भोजन वितरण

### *नरेश मेहता की सेवाएं अतुलनीय प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा*

**कुरुक्षेत्र, 20 जून ( करणदीप सिंह )** : रोटी बैंक द्वारा प्रतिदिन की भांति प्रात:काल में आयुर्वेदिक अस्पताल कुरुक्षेत्र में दूध रस और चाय की सेवा की गई। तत्पश्चात दोपहर में लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल कुरुक्षेत्र में भोजन वितरण किया गया जिसमें छोले चावल और रोटी का वितरण किया गया। इसके साथ ही ईंट भट्ठे और झुग्गी बस्ती में भोजन परोसा गया। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि प्रात:काल दूध की सेवा रोटी बैंक के अंकेक्षक डॉ. मीत मोहन सिंह की अध्यक्षता में की जा रही है। दोपहर का भोजन वितरण सेवानिवृत्त पुलिस उप निरीक्षक एवं रोटी बैंक के महासचिव कर्म चंद की देखरेख में किया जाता है। यह सारा कार्य



सेवानिवृत आईपीएस अधिकारी श्रीकांत जाधव साहब की सोच का परिणाम है। पुलिस जन सेवा में सदैव तत्पर रहती है। रोटी बैंक के प्रधान सेवक डॉ. अशोक कुमार वर्मा आज स्वयं भोजन वितरण के लिए लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल कुरुक्षेत्र पहुंचे हुए थे। उन्होंने भोजन वितरण करते हुए बताया कि रोटी बैंक द्वारा प्रतिदिन यह कार्य होता है जिसमें असंख्य सेवाभावी लोगों का सहयोग रहता है। उन्होंने कहा कि रोटी बैंक के सचिव नरेश मेहता जी की सेवाएं अति सराहनीय हैं। वे प्रतिदिन अपने घर से सैकड़ों रोटियां बनाकर सेवा कार्य में जुटे हुए हैं। नरेश मेहता जी ने रोटी बैंक के लिए रोटी बनाने की मशीन ली हुई है। उन्होंने बताया कि तन की सेवा सर्वोपरि है। इस अवसर पर कर्म चंद, चंद्र शेखर अत्रे, रमेश आदि उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में ब्लॉक स्तर पर योग जागरूकता एवं योग प्रशिक्षण



**मूनक, 20 जून ( जय भगवान )** : मूनक खंड कार्यालय के हाल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तैयारी के लिए योग प्रशिक्षण किया गया । जिसके साथ साथ पौधारोपण का कार्य भी किया जा रहा है। योग पायलट रिहर्सल के तहत योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

यह प्रशिक्षण शिविर मूनक ब्लॉक इंचार्ज डॉ. रितेश चहल व खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी उम्मेद सिंह की देखरेख में आयोजित किया गया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन हेतु सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कॉमन योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण प्रदान करना तथा योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम, ध्यान तथा योग के स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी । कार्यक्रम में डॉ. भावना गुप्ता, डॉ. विनीता कुंडू, डॉ. सतीश, फार्मासिस्ट जयराज, अभिषेक एवं नीरज उपस्थित रहे। योग गतिविधियों के संचालन में योग प्रशिक्षक राजेश देवगन, सोहन लाल एवं कुसुम तथा योग सहायक सुमन संधु और ओमप्रकाश सैनी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मेरा मिशन स्वस्थ भारत के कार्यकर्ता नरेश चौधरी द्वारा सूक्ष्म व्यायाम करवाया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में गांव के सरपंच फूल कुमारी व प्रतिनिधि ओमप्रकाश का भी विशेष सहयोग एवं योगदान रहा। प्रोटोकॉल में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने नियमित रूप से योग अपनाने और अपने आसपास के लोगों को भी योग के प्रति प्रेरित करने का संकल्प लिया। सभी को पौधारोपण का संदेश दिया गया।

# योग, सैन्य प्रशिक्षण और व्यक्तित्व विकास से निखर रहे एनसीसी कैडेट

### *संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-131 के दूसरे दिन 408 कैडेटों ने विभिन्न गतिविधियों में लिया भाग*

**करनाल, 20 जून ( संदीप रोहिला )** : 7 हरियाणा एनसीसी बटालियन, करनाल द्वारा आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-131 के दूसरे दिन योग, सैन्य प्रशिक्षण, नेतृत्व विकास और व्यक्तित्व निर्माण पर विशेष जोर





दिया गया। शिविर का शुभारंभ एक प्रेरणादायक योग सत्र के साथ हुआ, जिसमें कैडेटों को स्वस्थ जीवनशैली, मानसिक संतुलन, एकाग्रता और शारीरिक सुदृढ़ता का महत्व बताया गया। योग सत्र का संचालन मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक एवं हरियाणा योग परिषद के सदस्य दिनेश गुलाटी, योग प्रशिक्षक नवीन जिंदल तथा पवन कुमार द्वारा किया गया। योगाभ्यास के दौरान कैडेटों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का परिचय दिया। इसके उपरांत 7 हरियाणा एनसीसी बटालियन के कमांडिंग अधिकारी एवं शिविर कमांडेंट कर्नल एस.एस. नेगी ने कैडेटों को संबोधित करते हुए प्रशिक्षण शिविर के उद्देश्यों, अनुशासन, कर्तव्यों और अपेक्षित आचरण की जानकारी दी। उन्होंने कैडेटों से प्रशिक्षण अवधि का अधिकतम लाभ उठाने और राष्ट्रसेवा की भावना के साथ अनुशासित जीवन अपनाने का आह्वान किया। दिवस भर आयोजित प्रशिक्षण सत्रों में वर्दी एवं व्यक्तित्व निरीक्षण, व्यक्तिगत आदेश, बिंदु 22 राइफल की तकनीकी जानकारी, दिशा मापक यंत्र एवं कम्पास के उपयोग सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कैडेटों को दिशा-निर्धारण की तकनीकों, नेतृत्व कौशल और सैन्य अनुशासन की बारीकियों से भी अवगत कराया गया। शिविर में मानव जनित आपदाओं पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें आपदाओं के कारण, रोकथाम एवं राहत कार्यों में एनसीसी कैडेटों की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर आयोजित सत्र में व्यक्तिगत साफ-सफाई, रोगों से बचाव तथा स्वस्थ आदतों को अपनाने पर जोर दिया गया। दिनभर के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन खेल परेड और उपस्थिति पुकार के साथ हुआ। खेल गतिविधियों ने कैडेटों में टीम भावना, सहयोग और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना को मजबूत किया। शिविर सहायक अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. देवी भूषण शर्मा ने बताया कि 10 दिवसीय इस आवासीय शिविर में करनाल के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के कुल 408 कैडेट भाग ले रहे हैं। शिविर के दौरान उन्हें सैन्य प्रशिक्षण, नेतृत्व विकास, व्यक्तित्व निर्माण, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, मानचित्र अध्ययन तथा खेलकूद सहित विभिन्न विषयों का सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिविर का संचालन कर्नल एस.एस. नेगी के कुशल नेतृत्व में किया जा रहा है। इस अवसर पर सूबेदार मेजर बलराज सिंह, शिविर सहायक अधिकारी मेजर राजेश तुरान, कैप्टन रणबीर सिंह, लेफ्टिनेंट डॉ. देवी भूषण शर्मा, सूबेदार रघुबीर मीणा, सूबेदार रोहताश, कंपनी हवलदार मेजर अमरिंदर सिंह तथा ग्लोबल पैराडाइज स्कूल के चेयरमैन सतपाल सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# केश कला बोर्ड चेयरमैन यशपाल ठाकुर का नरवाना में भव्य स्वागत, रोजगार और कौशल विकास को बताया प्राथमिकता

**नरवाना, 20 जून ( नरेन्द्र कुमार )** : हरियाणा के केश कला बोर्ड के चेयरमैन यशपाल ठाकुर का शनिवार को नरवाना आगमन पर सैन समाज एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा हरियल रेस्ट हाउस में भव्य स्वागत किया गया। करनाल से सिरसा के ऐलनाबाद जाते समय नरवाना पहुंचे ठाकुर का फूल-मालाओं और जोरदार नारों के साथ अभिनंदन किया गया।



कार्यक्रम में समाज के गणमान्य व्यक्तियों और युवाओं की बड़ी संख्या मौजूद रही।इस अवसर पर अपने संबोधन में यशपाल ठाकुर ने कहा कि केश कला बोर्ड केवल सैलून व्यवसाय से जुड़े लोगों के हितों की रक्षा तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, बेरोजगार युवाओं और जरूरतमंद परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि बदलते समय में सैलून व्यवसाय एक बड़े उद्योग का रूप ले चुका है और इससे जुड़े लोगों को आधुनिक तकनीक, उन्नत प्रशिक्षण तथा वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है।उन्होंने कहा कि जिन युवाओं के पास रोजगार शुरू करने के लिए संसाधनों की कमी है उन्हें सरकारी योजनाओं एवं बोर्ड की विभिन्न पहल के माध्यम से सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही आर्थिक मजबूरियों के कारण पढ़ाई छोड़ने वाले युवाओं को चिन्हित कर कौशल विकास कार्यक्रमों से जोड़कर प्रशिक्षण दिलाया जाएगा ताकि वे सम्मानजनक रोजगार प्राप्त कर सकें।यशपाल ठाकुर ने कहा कि केंद्र और हरियाणा सरकार युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। कौशल विकास संस्थानों के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षित कर प्रमाणित किया जाएगा, जिससे उन्हें सरकारी और निजी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें।यशपाल ठाकुर ने कार्यक्रम के दौरान राजनीतिक मुद्दों पर भी अपनी बात रखते हुए कहा कि देश की राजनीति लंबे समय तक परिवारवाद, जातिवाद और क्षेत्रवाद के प्रभाव में रही लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने कार्यकर्ता आधारित राजनीति को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि एक साधारण कार्यकर्ता का बोर्ड चेयरमैन बनना इस बात का प्रमाण है कि भाजपा में समर्पण और मेहनत को प्राथमिकता दी जाती है। उन्होंने समाज के लोगों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान भी किया।इस अवसर पर सूबेदार हरि सिंह, डॉ. अमित सैन, रामकुमार सैन, सतपाल सैन, ज्ञान सिंह सैन, अमरपाल सैन, पार्षद अजय सैन, राजेश दनौदा, मांगेराम दनौदा, संजीव सैन, मनोज सैन, नरेन्द्र सैन, राहुल सैन,राजेश टांक, सुरेश पांचाल, सुभाष सैन सहित सैन समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# योग स्वास्थ्य संजीवनी बना, दुनिया में बढ रहा योगासन का प्रचलन : डॉ. गणेश दत्त

**लाडवा, 20 जून ( रामगोपाल )** : विश्व में भारतीय सनातन संस्कृति की अमूल्य धरोहर योगासन, प्राणायाम की स्वास्थ्य संजीवनी के रूप में पहचान बन गई हैं। भारत ही नहीं विश्व के 190 देशों में इसी ऋषि चिंतन पद्धति से स्वास्थ्य संरक्षण ही नहीं अनेक असाध्य रोगों से भी निजात मिल रही हैं। यही कारण है कि स्वीकार्यता का आंकडा आए दिन बढ रहा हैं, और दुनिया के लोग भारत की ओर निहार रहे हैं। 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा हैं। पूरे विश्व में इसके लिए कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। लोगों को शारीरिक, मानसिक तंदरूस्ती का लाभ मिल रहा हैं। योग प्राणायाम के सतत अभ्यास से अध्यात्मिक उर्जा का प्रभाव शरीर ओर मन पर पढ रहा हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब से देश की बागडोर सम्भाली सनातन संस्कृति के साथ-साथ आयुर्वेद और योग को प्राथमिकता के रूप में स्वास्थ्य संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण जानकर इसके लिए कदम उठाये और जन-जागरण पर भी ध्यान दिया। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 27 सितम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अन्तर्राष्ट्रीय महासभा में योग दिवस का प्रस्ताव रखा जिसे 177 देशों ने अनुमोदन किया और महासभा के 69वें सत्र में 11 दिसम्बर 2014 को प्रति वर्ष 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय दिवस मनाने की स्वीकृति दी। अब 190 देशों में योग के अन्दर योग प्रशिक्षण संस्थान चल रहे हैं। जिनमें नियमित अभ्यास किया जाता है और विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित होते हैं। विश्व के अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, जापान, आस्ट्रेलिया, कनाडा, रूस व ब्राजील जैसे विकसित देशों में भी योग साधना की जा रही है। यह महान उपलब्धि भारतीयता की रही। यह सौभाग्य हमारे ऋषि-मुनियों के कोटि-कोटि साधनाओं का रहा जो "वसुधैव कुटुम्बकम्" के लिए सार्थक सिद्ध हो रहा हैं।



**सतत योग अभ्यास बढती है स्मरण शक्ति और एकाग्रता :** योग अभ्यास करने मस्तिष्क में स्मरण शक्ति और एकाग्रता का भाव बढता है। मानसिक शांति प्राप्त होती है व शरीर और मन के अनेक विकारों से भी निजात मिलती हैं। रक्तचाप नियंत्रित होता है, रक्त संचार स्वाभाविक रूप से होने लगता है। जिससे दिल के अनेक रोगों से निजात मिलती है। प्राणायाम करने से फेफडे में ऑक्सीजन संचार बढता है, श्वास पर श्वास की प्रक्रिया स्वाभाविक होने से ताकत बढती है जिससे दमा और सांस के रोग पनप नहीं पाते। पाचन-तंत्र में सुधार होता है, मैटोबोलिज्म बेहतर होता है जिससे शारीरिक पुष्टि बढती है और नियमित आसनों का अभ्यास शरीर की मासपेशियों को मजबूत बनाता है, लचीला रखता है जिससे शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढती हैं। कमर और गर्दन के अभ्यास करने से शरीर का संतुलन और मुद्रा संतुलित रहती हैं। यही कारण है कि आजकल योग से इन लाभ को देखते हुए हर कोई आकर्षित हो रहा है। आधुनिक युग में दिनचर्या में हर कोई तनाव में ग्रस्त रहता है। योगाभ्यास प्राणायाम का नियमित अभ्यास करने वाले को जंक फूड खाने, मानसिक तनाव के कारण मोटापा, मधुमेह, रक्तचाप का बढना, निद्रा की कमी जैसे रोग पैदा होते है, वे ठीक हो जाते हैं।

**योग से रोग निरोधक क्षमता बढती है, शोध में भी प्रमाणित हुआ :** शरीर और मन का एक दूसरे पर प्रभाव पडता है। यदि किसी कारण से शरीर में विकास हो गया तो उससे मन प्रभावित होता है और यदि किसी को मनोविकार हुआ तो उससे शरीर का प्रभावित होना भी निश्चित माना जाता है। ऐसे में अनेक प्रकार के शोध हुए जिसमें देखा गया कि किस प्रकार से शरीर और मन एक दूसरे के पूरक हैं। इसे माईंड बॉडी कनैक्शन भी कहा जाता है। इसे आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी स्वीकार करता हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 12-13 प्रतिशत लोगों को किसी न किसी रूप में मानसिक स्वास्थ्य समस्या रहती है, जिससे शरीर भी अछूता नहीं रहता। शोध में इस बात का खुलासा हुआ है कि सकारात्मक मानसिक स्थिति वाले लोगों की रोग निरोधक क्षमता मजबूत होती है और वे या तो मनोविकार से ग्रसित नहीं होते यदि होते भी हैं तो उनकी आंतरिक उर्जा उन्हें शीघ्र स्वस्थ करने में कार्य करती है। जिससे चंद दिनों में ही बीमारी से निजात मिल जाती हैं।

**योग करे निरोग, नियमित अभ्यास में क्या करें :** गर्दन, कंधे, कमर और घुटनों के अभ्यास करने से गर्दन की हड्डी, कंधे मजबूत बनते हैं। रीड की हड्डी लचीली बनती है। ऐसे में हमें इन आसनों के साथ-साथ ताडासन, वृक्षासन, भुजंगासन, पवन-मुक्तासन, पश्चिमोत्तासन, सेतु बंधासन जैसे आसनों का अभ्यास करना चाहिए। इसके साथ-साथ सूर्य नमस्कार आसन के अभ्यास से शरीर के हर अंग पर प्रभाव पडता है। इससे शरीर की मुख्य ग्रंथियां भी प्रभावित होती है और शरीर के लिए हारमोन्स का स्राव भी होता हैं। सूर्य नमस्कार से अध्यात्मिक उर्जा का लाभ भी मिलता हैं। कपालभाति और भ्रामरी प्राणायाम के साथ-साथ उज्जयी प्राणायाम करना चाहिए। शवासन का अभ्यास करने से शरीर की उत्तेजना कम होती है, सकारात्मकता बढती है और मन शांत होता है। योग मन को शुद्ध करता है, वाणी को संयमित करता है, शरीर को स्वस्थ बनाता है।

# पारिवारिक विवाद में बुजुर्ग और बेटे से मारपीट

**जबलपुर, 20 जून ( निस )** : गोरखपुर थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के दौरान एक बुजुर्ग और उसके बेटे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना में दोनों को चोटें आई हैं। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार सेठीनगर निवासी 79 वर्षीय जान डेविड अपनी बहन उमा सिंह के घर गए थे। वहां बहन का बेटा सुप्रिय सिंह विवाद कर रहा था। समझाने का प्रयास करने पर सुप्रिय सिंह की पत्नी नेहा सिंह, उसकी बहन निकिता सिंह और भाई अभिषेक थॉमस गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर नेहा सिंह ने मोबाइल से हमला कर जान डेविड की भौंह के ऊपर चोट पहुंचा दी। बीच-बचाव करने आए उनके बेटे जय डेविड के साथ भी पत्थर से मारपीट की गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296(बी), 115(2), 351(3) एवं 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### मेडिकल सर्वेंट क्वार्टर के पास कचरे के ढेर में लगी भीषण आग

**जबलपुर, 20 जून ( निस )** : नेताजी सुभाषचंद्र मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर स्थित सर्वेंट क्वार्टर के समीप शुक्रवार देर रात कचरे के बड़े ढेर में अचानक आग लगने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। आग की तेज लपटें और घना धुआं दूर-दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे अस्पताल कर्मचारियों और आसपास रहने वाले लोगों में चिंता का माहौल बन गया। जानकारी मिलते ही पुलिस और नगर निगम के दमकल अमले को मौके पर बुलाया गया। फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए गए। देर रात तक दमकल कर्मी आग बुझाने में जुटे रहे। धुएं के कारण आसपास के रहवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा, वहीं बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

# नशा मुक्त हो जिला अभियान तहत संदिग्ध नशा तस्करों पर पुलिस की लगातार कार्रवाई

**कैथल, 20 जून ( प्रवेश बहादुर )** : नशा व शराब तस्करो की धरपकड़ व अन्य अपराधीक गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के निर्देसानुसार कैथल पुलिस लगातार प्रयासरत है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार की सुबह सीआईए कलायत प्रभारी एएसआई मनीष कुमार, एंटी नारकोटिक सेल-2 प्रभारी पीएसआई सनेश की अगुवाई में सीआईए-1, एवीटी, एएनसी तथा कमांडो दस्ते के साथ मिलकर करीब 100 पुलिस कर्मचारियों द्वारा सेंसी बस्ती कलायत में संदिग्ध नशा व शराब तस्करों के घर व अन्य ठिकानो पर सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान घरों की जांच सहित अन्य जगह की छानबीन की गई कि कहीं किसी जगह कोई मादक पदार्थ छिपा रखा हो या कोई नशा बेचने वाला या आपराधिक कार्य करने वाला गैर कानूनी तरीके से न रहता हो। लोगो को चेतावनी दी गई की नशीला पदार्थ व अवैध शराब बेचने पर जिला पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। किसी भी नशा तस्कर को बक्शा नहीं जाएगा। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करना व अपराधियों व नशा तस्करों में भय उत्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में मुख्य रूप से नशा तथा शराब का कारोबार करने वालों पर शिकंजा कसना है, जिला पुलिस का उद्देश्य कैथल जिला को नशा मुक्त बनाना है। इसके साथ साथ पुलिस द्वारा सर्च ऑपरेशन के अलावा वहां मौजूद आमजन को समझाया गया कि किसी प्रकार के मादक पदार्थ बेचने वाले या अन्य किसी अपराधी के बारे में पुलिस को सूचित करें, सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# वेब सीरीज प्रीतम एंड पेड्रो तीन जुलाई से ओटीटी प्लेटफार्म पर




मनोरंजन की दुनिया में जब दो अलग-अलग विचारधाराओं और पीढ़ियों का मिलन होता है, तो कहानी में रहस्य और हास्य का एक नया रंग देखने को मिलता है। कुछ ऐसा ही अनूठा ताना-बाना लेकर आ रही है नई वेब सीरीज़ प्रीतम एंड पेड्रो। दर्शकों की उत्सुकता को बढ़ाते हुए ओटीटी प्लेटफॉर्म जियोहॉटस्टार ने इसका आधिकारिक ट्रेलर जारी कर दिया है। गोवा की रंगीन पृष्ठभूमि में बुनी गई यह कहानी दो ऐसे चरित्रों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी बिलकुल जुदा शख्सियत के कारण दर्शकों को हँसाने और चौंकाने के लिए तैयार हैं। 3 जुलाई से ओटीटी प्लेटफॉर्म पर इसका रोमांच दिखेगा। कहानी के मुख्य केंद्र में दो बेहद विरोधाभासी चरित्र हैं। एक तरफ पेड्रो (अरशद वारसी) है, जो अपनी सहज बुद्धि और तजुर्बे पर चलने वाला पुराने ज़माने का पुलिस अफसर है। दूसरी तरफ प्रीतम (विक्रांत मैसी) है, जो आज की पीढ़ी का तेज़-तर्रार टेक एक्सपर्ट है। जब इन दोनों का सामना अपनी कल्पना से बड़े एक अनसुलझे रहस्य से होता है, तो उनकी दुनिया ही बदल जाती है। हर मोड़ पर गहराता सस्पेंस, वफादारी की कसौटी और हंसी के ठहाके इस सफर को और अधिक रोमांचक बनाते हैं। इस सीरीज़ की सबसे बड़ी खूबी इसकी रचनात्मक टीम है। मानवीय संवेदनाओं को छूने वाली फिल्मों के लिए विख्यात फिल्मकार राजकुमार हिरानी इस सीरीज़ के निर्माता हैं, जबकि निर्देशन की कमान राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अविनाश अरुण ने संभाली है। सीरीज़ में अरशद वारसी और विक्रांत मैसी की मुख्य जोड़ी के अलावा बोमन ईरानी, मोना सिंह और युवा अभिनेता वीर हिरानी जैसे मंझे हुए कलाकारों की पूरी टोली दिखाई देगी।जियोहॉटस्टार के मनोरंजन व्यवसाय प्रमुख आलोक जैन ने विश्वास जताया कि यह कहानी हर आम और खास तक पहुँचेगी और लोगों के दैनिक जीवन का हिस्सा बनेगी। राजकुमार हिरानी की शैली की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि हिरानी का जादू सीधे दर्शकों के दिल में उतर जाता है और हमें उन्हें इस डिजिटल मंच पर लाते हुए गर्व है।


अपनी इस नई पारी को लेकर उत्साहित निर्माता राजकुमार हिरानी का कहना है कि उन्हें किरदारों के बीच का विरोधाभास सबसे ज्यादा भाया, जो अनजाने में एक-दूसरे के करीब आते हैं। वहीं निर्देशक अविनाश अरुण ने इसे मानवीय रिश्तों की गहराई से बुनी हुई एक मनोरंजक यात्रा बताया है।

अभिनय के अनुभवों को साझा करते हुए अरशद वारसी ने पेड्रो को अपने दिल की सुनने वाला मजेदार इंसान बताया, तो विक्रांत मैसी ने पटकथा की गहराई की तारीफ की। पहली बार बड़े कैनवास पर आ रहे वीर हिरानी ने सेट पर सीनियर कलाकारों के साथ काम करने को अभिनय की एक अनूठी पाठशाला की तरह याद किया। हास्य, भावनाओं और सस्पेंस की यह नायाब जुगलबंदी आगामी 3 जुलाई से दर्शकों के लिए उपलब्ध होगी।

**सफल कलाकार बनने का रास्ता आसान नहीं था-सुम्बुल तौकीर**

अपने अभिनय करियर, संघर्ष और सफलता के सफर को लेकर लोकप्रिय टेलीविजन अभिनेत्री सुम्बुल तौकीर ने खुलकर बात की है। धारावाहिक इमली से घर-घर में पहचान बनाने वाली सुम्बुल का कहना है कि एक सफल कलाकार बनने का रास्ता उनके लिए आसान नहीं था। चर्चा में सुम्बुल ने बताया कि उनका सपना शुरू से ही अभिनेत्री बनने का था। मनोरंजन जगत में उनकी शुरुआत भले ही डांस रियलिटी शो के माध्यम से हुई हो, लेकिन उनकी असली इच्छा अभिनय के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने की थी। उन्होंने कहा कि समय के साथ उन्हें अपने सपनों को साकार करने का अवसर मिला और आज वह अपने सफर को देखकर संतोष महसूस करती हैं। सुम्बुल के अनुसार, किसी भी कलाकार की सफलता के पीछे लंबे संघर्ष, धैर्य और निरंतर मेहनत की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि अपने करियर के दौरान उन्होंने अच्छे और बुरे दोनों तरह के अनुभवों का सामना किया है। कई बार चुनौतियां सामने आईं, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। उनका मानना है कि कठिन अनुभव व्यक्ति को अधिक परिपक्व और मजबूत बनाते हैं तथा आगे बढ़ने की नई ऊर्जा देते हैं। अभिनेत्री ने यह भी बताया कि उन्होंने अपने हर किरदार से कुछ न कुछ नया सीखा है। शुरुआती धारावाहिकों से लेकर वर्तमान शो इत्ती सी ख़ुशी तक, उन्हें अलग-अलग भूमिकाएं निभाने का अवसर मिला है। उनके मुताबिक, एक कलाकार के लिए हर नया किरदार एक नई चुनौती लेकर आता है, जो उसके अभिनय कौशल को और बेहतर बनाने में मदद करता है। यही वजह है कि वह हर भूमिका को पूरी लगन और ईमानदारी के साथ निभाने का प्रयास करती हैं। सुम्बुल ने दर्शकों और कलाकारों के रिश्ते पर भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि कई बार दर्शक पर्दे पर निभाए गए किरदार और कलाकार के वास्तविक व्यक्तित्व के बीच अंतर करना भूल जाते हैं। यदि कोई कलाकार सकारात्मक भूमिका निभाता है तो लोग उससे वास्तविक जीवन में भी वैसी ही छवि की अपेक्षा करने लगते हैं।

# सारा अली खान एवं वरुण धवन की पहली मुलाकात लिफ्ट के अंदर हुई थी



15 साल की अभिनेत्री सारा अली खान ने अभिनेता वरुण धवन का पीछा किया था। सारा अली खान और वरुण धवन की पहली मुलाकात लिफ्ट में हुई थी। फिल्म कुली नंबर 1 के प्रमोशन के दौरान मीडिया से चर्चा में वरुण धवन ने बताया था कि उनकी पहली मुलाकात अभिनेत्री सारा अली खान से तब हुई थी, जब वह किशोरावस्था में थीं। इस मुलाकात से जुड़ा एक रोचक किस्सा वरुण धवन ने एक टीवी शो में साझा किया था, जिसने उस समय दर्शकों का खूब ध्यान खींचा था। अभिनेता के अनुसार, उनकी फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर रिलीज हो चुकी थी और वह एक दिन जिम पहुंचे थे। वहीं उन्होंने पहली बार सारा को देखा, जो उस समय लगभग 15 वर्ष की थीं। वरुण ने बताया कि जिम में एक लड़की चश्मा लगाए फोन पर बात करते हुए इधर-उधर घूम रही थी। जब वह लिफ्ट की ओर बढ़ रहे थे, तब वह लड़की बाहर निकल रही थी, लेकिन अचानक मुड़कर वापस लिफ्ट में आ गई। अभिनेता के मुताबिक, वह उन्हें लगातार देख रही थी और साथ ही फोन पर बात करने का प्रयास कर रही थी। इस दौरान उन्हें समझ नहीं आया कि वह आखिर कर क्या रही है। उन्होंने हंसते हुए बताया कि उन्हें यह भी हैरानी हुई कि लिफ्ट के भीतर नेटवर्क न होने के बावजूद वह फोन पर बात करने का अभिनय कर रही थीं। जब वह लिफ्ट से बाहर निकले तो उन्होंने देखा कि वह लड़की चुपचाप उनके पीछे-पीछे चल रही है। बाद में जब इस घटना का जिक्र हुआ और सारा से इसके बारे में पूछा गया, तो उन्होंने स्वीकार किया कि उस समय वह वास्तव में किसी से बात नहीं कर रही थीं, बल्कि सिर्फ व्यस्त दिखने की कोशिश कर रही थीं। बाद के वर्षों में दोनों कलाकारों ने पहली बार फिल्म कुली नंबर 1 में साथ काम किया। यह फिल्म निर्देशक डेविड धवन द्वारा निर्देशित थी और इसका निर्माण वाशु भगनानी ने अपने बैनर के तहत किया था। यह 1995 में प्रदर्शित इसी नाम की लोकप्रिय फिल्म का रीमेक थी, जिसमें गोविंदा और करिश्मा कपूर मुख्य भूमिकाओं में थे। फिल्म में वरुण और सारा की जोड़ी को दर्शकों ने पसंद किया था, हालांकि इसके बाद दोनों किसी अन्य परियोजना में साथ नजर नहीं आए। वहीं वरुण धवन हाल ही में निर्देशक डेविड धवन की फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में दिखाई दिए, जिसमें मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े भी प्रमुख भूमिकाओं में थीं। यह किस्सा आज भी वरुण और सारा की शुरुआती पहचान से जुड़ी सबसे चर्चित यादों में गिना जाता है।

# स्वस्थ मजबूत एवं लचीला बने रहना हमारे हाथ में-पूनम ढिल्लों

हाल ही में, भारत सरकार का आयुष मंत्रालय ने एक वीडियो जारी किया जिसमें लोकप्रिय अभिनेत्री पूनम ढिल्लों योग के प्रति अपने दृढ़ विश्वास को साझा करती नजर आईं। आयुष मंत्रालय ने अपने सोशल मीडिया



प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर इस वीडियो को पोस्ट करते हुए लिखा, उम्र बढ़ना जीवन की एक स्वाभाविक और सुंदर सच्चाई है, लेकिन स्वस्थ, मजबूत और लचीला बने रहना हमारे अपने हाथ में है। यह संदेश इस साल के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम योग फॉर हेल्दी एजिंग के मूल उद्देश्य को दर्शाता है। इस थीम का मुख्य लक्ष्य लोगों को यह समझाना है कि नियमित योग अभ्यास बढ़ती उम्र में भी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को उत्कृष्ट बनाए रखने में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। पूनम ढिल्लों ने अपने वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों की सराहना की, जिनके कारण 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिली है। उन्होंने जोर देकर कहा कि उम्र बढ़ना जीवन का एक अटल सत्य है, और हर व्यक्ति चाहता है कि बढ़ती उम्र के साथ वह न केवल शारीरिक रूप से अच्छा दिखे, बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ, ऊर्जावान और सक्रिय बना रहे। अभिनेत्री ने आगे कहा कि योग एक ऐसा सशक्त माध्यम है, जो बढ़ती उम्र में भी शरीर की लचक, गतिशीलता और मानसिक शांति को बनाए रखने में अद्वितीय सहायता प्रदान करता है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि योग केवल एक शारीरिक व्यायाम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक संतुलित और स्वस्थ जीवन जीने का एक समग्र और प्रभावी तरीका है। पूनम ढिल्लों के अनुसार, योग हमें शारीरिक और मानसिक दोनों स्तरों पर मजबूत बनाता है, जिससे हम जीवन में आने वाली हर चुनौती का सामना करने की शक्ति और साहस प्राप्त करते हैं। उन्होंने सभी देशवासियों से विनम्र अपील की कि वे योग को अपनी दिनचर्या का एक अनिवार्य हिस्सा बनाएं। पूनम ढिल्लों ने योग 365 का संदेश देते हुए समझाया कि योग केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वस्थ और खुशहाल जीवन के लिए निरंतर अपनाई जाने वाली एक आदत है। यह एक ऐसा अभ्यास है जिसे पूरे वर्ष, हर दिन किया जाना चाहिए। अंत में, उन्होंने देशवासियों से 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह किया।

# अगले साल शुरु होगी गदर 3 की शूटिंग-अनिल शर्मा

बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म गदर- एक प्रेम कथा के 25 साल पूरे होने के मौके पर फिल्म डायरेक्टर अनिल शर्मा ने गदर 3 को लेकर एक बड़ा अपडेट दिया है। उन्होंने बताया है कि अगर सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो फिल्म की शूटिंग अगले साल शुरू होने की पूरी संभावना है, जिससे दर्शकों की उत्सुकता और भी बढ़ गई है। साल 2001 में रिलीज हुई गदर- एक प्रेम कथा को लोग आज भी नहीं भूल पाए हैं। इस फिल्म ने अपनी रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था और यह इतनी बड़ी ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी कि इसका सीक्वल बनाना तय था। गदर 2 ने भी सिनेमाघरों में धमाकेदार कमाई की और पहले पार्ट की सफलता को दोहराया। अब, जबकि गदर 2 की अपार सफलता के बाद लोग बेसब्री से इसके तीसरे पार्ट का इंतजार कर रहे हैं, अनिल शर्मा का यह बयान फैंस के लिए एक उम्मीद की किरण लेकर आया है।




अनिल शर्मा ने गदर के 25 साल पूरे होने पर अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा कि इतने वर्षों के बाद भी लोग इस फिल्म को भूल नहीं पाए हैं। उन्होंने दावा किया कि गदर को उस वक्त तकरीबन 10 करोड़ लोगों ने थिएटर में देखा था और आज तक किसी फिल्म ने इतने फुटफॉल्स का रिकॉर्ड नहीं बनाया है। उन्होंने यह भी बताया कि गदर 2 ने भी उतनी ही बड़ी सफलता हासिल की थी, जो इस फ्रेंचाइजी की अदम्य लोकप्रियता का प्रमाण है। यह खास बात है कि गदर- एक प्रेम कथा आमिर खान की लगान के साथ रिलीज हुई थी, लेकिन दोनों ही फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर बंपर कमाई की थी। जब उनसे गदर 3 को लेकर सवाल किया गया, तो अनिल शर्मा ने साफ किया कि गदर 3 के लिए उन्हें न्यूक्लियर बम जैसी कहानी का इंतजार है। इस बयान से यह स्पष्ट होता है कि वे किसी साधारण स्क्रिप्ट पर काम नहीं करना चाहते, बल्कि उन्हें एक ऐसी कहानी चाहिए जो पहले के दो हिस्सों की तरह ही दमदार, भावनात्मक और बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने वाली हो।

उन्होंने बताया कि इस वक्त स्क्रिप्ट पर काम किया जा रहा है और अगर उन्हें ऐसी ही कोई जबरदस्त कहानी मिल जाती है और सब ठीक रहता है, तो अगले साल फिल्म फ्लोर पर यानी शूटिंग शुरू होने के लिए तैयार होगी। गदर फ्रेंचाइजी की सफलता का एक बड़ा श्रेय तारा सिंह और सकीना की अद्वितीय प्रेम कहानी और सनी देओल और अमीषा पटेल की केमिस्ट्री को जाता है। दोनों की जोड़ी ने यह साबित कर दिया था कि इस फिल्म में इन किरदारों के लिए न कोई दूसरा हीरो और न कोई दूसरी हीरोइन इस तरह की एक्टिंग कर पाते। उनकी यह प्रेम कहानी दर्शकों के दिलों में हमेशा के लिए बस गई हैं।

**सिर्फ बचत नहीं, सही निवेश भी जरूरी-हेली शाह**

दुनिया भर में चल रहे तनाव और आर्थिक उतार-चढ़ाव के बीच एक्ट्रेस हेली शाह ने लोगों को सलाह दी है कि अपनी मेहनत की कमाई को सुरक्षित रखने के लिए फाइनेंशियल प्लानिंग बेहद जरूरी है। हेली ने बताया कि हमारे देश में बचपन से ही गुल्लक और बचत का एक भावनात्मक रिश्ता रहा है, जो हमें मितव्ययी होने की सीख देता है। लेकिन आज के समय में, उन्होंने जोर देकर कहा, सिर्फ पैसे बचाना ही काफी नहीं है, बल्कि उसके लिए सही जानकारी होना और सही जगह निवेश करना भी उतना ही अहम है। अभिनेत्री ने प्रधानमंत्री की अपील का जिक्र करते हुए यह सलाह भी दी कि पारंपरिक तरीके से ज्यादा सोना खरीदने के बजाय, म्यूचुअल फंड्स जैसे विकल्पों में पैसा लगाना ज्यादा फायदेमंद हो सकता है। यह दिखाता है कि वे सिर्फ बचत की बात नहीं कर रही हैं, बल्कि आधुनिक और प्रभावी निवेश रणनीतियों पर भी जोर दे रही हैं। हेली ने अपनी पर्सनल लाइफ का उदाहरण देते हुए बताया कि पैसों की बचत करने का यह हुनर उन्होंने किसी क्लास से नहीं, बल्कि अपने पिता को देखकर सीखा है। उन्होंने कहा कि उनके पिता ने कभी उन्हें बिठाकर किताबी ज्ञान नहीं दिया, लेकिन घर के माहौल और पिता के फाइनेंशियल फैसलों को देखकर ही उन्होंने अपनी समझ विकसित की। आज वे खुद यह तय करती हैं कि उनकी कमाई का कितना हिस्सा फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) में जाएगा और कितना म्यूचुअल फंड में निवेश होगा।

उनका मानना है कि हर इंसान को अपने खर्चों को लेकर समझदारी बरतनी चाहिए और सूझबूझ से काम लेना चाहिए, क्योंकि आज के इस दौर में आपकी सही फाइनेंशियल सिक्योरिटी ही आपको आने वाले कल के संकटों से बचा सकती है।

# उत्तर दा पुत्तर फिल्म को लेकर उत्साहित है अन्नू कपूर

आगामी फिम्ल्म 'उत्तर दा पुत्तर' को लेकर उत्साहित है -अन्नू कपूर

अपनी आगामी फिल्म उत्तर दा पुत्तर को लेकर अभिनेता अन्नू कपूर काफी उत्साहित हैं। अभिनेता का कहना है कि फिल्म की कहानी और उसकी भावनात्मक गहराई ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से प्रभावित किया है। अन्नू कपूर के अनुसार, फिल्म एक ऐसे विचार को सामने लाती है, जिससे लगभग हर व्यक्ति अपने जीवन के किसी न किसी पड़ाव पर जुड़ाव महसूस कर सकता है। अन्नू कपूर ने बताया कि अक्सर लोग अपने जीवन से जुड़े सवालों के जवाब स्वयं के भीतर खोजने के बजाय बाहरी परिस्थितियों, संकेतों या अन्य लोगों में तलाशते हैं। उत्तर दा पुत्तर इसी सोच को मनोरंजक और संवेदनशील तरीके से प्रस्तुत करती है। उन्होंने कहा कि फिल्म में हास्य और भावनाओं का संतुलन बेहद प्रभावशाली है, जो इसे केवल मनोरंजक ही नहीं बल्कि विचारोत्तेजक भी बनाता है।

यह ऐसी कहानी है जो दर्शकों को हंसाने के साथ-साथ जीवन के कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं पर सोचने के लिए भी प्रेरित करेगी। अन्नू कपूर के मुताबिक, फिल्म की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह एक गंभीर विषय को बेहद सहज और दिल को छू लेने वाले अंदाज में प्रस्तुत करती है। उन्होंने कहा कि यही बात उन्हें इस फिल्म की ओर आकर्षित करने वाली सबसे महत्वपूर्ण वजह रही। अभिनेता ने यह भी बताया कि फिल्म की शूटिंग का अनुभव उनके लिए बेहद सुखद रहा और उन्होंने कहानी के साथ-साथ पूरी निर्माण प्रक्रिया का भी भरपूर आनंद लिया। हाल ही में फिल्म निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर फिल्म का टीजर जारी किया है। टीजर के साथ साझा किए गए संदेश में कहा गया कि यदि किसी व्यक्ति द्वारा चुनी गई गलत दिशा उसकी पूरी जिंदगी बदल दे तो क्या होगा। फिल्म इसी दिलचस्प अवधारणा पर आधारित है और इसे एक अनोखी हिंदी कॉमेडी के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। निर्माताओं का मानना है कि आज के दौर में कंटेंट ही सबसे बड़ा सितारा है और यह फिल्म उसी सोच को मजबूत करती है। फिल्म का ट्रेलर जल्द जारी किया जाएगा, जबकि इसका प्रदर्शन 24 जुलाई से सिनेमाघरों में शुरू होगा। फिल्म के निर्माता संदीप कपूर ने कहा कि उत्तर दा पुत्तर ऐसी कहानी है जिससे हर व्यक्ति खुद को जोड़ सकता है। उनके अनुसार, लोग अक्सर अपने जीवन के उत्तर बाहर खोजते हैं, जबकि कई बार समाधान उनके भीतर ही मौजूद होता है। फिल्म इसी विचार को मनोरंजक और भावनात्मक अंदाज में प्रस्तुत करती है। फिल्म में अन्नू कपूर के अलावा रखसार रहमान, बृजेंद्र काला, पवन मल्होत्रा, इश्तियाक खान, जीवेशु अहलूवालिया, राजेंद्र सेठी, सुमित गुलाटी और नितिन अरोड़ा भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे।




**अल्फा का पहला दमदार टीजर जारी, जासूस बनीं आलिया**

यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनने वाली अल्फा का पहला दमदार टीजर जारी जो गया है। टीजर में अभिनेत्री आलिया आलिया भट्ट जासूस के किरदार में नजर आ रही है। फिल्म की सबसे खास बात यह है कि यह स्पाई यूनिवर्स की पहली ऐसी परियोजना है, जिसकी कहानी एक महिला जासूस के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जो इसे इस फ्रैंचाइजी में एक नया आयाम देती है।

लगभग एक मिनट 55 सेकंड का टीजर, एक्शन, सस्पेंस, गहन भावनाओं और एक बड़े, महत्वपूर्ण मिशन की झलकियों से भरपूर है, जो दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखता है। टीजर सामने आते ही आलिया भट्ट के इस नए और अप्रत्याशित अवतार की हर तरफ खूब चर्चा हो रही है, और फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। टीजर की शुरुआत एक बेहद शानदार रेस्तरां के दृश्य से होती है, जहाँ बॉबी देओल और आलिया भट्ट एक-दूसरे के सामने बैठे दिखाई देते हैं। बॉबी देओल फिल्म में आलिया के पिता की भूमिका निभा रहे हैं। यह आलिया के 18वें जन्मदिन का खास अवसर होता है, और शुरुआत में सब कुछ एक सामान्य पिता-बेटी के प्यार भरे सेलिब्रेशन जैसा प्रतीत होता है। लेकिन कुछ ही पलों में कहानी एक अप्रत्याशित और रोमांचक मोड़ ले लेती है। बॉबी देओल अपनी बेटी को एक छोटा सा कार्ड देते हैं, जिस पर केवल एक कमरे का नंबर लिखा होता है। जब आलिया उत्सुकतावश उससे जुड़ा सवाल पूछती हैं, तब उन्हें पता चलता है कि यह कोई साधारण उपहार नहीं, बल्कि उनका पहला और सबसे महत्वपूर्ण मिशन है। यहीं से टीजर का असली रोमांच बढ़ना शुरू हो जाता है और दर्शकों की धड़कनें तेज हो जाती हैं। बॉबी देओल अपनी बेटी से कहते हैं कि जिस दिन का वे दोनों वर्षों से इंतजार कर रहे थे, वह आखिरकार आ गया है। वे बताते हैं कि उन्होंने आलिया को बचपन से जिस विशेष मकसद के लिए तैयार किया था, अब उसे पूरा करने का समय आ गया है, और देश को उसकी जरूरत है। इसके बाद टीजर में आलिया का एक बिल्कुल अलग, घातक और एक्शन से भरपूर अवतार दिखाई देता है। वह दुश्मनों पर कभी पैने चाकू से हमला करती हैं, तो कभी सटीकता से उनके सिर पर गोली दागती हैं।

वह कई खतरनाक और हैरतअंगेज एक्शन सीक्वेंस करती नजर आ रही हैं, जो उनकी शारीरिक फुर्ती और दृढ़ संकल्प को दर्शाते हैं। टीजर में अल्फा नाम से एक बेहद सीक्रेट प्रोग्राम से भी रूबरू कराया जाता है। यह कार्यक्रम देश की अगली पीढ़ी के ऐसे योद्धाओं को तैयार करने के लिए समर्पित है, जो किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम हों। टीजर में जहाँ आलिया भट्ट का बेमिसाल एक्शन सबसे ज्यादा ध्यान खींचता है, वहीं बॉबी देओल का रहस्यमयी और गंभीर अंदाज भी लोगों को काफी प्रभावित कर रहा है। हालांकि फिल्म में शरवरी वाघ और अनिल कपूर जैसे अनुभवी कलाकार भी अहम भूमिकाओं में हैं, लेकिन इस पहले टीजर में उनकी कोई झलक नहीं दिखाई गई है। ऐसे में यह अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले दिनों में उनके किरदारों से जुड़े अलग प्रोमो या पोस्टर सामने आ सकते हैं, जो कहानी के बारे में और जानकारी देंगे। अल्फा यश राज फिल्म्स के बेहद लोकप्रिय स्पाई यूनिवर्स की सातवीं फिल्म है। इससे पहले एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है, वॉर, पठान, टाइगर 3 और हाल ही में रिलीज हुई वॉर 2 जैसी सफल फिल्में इस विशाल यूनिवर्स का हिस्सा रह चुकी हैं।

# शम्भू थाने की पुलिस ने तीन लोगों से दस किलो अफीम की भूसी बरामद की



शंभू 20 जून (राजिंदर सिंह कंबोज)= शंभू थाने की पुलिस ने ड्रग तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से कुल 10 द्मद्द भूसी बरामद की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, असिस्टेंट थानेदार जसवंत सिंह समेत एक पुलिस पार्टी पेट्रोलिंग और संदिग्ध लोगों की तलाशी के सिलसिले में शंभू बैरियर के पास मौजूद थी। इस दौरान शक के आधार पर गुमरित सिंह, निवासी गांव गग्गर, थाना लंबी, जिला श्री मुक्तसर साहिब, और बलविंदर सिंह, निवासी गांव बुट्टर बखुआ, थाना गिद्दड़बाहा, जिला श्री मुक्तसर साहिब को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उनके पास से 6 द्मद्द 500 ग्राम चूरा बरामद हुई। इस दौरान स्.ढ्ढ. बहादुर राम समेत पुलिस पार्टी ने शंभू बैरियर के पास शक के आधार पर बहादुर सिंह, निवासी गांव भीटीवाल, थाना किल्लियांवाली मंडी, जिला श्री मुक्तसर साहिब को गिरफ्तार कर तलाशी ली, जिसके पास से 3 द्मद्द 500 ग्राम चूरा पोस्त बरामद हुआ। शंभू थाना पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ ह्रष्ठक्क्स् एक्ट के तहत अलग-अलग केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि बरामद चूरा पोस्त कहां से लाया गया था और इसे आगे किस जगह सप्लाई किया जाना था।

# तख्त पटना साहिब रेलवे काउंटर पर श्रद्धालुओं से दुर्व्यवहार करने वालों पर होगी कार्यवाई - लखविन्दर सिंह

**यमुनानगर/ पटना 20 जून ( जगजीत सिंह )** तख्त श्री हरिमन्दिर जी पटना साहिब में चलने वाले रेलवे टिकट काउंटर पर कुछ दलालों के द्वारा तत्काल टिकट बुकिंग को लेकर ना सिर्फ झगड़ा किया गया था बल्कि सिख श्रृद्धालु की पगड़ी पर भी हाथ डाला गया था जिसे लेकर



सिख समुदाय में काफी रोष देखा जा रहा था। प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, महासचिव इन्द्रजीत सिंह सहित समुची कमेटी के द्वारा इस सम्बन्ध में रेलवे प्रषासन को पत्र लिखकर कार्यवाई करने की अपील की गई थी।आज इसी सम्ब्न्ध में प्रबन्धक कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सह बिहार अल्पसंख्यक आयोग वाईस चेयरमैन लखविन्दर सिंह लख्खा, महासचिव इन्द्रजीत सिंह के द्वारा रेलवे काउंटर का निरीक्षण कर अधिकारियों से सारी घटना का जायजा लिया, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोषी दलालों की पहचान कर प्राथमिकी दर्ज करवाने और पुलिस प्रषासन से उनके खिलाफ बनती कार्यवाई की मांग की गई है। इसके साथ ही गुरुद्वारा परिसर में तैनात पुलिस बल को टिकट काउंटर के समीप भी एक सिपाही तैनात करने की मांग की गई है ताकि भविष्य में इस तरह की घटना दोबार ना हो सके ।इससे पूर्व अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही के द्वारा जानकारी दी गई थी कि रेलवे अधिकारियों से टिकट काउंटर को बाहर से बंद करके गुरुद्वारा परिसर के अन्दर से खोला जाए ताकि इसका लाभ केवल श्रृद्धालुओं को हो सके जिनकी सुविधा हेतु रेलवे के द्वारा गुरुद्वारा परिसर में टिकट काउंटर खोला गया था।

# चुनाव तहसीलदार ने किया घर-घर सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण

*गणना प्रपत्र का वितरण और सत्यापन कार्य जारी, कोई भी पात्र मतदाता वोट से न छूटे*



**घरौंडा, 20 जून ( नरेन्द्र लाठर ) :** चुनाव तहसीलदार सुदेश राणा ने घरौंडा विधानसभा क्षेत्र में चलाए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत बूथ नम्बर-234 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा किए जा रहे घर-घर सर्वेक्षण (डोर-टू-डोर सर्वे) और गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) वितरण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय मतदाताओं से भी सीधा संवाद कर इस अभियान के संबंध में उनका फीडबैक प्राप्त किया। निरीक्षण के दौरान चुनाव तहसीलदार ने कहा कि जिले में मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया चल रही है। हमारा मुख्य लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि जिले में एक भी पात्र मतदाता वोट बनने से न छूटे। इसी कड़ी में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर एन्यूमरेशन फॉर्म वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में प्रशासन का पूर्ण सहयोग करें ताकि कोई भी योग्य नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि बीएलओ घर-घर जाकर व्यक्तिगत रूप से सत्यापन का कार्य कर रहे हैं। इस एन्यूमरेशन फॉर्म के माध्यम से योग्य नागरिकों का डाटा एकत्र किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कोई भी वैध पहचान दस्तावेज दिखाकर नागरिक आसानी से अपना सत्यापन करवा सकते हैं। यह बेहद सरल और पारदर्शी प्रक्रिया है, जिसमें सभी की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि जब भी बीएलओ उनके घर आएं, उन्हें आवश्यक और सही जानकारी उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही प्राप्त गणना प्रपत्रों को निर्धारित समयावधि के भीतर भरकर जमा करवाएं, ताकि निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्य को सफलतापूर्वक और समय पर संपन्न किया जा सके।

# आयुर्वेदिक विभाग द्वारा विश्व योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह आज




संगरूर, 20 जून ( मोहन शर्मा ) - पंजाब सरकार की स्वास्थ्य नीति के अनुसार तथा मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को समर्पित जिला स्तरीय समारोह 21 जून को आयोजित करने की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह के दिशा-निर्देशों के अनुसार आयुर्वेदिक विभाग पंजाब द्वारा विशेष प्रबंध किए गए हैं। पूरे कार्यक्रम की निगरानी एवं मार्गदर्शन आयुर्वेदिक विभाग पंजाब के निदेशक डॉ. रमन खन्ना द्वारा किया जा रहा है। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सीमा जैन के नेतृत्व में इस जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह के लिए विशेष व्यवस्थाएँ की गई हैं ।सीनियर फिजीशियन डॉ. कुलविंदर शर्मा ने बताया कि यह समारोह स्थानीय पटियाला गेट स्थित मंदिर माता श्री काली देवी जी में सुबह 7 बजे से शुरू होगा। इसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, आयुर्वेदिक विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, स्थानीय प्रशासन, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में आम जनता भाग लेगी ।इस अवसर पर विधायक श्रीमती नरिंदर कौर भराज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी, जबकि समारोह की अध्यक्षता डिप्टी कमिश्नर श्रीमती पूनमदीप कौर करेंगी।

# स्वस्थ, निरोग और संतुलित जीवन जीने की जीवनशैली है योग : सुभाष गुप्ता

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर इको सिटी पार्क में तीन दिवसीय विशेष योग शिविर का शुभारंभ**




**तरावड़ी, 20 जून ( छाया शर्मा ):** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मेरा मिशन स्वस्थ भारत एवं भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी के संयुक्त तत्वावधान में इको सिटी पार्क तरावड़ी में तीन दिवसीय विशेष योग शिविर का भव्य शुभारंभ किया गया। शिविर में शहर के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों, युवाओं एवं महिलाओं ने भाग लेकर योगाभ्यास किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री हँस राइस मिल के सीएमडी प्रदीप गुप्ता ने की। मुख्य अतिथियों के रूप में नपा चेयरमेन वीरेंद्र, मार्केट कमेटी के वाईस चेयरमेन राजीव नारंग ओर अनाज मंडी प्रधान सुभाष गुप्ता उपस्थित रहे। नई अनाज मंडी के प्रधान सुभाष गुप्ता ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, निरोग और संतुलित जीवन जीने की जीवनशैली है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाए तो अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है और समाज स्वस्थ एवं सशक्त बन सकता है। उन्होंने लोगों से नियमित योग करने का आह्वान किया। शिविर में अनुभवी योग शिक्षक मनोज कामरा ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। उन्होंने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी देते हुए सभी से नियमित योग करने की अपील की। उन्होंने बताया कि इको सिटी पार्क, तरावड़ी में प्रतिदिन प्रात 5 बजे से 7 बजे तक मेरा मिशन स्वस्थ भारत के तहत नि:शुल्क योग कक्षाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें कोई भी व्यक्ति शामिल होकर लाभ उठा सकता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने आयोजकों के इस जनहितकारी प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर मनोज कामरा, विजय सिंगला, विपिन छाबड़ा, तरुण बंसल, मुकेश गर्ग, प्रवीण गुप्ता, अंजू बंसल समेत अनेक गणमान्य नागरिक एवं योग साधक मौजूद रहे। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक लोगों से योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की।

# संक्षिप्त समाचार

## गुरुद्वारा साहिब में गुटका साहिब की बेअदबी, बिहार की महिला गिरफ्तार

जालंधर 20 जून (निस) जालंधर में बेअदबी की बड़ी घटना सामने आई है। मामला जिले के गांव सगवाल में स्थित श्री गुरु रविदास गुरुद्वारा का है। इस बेअदबी की घटना को लेकर लोगों में भारी रोष पाया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई। मामले की जानकारी देते हुए गांव की सरपंच प्रवीण कुमारी ने कहा कि महिला द्वारा घटना को अंजाम दिया गया। बताया जा रहा है कि महिला शोर मचाते हुए गुरुद्वारा साहिब में घुसी और उसने गुटका साहिब के अंगों को फाड़ दिया। इस दौरान गुरुद्वारा साहिब में बच्चे मौजूद थे। महिला द्वारा की गई हरकत देख बच्चे मौके से भाग गए। वहीं महिला द्वारा जमकर हंगामा किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने हेड ग्रंथी के बयानों पर महिला के खिलाफ केस दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया। महिला की पहचान राधिका के रूप में हुई जोकि बिहार की रहने वाली है और और वो झारखंड की भाषा बोल रही थी। मिली जानकारी के अनुसार घटना के दौरान गुरुद्वारा साहिब में कोई कमेटी मेंबर मौजूद नहीं था। इस संबंधी जानकारी देते हुए प्रवीण कुमारी ने कहा कि महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं लग रही थी। वह पहले गली में तालियां बजाकर भांगड़ा डाल रही थी। इस दौरान वह एक घर में चली गई फिर घर से बाहर निकलकर वह गुरुद्वारा साहिब में चली गई। घटना के दौरान गुरुद्वारा साहिब में बच्चे पाठ कर रहे थे। महिला की हरकत देखकर बच्चे गुरुद्वारा साहिब से भाग गए। इस दौरान गुरुद्वारा साहिब में गुटका साहिब के अंग महिला द्वारा फाड़ दिए गए।

## मोटरसाइकिल सवारों ने घर में घुसकर की फायरिंग, महिला घायल

जालंधर 20 जून (निस) पंजाब में फायरिंग की वारदातें कम नहीं हो रही हैं। इसी बीच जालंधर में एक बार फिर फायरिंग की घटना सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार, शाहकोट के पास गांव संधावाल मंड में मोटरसाइकिल पर सवाह कोर आए हथियारबंद लोगों ने घर में घुसकर फायरिंग की, जिसमें पैर में गोली लगने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। गांव संधावाल मंड के रहने वाले जसवंत सिंह की पत्नी बचन कौर ने बताया कि उनके घर के पास रहने वाले कुछ युवक ड्रग स्मगलिंग में शामिल हैं और उनके घर के बाहर खुलेआम ड्रग्स बेचते हैं, जिसका हमने विरोध किया था। महिला ने बताया कि, उन युवकों ने हमारे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। गत दिन मोटरसाइकिल सवार 3 युवक, जिनके चेहरे ढके हुए थे, हमारे घर में घुस आए।महिला ने आगे बताया कि, इस दौरान मेरी बेटी गुरजीत कौर पत्नी कुलवंत सिंह निवासी गांव रामपुर हमसे मिलने आई थी और किचन में काम कर रही थी। युवकों को देखकर मेरी बेटी किचन से बाहर निकली, तभी युवकों ने उस पर गोली चला दी, जो उसके दाहिने पैर में लगी और वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

## 24 वर्षीय युवक रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता, नहर किनारे मिली मोटरसाइकिल

बटाला 20 जून (निस) गांव अरलीभन्न के रहने वाले पवन कुमार पुत्र तरसेम लाल ने बताया कि उनके भाई राज कुमार (24), जिसे उनका जीजा सुजानपुर में काम दिलाने हेतु अपने साथ ले गया था, जहां उसके उक्त भाई ने कुछ दिनों तक एक पैलेस में काम किया और फिर वह अपने जीजा के साथ रहने लगा।उसने बताया कि वह अक्सर उन्हें घर पर फोन करता था और जब कुछ दिनों तक फोन नहीं आया, तो उन्होंने अपने जीजा के पास जाकर उसके बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि वह यहां से चला गया है। पवन कुमार ने आगे बताया कि इसके बाद उन्हें 11 जून को सरना नहर के किनारे राज कुमार के कपड़े और मोटरसाइकिल मिला, लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली।इस सबके चलते उन्होंने तुरंत इस बार में सुजानपुर पुलिस स्टेशन में पुलिस को लिखित दरख्वास्त दी।

# उत्तराखंड सरकार सिख यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करे-हरमीत सिंह कालका



नई दिल्ली, 20 जून (निस) दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका ने हाल ही में उत्तराखंड के कर्णप्रयाग में श्री हेमकुंट साहिब यात्रा के दौरान हुई घटना और उसके बाद उत्तराखंड पुलिस द्वारा अपनाए गए रवैये की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि सिख नौजवानों को निशाना बनाना और उनके आत्मरक्षा के अधिकार को अपराध के रूप में प्रस्तुत करना अत्यंत दुखद और चिंताजनक है। आज यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कालका ने कहा कि जब कुछ शरारती तत्वों द्वारा गुरसिख नौजवानों पर हमला किया गया, तब उन्होंने अपनी जान और सम्मान की रक्षा के लिए कृपाण का उपयोग किया, जो प्रत्येक अमृतधारी सिख का संवैधानिक और धार्मिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा और आक्रामकता के बीच अंतर समझना पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी होती है, लेकिन दुर्भाग्यवश उत्तराखंड पुलिस इस मामले में पूरी तरह विफल साबित हुई है। कालका ने आरोप लगाया कि गिरफ्तार किए गए सिख नौजवानों के साथ पुलिस द्वारा अत्याचार किया गया। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल चार नौजवानों का नहीं है, बल्कि पूरे देश के सिख यात्रियों की सुरक्षा और सम्मान से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, राज्य के डीजीपी और राज्यपाल को पत्र लिखकर निष्पक्ष जांच की मांग की गई है तथा हेमकुंट साहिब यात्रा के दौरान सिख यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही उत्तराखंड का दौरा करेगा।

# नीलोखेड़ी के रोबिन सोही मुंबई में प्रतिभा का दम दिखा रहे मनोरंजन जगत में बना रहे मजबूत पहचान

**नीलोखेड़ी, 20 जून ( संदीप कुमार ):** मुंबई सपनों की नगरी मुंबई में हर दिन हजारों युवा अभिनेता अपनी पहचान बनाने के लिए संघर्ष करते हैं, लेकिन उनमें से कुछ ही अपनी मेहनत, प्रतिभा और समर्पण के बल पर अलग मुकाम हासिल कर पाते हैं। ऐसे ही उभरते कलाकारों में रोबिन सोही का नाम तेजी से चर्चा में आ रहा है, जिन्होंने अपनी मेहनत और अभिनय क्षमता के दम पर मनोरंजन जगत में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। रोबिन सोही ने अपने करियर की शुरुआत बड़े सपनों और दृढ़ संकल्प के साथ की थी। लगातार मेहनत, अनुशासन और कला के प्रति समर्पण ने उन्हें आज उस मुकाम तक पहुंचाया है, जहां वे इंडस्ट्री के लोगों और दर्शकों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। उनकी स्क्रीन प्रेजेंस, आत्मविश्वास और सकारात्मक व्यक्तित्व उन्हें अन्य कलाकारों से अलग पहचान दिलाता है। रोबिन का मानना है कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर सीखना, खुद को बेहतर बनाना और हर अवसर का सही उपयोग करना ही सफलता की कुंजी है। यही सोच उन्हें लगातार आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। वे अभिनय के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों और युवाओं को प्रेरित करने वाले कार्यों में भी रुचि रखते हैं। मनोरंजन जगत के जानकारों का मानना है कि रोबिन सोही में वह क्षमता है जो उन्हें आने वाले वर्षों में बड़ी उपलब्धियां दिला सकती है। उनके प्रशंसकों की संख्या लगातार बढ़ रही है और लोग उनके नए प्रोजेक्ट्स का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मुंबई में अपनी मेहनत और लगन से मजबूत पकड़ बना चुके रोबिन सोही आने वाले समय में मनोरंजन जगत के एक प्रमुख चेहरे के रूप में उभर सकते हैं। उनका सफर उन युवाओं के लिए प्रेरणा है जो बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने का साहस रखते है।

# बाबा हरबंस सिंह की नि:स्वार्थ सेवा को समर्पित विशेष समागम बीस जून को-कालका



नई दिल्ली, 20 जून (निस)दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका ने बताया कि नि:स्वार्थ सेवा, त्याग और समर्पण के प्रतीक पंथ रत्न जत्थेदार बाबा हरबंस सिंह जी कार सेवा वालों की संस्था को दिल्ली के ऐतिहासिक गुरुद्वारों की पवित्र कार सेवा सौंपे जाने के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर को समर्पित एक विशेष गुरमत समागम शनिवार, 20 जून 2026 को गुरुद्वारा श्री बंगला साहिब, नई दिल्ली में सायं 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक श्रद्धा एवं सम्मान के साथ आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस पावन समागम के दौरान गुरु घर के प्रसिद्ध रागी जत्थे गुरबाणी के दिव्य कीर्तन के माध्यम से संगत को गुरु चरणों से जोड़ेंगे। उन्होंने आगे बताया कि समागम में भाई चमनजीत सिंह जी दिल्ली वाले, भाई जगतार सिंह जी हजूरी रागी श्री हरिमंदिर साहिब तथा भाई गुरदेव सिंह जी कोहाड़का, हजूरी रागी श्री हरिमंदिर साहिब, अपनी हाजिरी भरेंगे और गुरबाणी कीर्तन के माध्यम से संगत को निहाल करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि समागम का सीधा प्रसारण (लाइव टेलीकास्ट) दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की वेबसाइट, फेसबुक पेज, यूट्यूब चैनल डीएसजीएमसी, चढ़दी कला टाइम टीवी, जीएसबीएस लाइव, अकाल सहाय गुरबाणी, परम सिख इतिहास, अमृत रस लाइव तथा सिखी चैनल के माध्यम से किया जाएगा, ताकि देश-विदेश में निवास कर रही संगत भी इस पावन समागम से जुड़ सके।

सरदार हरमीत सिंह कालका ने समस्त संगत से इस विशेष गुरमत समागम में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि यह समागम बाबा हरबंस सिंह जी की नि:स्वार्थ सेवा, पंथ के प्रति उनके समर्पण तथा उनके ऐतिहासिक एवं अमूल्य योगदान को नमन करने का एक सुनहरा अवसर है।

# सफीदों नगरपालिका विस्तार की तैयारी तेज

*पालिका से नगर परिषद बनने की हुई संभावनाएं*

**सफीदों, 20 जून ( एस.के.मित्तल ):** हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय विभाग की ओर से सफीदों शहर के विकास को नई दिशा देने की तैयारी शुरू हो गई है। लंबे समय से सीमित दायरे में सिमटी सफीदों नगरपालिका की सीमाओं के विस्तार की योजना पर काम किया जा रहा है। यदि यह योजना साकार होती है, तो न केवल शहर का भौगोलिक विस्तार होगा, बल्कि इसे नगर परिषद का दर्जा मिलने की राह भी आसान हो जाएगी। विभागीय सूत्रों के अनुसार, प्रस्तावित योजना के तहत नगरपालिका की सीमाओं का विस्तार चार प्रमुख मार्गों सफीदों-जींद रोड, सफीदों-गोहाना रोड, सफीदों-पानीपत रोड और सफीदों-असंध रोड के साथ किया जाएगा। इस विस्तार में आसपास के कई गांवों और उनके क्षेत्र शामिल किए जाने की संभावना है, जिससे शहर का दायरा काफी बढ़ जाएगा। गौरतलब है कि सफीदों नगरपालिका की सीमाएं लंबे समय से केवल मुख्य बाजार और आसपास के क्षेत्रों तक सीमित हैं। सीमित दायरे के कारण यहां की जनसंख्या कम दर्ज होती है, जिसके चलते वार्डों की संख्या भी सीमित है। यही वजह है कि अब तक सफीदों को नगर परिषद का दर्जा नहीं मिल पाया। विशेषज्ञों का मानना है कि सीमाओं के विस्तार से शहर की जनसंख्या में वृद्धि होगी, जिससे वार्डों की संख्या बढ़ेगी और नगर परिषद का दर्जा मिलने की संभावना मजबूत होगी। नगर परिषद बनने से शहर को अधिक बजट, बेहतर योजनाएं और व्यापक विकास कार्यों का लाभ मिल सकेगा। इसके अलावा, नगरपालिका के दायरे में आने से इन क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं जैसे सड़क, सीवरेज, पानी, स्ट्रीट लाइट और सफाई व्यवस्था में सुधार होगा। इससे न केवल जीवन स्तर बेहतर होगा, बल्कि निवेशकों की रुचि भी बढ़ेगी। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह कदम सफीदों के समग्र विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यह पहल प्रशासनिक ढांचे के साथ-साथ आर्थिक और शहरी विकास को भी गति दे सकती है।

**क्या कहते हैं पालिका सचिव :** पालिका सचिव आशीष कुमार ने बताया कि विभाग की ओर से सीमाओं के विस्तार के निर्देश प्राप्त हुए हैं। हालांकि, इस प्रक्रिया को शुरू करने से पहले विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य पूरा होना जरूरी है। एसआईआर पूरा होते ही विस्तार की औपचारिक प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को यादगार बनाने के लिए अनाज मंडी में फाइनल रिहर्सल



**पिहोवा, 20 जून ( विवेक ):** खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी विवेक ने कहा कि 12वें अंतरराष्ट्रीय योग को भव्यता से मनाया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मनाने के लिए प्रशासन द्वारा अनाजमंडी में अभ्यास करवाया जा रहा है। इसके चलते शनिवार को फाइनल रिहर्सल अनाज मंडी पिहोवा में सम्पन्न हुई, जिसमें योग विशेषज्ञों द्वारा योग का अभ्यास करवाया गया। खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी विवेक ने कहा कि शनिवार को योग अभ्यास के फाइनल रिहर्सल पिहोवा अनाज मंडी के प्रांगण में विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों आमजन सहित कई संस्थाओं ने भी हिस्सा लिया। इसके अतिरिक्त विभिन्न स्कूली बच्चों ने भी योग अभ्यास में हिस्सा लिया तथा योगा अभ्यास किया। फाइनल रिहर्सल में पिहोवा मार्किट कमेटी सचिव चन्द्र सिंह ने आए हुए सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों और संस्थाओं का अभिवादन किया। योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा इसके लिए फाइनल रिहर्सल पिहोवा अनाज मंडी के प्रांगण में किया गया ताकि 21 जून को योग दिवस भव्य रूप से मनाया जा सके। खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी विवेक ने कहा कि मानव शरीर में शारीरिक रोगो से लडने् और मानसिक तनाव को दूर करने में योग अत्याधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। योग हमारी भारतीय प्राचीन पद्धति है, परंतु अब योग का प्रसार पूरे विश्व में फैल चुका है। इसी तर्ज पर हर वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है, जिसमें पूरा विश्व एक होकर योग करता है तथा अपनी जीवन शैली को दुरुस्त करता है।

# हरियाणा लोकभवन में भव्य रूप से मनाया गया पश्चिम बंगाल स्थापना दिवस

## राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष और फर्स्ट लेडी मित्रा घोष रही मौजूद



**चंडीगढ़, 20 जून ( डॉ. के.के संधू ):** हरियाणा लोक भवन में आज पश्चिम बंगाल स्थापना दिवस बड़े उत्साह, गरिमा और सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष, फर्स्ट लेडी मित्रा घोष, पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, उनकी धर्मपत्नी सुमन सैनी तथा हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र सिंह कल्याण एवं उनकी धर्मपत्नी रेशमा कल्याण, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने सभी उपस्थित जनों को पश्चिम बंगाल स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल केवल एक राज्य नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक चेतना का एक सशक्त केंद्र रहा है। पश्चिम बंगाल के लोग अपनी समृद्ध विरासत, परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों को अपने हृदय में संजोए रखते हैं। राज्यपाल ने कहा कि बंगाल ने भारत के पुनर्जागरण में केवल भाग ही नहीं लिया, बल्कि उसका नेतृत्व भी किया। समाज सुधार, शिक्षा, साहित्य, कला, विज्ञान और स्वतंत्रता संग्राम के क्षेत्र में पश्चिम बंगाल का योगदान अतुलनीय रहा है। उन्होंने कहा कि इस भूमि ने ऐसे महान व्यक्तित्व दिए, जिन्होंने न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व को नई दिशा प्रदान की। राज्यपाल प्रो असीम कुमार घोष ने कहा कि पश्चिम बंगाल अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, साहित्य, संगीत, कला, हस्तशिल्प और लोक परंपराओं के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि विविधताओं से भरे भारत की शक्ति उसकी सांस्कृतिक एकता में निहित है और ऐसे आयोजन एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को और अधिक सुदृढ़ बनाते हैं। इससे पहले समारोह को संबोधित करते हुए पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने पश्चिम बंगाल स्थापना दिवस के अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों के स्थापना दिवस मनाने की परिकल्पना का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है, जिन्होंने 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को सशक्त बनाने के लिए इस अभिनव पहल की शुरुआत की। इस पहल के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति, परंपराओं, भाषा, कला और विरासत को जानने एवं समझने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने देश के सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक और राष्ट्रीय जीवन को समृद्ध बनाने में पश्चिम बंगाल के महत्वपूर्ण योगदान पर भी प्रकाश डाला।

**पश्चिम बंगाल ने भारत के नवजागरण का नेतृत्व किया :** मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने पश्चिम बंगाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह केवल एक उत्सव का अवसर नहीं है, बल्कि उस महान भूमि को नमन करने का दिन है जिसने भारत को सोचना सिखाया, जागना सिखाया और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करना सिखाया। उन्होंने कहा कि यही वह भूमि है गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर दिए जिनके शब्दों ने राष्ट्र की आत्मा को जगाया। जिसने स्वामी विवेकानंद जैसे महान संत को जन्म दिया, जिनके ओजस्वी विचारों और ऐतिहासिक संबोधन ने पूरी दुनिया में भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। यही वह भूमि है जिसने नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे अद्वितीय स्वतंत्रता सेनानी दिए, जिनका आह्वान तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। आज भी देशवासियों के हृदय में राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार करता है। उन्होंने कहा कि श्री रामकृष्ण परमहंस दिए जिनकी कृपा से बंगाल अध्यात्म की राजधानी बना। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल ने भारत के नवजागरण में केवल भागीदारी ही नहीं की, बल्कि उसका नेतृत्व भी किया। साहित्य, कला, शिक्षा, समाज सुधार और स्वतंत्रता आंदोलन के क्षेत्र में पश्चिम बंगाल का योगदान अतुलनीय रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी दृष्टि से नई ऊंचाइयों को छू रहा है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि पश्चिम बंगाल, जिसकी पहचान समृद्ध बौद्धिक विरासत, ऊर्जावान युवा शक्ति, रणनीतिक भौगोलिक स्थिति और सांस्कृतिक समृद्धि से है, 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत-2047' के संकल्प को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि बंगाल 'पूर्वोदय' का केंद्र बने और पूर्वी भारत के विकास का इंजन बने। यह सपना तभी साकार होगा जब हम अपनी पारंपरिक शक्तियों को नवाचार, उद्यमशीलता और नई सोच के साथ जोड़ते हुए विकास की नई संभावनाओं को साकार करेंगे। समारोह के दौरान पश्चिम बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करते हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मिष्टी अड्डा के कलाकारों एवं पंडित सुभाष घोष की टीम ने पारंपरिक लोकनृत्य, संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से पश्चिम बंगाल की गौरवशाली संस्कृति की झलक पेश की, जिसकी उपस्थित अतिथियों ने सराहना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सौरभ सिंह, राज्यपाल के सचिव विजयकुमार भाविकट्टी, राज्यपाल के परिसहाय धीरज सेतिया सहित अनेक गणमान्य मौजूद रहे।

## डीसी ने नीट परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, प्रबंधों का लिया जायजा

**करनाल, 20 जून ( मीनाक्षी देवी ):** डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने 21 जून, रविवार को आयोजित की जाने वाली नीट परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर शनिवार को परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और



प्रबंधों का जायजा लिया। डीसी ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रेम नगर, पीएम श्री राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल (लडके) प्रेम नगर, राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेलवे रोड का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों में पीने के पानी, बिजली, शौचालय, जरनेटर आदि सुविधाओं का जायजा लिया। सभी जगह व्यवस्थाएं सुचारू पाई गईं। इस दौरान परीक्षा के नोडल अधिकारी एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा उनके साथ मौजूद रहे।

**ये बनाए गए परीक्षा केन्द्र :** डीसी आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि नीट परीक्षा 2026 के रि एग्जाम के लिए जिला में 8 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। इनमें 2708 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा केन्द्र पंडित चरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय, सेक्टर 14 में 600 परीक्षार्थी, राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेलवे रोड़ में 360 परीक्षार्थी, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रेम नगर में 360 परीक्षार्थी, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय(लडके) में 360 परीक्षार्थी, पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय करनाल में 356 परीक्षार्थी, पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सग्गा में 264 परीक्षार्थी, महिला राजकीय महाविद्यालय रेलवे रोड़ में 240 परीक्षार्थी, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय(लडके) प्रेम नगर में 168 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

# जापान में गीता ज्ञान की अलख, अंतरराष्ट्रीय मंच पर बढ़ी भारत की सांस्कृतिक प्रतिष्ठा

## जापान के गणमान्य जनों को भेंट की गई श्रीमद्भगवद्गीता, जन-जन तक गीता संदेश पहुंचाने का आह्वान



**करनाल, 20 जून ( संदीप रोहिला ):** जापान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2026 के दौरान भारतीय संस्कृति और सनातन ज्ञान की अमूल्य धरोहर श्रीमद्भगवद्गीता का संदेश वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों को छूता दिखाई दे रहा है। इसी क्रम में महोत्सव के अंतर्गत गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद के प्रेरक मार्गदर्शन में भारतीय उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मिडोरी नेट नारा जापान के पूर्व चेयरमैन एवं अध्यक्ष नोबुआकी ओकुनो को पवित्र श्रीमद्भगवद्गीता भेंट कर भारतीय आध्यात्मिक विरासत से परिचित कराया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज सेतिया, हरियाणा सरकार के पर्यटन, उद्योग एवं जनसंपर्क विभाग के आयुक्त एवं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य सचिव डॉ. अमित अग्रवाल, पूंडरी के विधायक सतपाल जांबा, पंचकूला के महापौर श्याम लाल बंसल, करनाल की महापौर रेणु बाला गुप्ता, करनाल भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक गुज्जर, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। इस दौरान गीता के सार्वभौमिक संदेश की सराहना करते हुए नोबुआकी ओकुनो ने कहा कि गीता केवल भारत ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता की धरोहर है। उन्होंने गीता ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए इस वैश्विक अभियान को आगे बढ़ाने में पूर्ण सहयोग और समर्थन देने का विश्वास जताया। उल्लेखनीय है कि इन दिनों गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द महाराज के पावन सान्निध्य में भारत से पहुंचे 160 श्रद्धालुओं का प्रतिनिधिमंडल टोक्यो, ओसाका और क्योटो में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में सहभागिता कर रहा है। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड एवं जीओ गीता के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह महोत्सव विश्व समुदाय तक गीता के शाश्वत संदेश को पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रहा है। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती मेला प्राधिकरण के सदस्य विजय नरूला, जापान आयोजन समिति के सदस्य अजय नरूला, विनय तथा हरीश पाल भी उपस्थित रहे। युकियो हातोयामा ने इस वर्ष दिसंबर में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान पत्नी सहित कुरुक्षेत्र आने की इच्छा व्यक्त की। डॉ. अमित अग्रवाल ने बताया कि भारत-जापान मैत्रीपूर्ण संबंधों के विस्तार में गीता महोत्सव का विशेष महत्व है। मॉरीशस, इंग्लैंड, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका और इंडोनेशिया के बाद जापान में आयोजित महोत्सव विश्व स्तर पर सांस्कृतिक संवाद का महत्वपूर्ण मंच बन चुका है।

**अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि विश्व मानवता को जोड़ने का अभियान :** अपने प्रेरक उद्बोधन में स्वामी ज्ञानानन्द महाराज ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि विश्व मानवता को जोड़ने का अभियान है। श्रीमद्भगवद्गीता का संदेश भौगोलिक सीमाओं, भाषाओं और संस्कृतियों से परे जाकर मानव जीवन को कर्तव्य, आत्मसंयम, करुणा और विश्व बंधुत्व की दिशा प्रदान करता है। आज जब विश्व अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब गीता ज्ञान शांति, संतुलन और सकारात्मक जीवन दृष्टि का सबसे प्रभावी मार्ग प्रस्तुत करता है।

**महापौर रेणु बाला गुप्ता एवं भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता कर रहे सक्रिय सहभागिता :** महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि जापान में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन भारतीय संस्कृति और सनातन दर्शन की वैश्विक स्वीकार्यता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गीता मानव जीवन को सकारात्मक दिशा देने वाली अमूल्य धरोहर है और ऐसे आयोजन भारत की सांस्कृतिक पहचान को विश्व पटल पर और अधिक सशक्त बनाते हैं। उन्होंने इसे करनाल एवं हरियाणा के लिए भी गौरव का विषय बताया। भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता ने कहा कि गीता का कर्मयोग आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना हजारों वर्ष पूर्व था। स्वामी ज्ञानानन्द महाराज के नेतृत्व में यह महोत्सव विश्व समुदाय को भारतीय आध्यात्मिक विरासत से जोड़ने का सशक्त माध्यम बन रहा है। वहीं, इससे पूर्व महोत्सव के दौरान गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द के नेतृत्व में हरियाणा सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने जापान की हाउस ऑफ काउंसिलर्स के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के विभाग के महानिदेशक मोरी कोकुदो को भी श्रीमद्भगवद्गीता भेंट की। मोरी कोकुदो ने कहा कि आध्यात्मिक साहित्य विश्व में शांति, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने का प्रभावी माध्यम है। इसके अतिरिक्त कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के प्रतिनिधिमंडल ने जापान के पूर्व प्रधानमंत्री युकियो हातोयामा से भी मुलाकात कर उन्हें श्रीमद्भगवद्गीता भेंट की।

**दृढ़ होगी भारत-जापान मित्रता :** उल्लेखनीय है कि 23 जून तक चलने वाले महोत्सव के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय गीता सेमीनार, योग दिवस कार्यक्रम, गीता यज्ञ, गीता शोभायात्रा, ओसाका में विशेष सांस्कृतिक आयोजन तथा ओटानी यूनिवर्सिटी में गीता आधारित विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें जापान के राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक जगत की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिल रही है, जो गीता के वैश्विक प्रभाव और भारत-जापान मैत्री की नई ऊंचाइयों का प्रतीक है।

# साहित्यकार डॉ. भारत भूषण वर्मा को मिला विद्या वाचस्पति सम्मान

**असंध, 20 जून ( दलसिह मान ):** नगर के प्रतिष्ठित साहित्यकार



एवं संस्कृत प्राध्यापक डॉ. भारत भूषण वर्मा विद्या वाचस्पति सम्मान से सम्मानित हुए हैं । इस संदर्भ में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि काशी हिंदी विद्यापीठ वाराणसी के द्वारा उनके शैक्षणिक उपलब्धि के साथ-साथ उनकी साहित्यिक सामाजिक ,ज्योतिषीय ज्ञान एवं उपलब्धियों के आधार पर उनका चयन पीएचडी के समतुल्य %विद्या वाचस्पति% मानद उपाधि सम्मान के लिए हुआ । उन्हें यह उपाधि-परक सम्मान महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में स्थित पालि-प्राकृत संस्कृत एवं हिंदी भाषा विभाग के सभागार में दिया गया है । कवि भारत भूषण वर्मा साहित्यिक क्षेत्र में पिछले 18 वर्षों से उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं । ज्योतिष विज्ञान में भी उनकी उपलब्धियां उल्लेखनीय है तथा समय-समय पर अनेक सम्मानों से सम्मानित हो चुके हैं ।

# प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व के कारण विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना भारत:कैलाश सैनी

### मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने बाबैन में जन कल्याण शिविर का किया शुभारंभ



**बाबैन, 20 जून ( राजेश कुमार ):** मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से आर्थिक विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा और सांस्कृतिक गौरव को मजबूत करने का संकल्प लिया था जो अब पूरा होता नजर आ रहा है। पिछले 12 वर्षों में इन सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं, जिनका परिणाम आज पूरे देश के सामने है। वर्ष 2014 में भारत विश्व की अर्थव्यवस्थाओं में 11वें स्थान पर था, जबकि आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही तीसरे स्थान पर पहुंचने की ओर अग्रसर है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, मजबूत आर्थिक नीतियों और देशवासियों के सहयोग का परिणाम है। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी शुक्रवार को बाबैन के किसान विश्राम गृह में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर आयोजित जन कल्याण शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर बोल रहे थे। उन्होंने जन कल्याण शिविर का उद्घाटन किया। इसके उपरांत प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी हासिल की। प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर कार्य कर रही हैं तथा आने वाले वर्षों में भारत विश्व के अग्रणी देशों में अपनी मजबूत पहचान स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सरकारी नीतियों व जनकल्याणकारी योजनाओं पर जन कल्याण शिविर में बोल रहे थे। प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में भी भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है। पहले देश अपनी रक्षा आवश्यकताओं के लिए बड़े पैमाने पर विदेशों पर निर्भर था, लेकिन आज मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत भारत रक्षा उपकरणों और सैन्य तकनीक के निर्माण में आत्मनिर्भर बन रहा है। देश में निर्मित रक्षा उपकरणों का निर्यात भी लगातार बढ़ रहा है, जिससे भारत की वैश्विक पहचान और मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत अभियान और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस मौके पर नायब तहसीलदार गीता राम, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, चेयरमैन जसविंदर जस्सी, सचिव गुरमीत सैनी, सरपंच संजीव सिंगला गोल्डी, सरपंच जसबीर पुनिया, भीम बेरथला, रिंकू कश्यप, गुरविंदर सिंह सोनू, बख्तावर सिंह, गुरदेव सिंह लखमडी, रिंकू शर्मा, सुखजोत कपूर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।